राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 12 अंक: 218 पृष्ठ: 12

RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com | हिमाचल संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ छात्रों से संवाद करते हुए।

## फास्ट न्यूज

### रॉबर्ट वाड्रा की अग्रिम जमानत रद्द करने की याचिका पर सुनवाई टली

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में रॉबर्ट वाड्रा को मिली अग्रिम जमानत रद्द करने की मांग करने वाली ईडी की याचिका पर सुनवाई टाल दी है। इस मामले पर अगली सुनवाई सितंबर में होगी। सुनवाई के दौरान ईडी ने कहा कि वाड्रा जमानत की शर्तों का पालन नहीं कर रहे हैं। उसके बाद हाई कोर्ट ने ईडी को अतिरिक्त हलफनामा दाखिल करने के लिए दो हफ्ते का समय दे दिया। 26 सितंबर 2019 को सुनवाई के दौरान ईडी ने हाईकोर्ट से कहा था कि वाड्रा की हिरासत में लेकर पूछताछ की जरूरत है क्योंकि मनी ट्रेल सीधे-सीधे वाड्रा से जुड़ा हुआ है। ईडी ने कहा था कि वाड्रा जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं। ईडी की इस दलील का वाड्रा ने विरोध करते हुए कहा था कि ईडी ने जब भी समन जारी किया है वे जांच में शामिल हुए हैं। ईडी ने जो भी सवाल पूछा है उसका जवाब दिया गया है। वाड्रा के वकील ने कहा था कि आरोप स्वीकार नहीं करने का ये मतलब नहीं होता है कि आरोपित असहयोग कर रहा है। 24 सितंबर 2020 को वाड्रा ईडी की याचिका पर अपना जवाबी हलफनामा दायर कर ईडी की याचिका का विरोध करते हुए कहा था कि साक्ष्यों के साथ छेड़छाड़ की कोई आशंका नहीं है क्योंकि ईडी ने उनसे सभी दस्तावेज जब्त कर लिए हैं। वाड्रा ने कहा था कि उनके खिलाफ कोई साक्ष्य नहीं हैं। बिना समन जारी किए ही वे ईडी के समक्ष पेश हो गए। उनकी विदेश में कोई संपत्ति नहीं है और न ही उन्होंने किसी डील में कोई रिश्वत ली है। ईडी ने उनके खिलाफ झूठे आरोप लगाए हैं। ईडी का मकसद वाड्रा को लेकर कोर्ट और आम लोगों में केवल भ्रम फैलाना है।

### बोइंग ने अपाचे हेलीकॉप्टर का उत्पादन शुरू किया

**नई दिल्ली।** अमेरिकी कंपनी बोइंग ने भारतीय सेना को दिए जाने वाले अपाचे हेलीकॉप्टर का उत्पादन शुरू कर दिया है। रक्षा विनिर्माण क्षेत्र की प्रमुख कंपनी कुल छह एएच-64ई अपाचे हेलीकॉप्टर भारतीय सेना को सौंपेगी। अपाचे के धड़ का निर्माण हैदराबाद में टाटा बोइंग एयरोस्पेस लिमिटेड सुविधा में किया गया है। अमेरिकी कंपनी बोइंग ने बुधवार को बताया कि उसने भारतीय सेना को सौंपे जाने वाले अपाचे हेलीकॉप्टर का उत्पादन एरीजोना के मेसा में शुरू कर दिया है।

# विश्वकर्मा योजना को मंजूरी

**कैबिनेट के फैसले- 10 हजार ई-बस चलाएगा केंद्र, 3 लाख से ज्यादा आबादी वाले 100 शहर कवर होंगे, कामगारों को एक लाख का लोन मिलेगा**

**कैबिनेट के फैसले**

**7 परियोजनाओं को मंजूरी दी। इससे भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में 2,339 किलोमीटर जोड़े जायेंगे'**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**केन्द्रीय** मंत्रिमंडल ने बुधवार को विश्वकर्मा योजना, ग्रीन मोबीलिटी, रेलवे और डिजिटल इंडिया के विस्तार से जुड़े महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं।

**केन्द्रीय मंत्रिमंडल के ये फैसले इस प्रकार हैं:** - कैबिनेट ने 13 हजार करोड़ रुपये के वित्तीय परिव्यय के साथ ग्रामीण और शहरी भारत के पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को समर्थन देने के लिए 'पीएम विश्वकर्मा' योजना को मंजूरी दी। रेलवे के बुनियादी ढांचे को अधिक बढ़ावा देने के लिए मंत्रिमंडल ने लगभग 32,500 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाली रेल मंत्रालय की 7 परियोजनाओं को मंजूरी दी। इससे भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में 2,339 किलोमीटर जोड़े जायेंगे। कैबिनेट ने सिटी बस संचालन को बढ़ाने के लिए पीएम-ईबस सेवा को मंजूरी दी है। बिना क्लस्टर बस सेवा वाले शहरों को प्राथमिकता दी जाएगी। 169 शहरों में 10 हजार ई-बसें तैनात की जाएंगी। ग्रीन अर्बन मोबिलिटी के तहत 181 शहरों में बुनियादी ढांचे को उन्नत किया जाएगा। इसके अलावा मंत्रिमंडल ने डिजिटिल इंडिया के विस्तार को मंजूरी प्रदान की है। इससे दूर दराज के क्षेत्रों को लाभ मिलेगा।

## कैबिनेट: 'पीएम ई-बस सेवा' को मंजूरी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**केंद्र** सरकार ने शहरी ई-बस संचालन को बढ़ाने के लिए पीएम ई-बस सेवा को मंजूरी दी है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को 57,613 करोड़ की लागत की परियोजना को मंजूरी प्रदान की। इसमें से 20 हजार करोड़ केंद्र सरकार देगी। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने फैसले की जानकारी देते हुए बताया कि परियोजना के तहत 169 शहरों में पीपीपी मॉडल पर 10 हजार ई-बसें चलाई जाएंगी। ग्रीन अर्बन मोबिलिटी पहल के तहत 181 शहरों में



बुनियादी ढांचे को उन्नत किया जाएगा। इस योजना में बस संचालन से जुड़े 10 वर्ष की सहायता भी शामिल होगी। योजना में 3 लाख और उससे अधिक जनसंख्या वाले शहरों को कवर किया जाएगा। इसके अलावा केंद्र शासित प्रदेश पूर्वोत्तर क्षेत्र और पहाड़ी राज्यों के सभी राजधानी शहरों को इसमें शामिल किया जाएगा। ऐसे शहरों को प्राथमिकता दी जाएगी, जहां पर पहले से कोई क्लस्टर बस सेवा नहीं है। इस योजना से 45 से 55 हजार लोगों को सीधे रोजगार प्राप्त होगा।





## सार्वजनिक परिवहन में सुधार होगा: अनुराग

**क्या कुछ बोले अनुराग ठाकुर?** बता दें कि केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के बाद पत्रकारों को जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि इस फैसले से शहरों में सार्वजनिक परिवहन में सुधार होगा और यह जलवायु परिवर्तन से संबंधित भारत के उद्देश्यों के अनुरूप भी है। उन्होंने कहा, 57,613 करोड़ रुपये में से 20,000 करोड़ रुपये केंद्र सरकार देगी। यह योजना 3 लाख और उससे अधिक आबादी वाले शहरों को कवर करेगी।

## रेलवे की सात परियोजनाओं को मंजूरी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने रेलवे के बुनियादी ढांचे को विस्तार देने के क्रम में 32,500 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से बनने वाली सात परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इससे रेलवे के मौजूदा नेटवर्क को 2,339 किलोमीटर का विस्तार मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने रेल मंत्रालय से जुड़ी 7 परियोजनाओं को आज मंजूरी प्रदान की। इनमें गोरखपुर-कैंट-वाल्मीकि नगर, मुदखेड-मेडचल और महबूबनगर-धोन, गुंटूर-बीबीनगर, चोपन-चुनार रेलवे लाइन का दोहरीकरण किया जाएगा। सोन नगर-अंडाल मल्टी ट्रैकिंग प्रोजेक्ट की मल्टीट्रैकिंग की जाएगी। नेरगुंडी-बारंग और खुर्दा रूड-विजयनगरम में तीसरी लाइन बनाई जाएगी। सामाखियाली-गांधीधाम लाइन का चौहरीकरण किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेलवे से जुड़ी इन परियोजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। यह परियोजनाएं पीएम गति शक्ति मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी राष्ट्रीय मास्टर प्लान का नतीजा है। परियोजनाओं को पूरी तरह से केंद्र सरकार वित्त पोषित करेगी। यह परियोजनाएं आंध्र प्रदेश, बिहार, गुजरात, झारखंड, महाराष्ट्र, ओडिशा, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल के 35 जिलों को कवर करेंगी। इन रेल परियोजनाओं से भारतीय रेल के मौजूदा नेटवर्क में 2339 किलोमीटर का विस्तार होगा। 20 करोड़ टन की सालाना माल ढुलाई बढ़ेगी। इससे इन राज्यों के लोगों को 7.06 करोड़ दिवस का रोजगार मिलेगा। रेलवे संचालन आसान होंगे और भीड़-भाड़ कम होगी। इससे रेलवे को सबसे व्यस्ततम मार्गों के लिए जरूरी ढांचागत विस्तार मिलेगा।

# नूंह में 28 को फिर निकलेगी जलाभिषेक यात्रा

**सरकार द्वारा 28 अगस्त को होने वाली ब्रज मंडल यात्रा को मंजूरी दे दी**



**यात्रा**

**31 जुलाई को जलाभिषेक यात्रा पर पथराव और हिंसा के बाद अधूरी यात्रा फिर से निकाली जाएगी**

**टीम एक्शन इंडिया/नूंह**

**हरियाणा** के नूंह में 31 जुलाई को जलाभिषेक यात्रा पर पथराव और हिंसा के बाद अधूरी यात्रा फिर से निकाली जाएगी। हरियाणा सरकार द्वारा 28 अगस्त को होने वाली ब्रज मंडल यात्रा को मंजूरी दे दी गई है।

**सरकार से यात्रा को मिली मंजूरी:** 28 अगस्त को होने वाली ब्रजमंडल यात्रा में सरकार व प्रशासन के सामने व्यवस्था बनाए रखने को लेकर बड़ी चुनौती होगी। यात्रा के लिए विहिप (विश्व हिंदू परिषद) पदाधिकारियों ने बैठक कर रूप रेखा तैयार की। अब सरकार से यात्रा को मंजूरी मिल गई है।

**28 अगस्त को सावन का अंतिम सोमवार:** खास बात है कि अब तक मेवात में माहौल पूरी तरह शांत नहीं हो पाया है। प्रशासन उपद्रवियों पर कार्रवाई कर रहा है। बता दें कि 28 अगस्त को अंतिम सोमवार है। ऐसे में पूरी उम्मीद है कि इस यात्रा में ब्रजमंडल के बजरंग दल और विहिप के कार्यकर्ता व पदाधिकारियों समेत अन्य श्रद्धालु भाग लेंगे। 31 जुलाई को विश्व हिंदू परिषद द्वारा निकाली गई ब्रज मंडल यात्रा पर उपद्रवियों ने पथराव कर दिया था।

इसके बाद हिंसा भड़की। कई जगहों पर गोलीबारी भी हुई थी। यात्रा पर पथराव और फायरिंग के बाद भड़की हिंसा में गुरुग्राम के दो होमगार्ड समेत छह लोगों को मौत हो गई थी। नूंह (मेवात) में हुई हिंसा की आग पड़ोसी जिलों में देखने को मिली थी। हिंसा के बाद से प्रशासन की उपद्रवियों के खिलाफ कार्रवाई जारी है। करीब 400 लोगों की गिरफ्तार हो चुकी है। साथ ही हिंसा के मामले में 150 से अधिक एफआईआर भी दर्ज की गई।

# नहीं मिला बीजेपी से कोई ऑफर: पवार

**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**

महाराष्ट्र में जारी सियासी उठापटक के बीच राकांपा सुप्रीमो शरद पवार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। छत्रपति संभाजी नगर में एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने कहा कि पिछले आठ-10 दिनों से मैं पूरे महाराष्ट्र में पार्टी कार्यकर्ताओं से मिल रहा हूं। दो दिन पहले सोलापुर के सांगोला इलाके में कम से कम 1000 लोगों ने अलग-अलग जगहों पर मेरी कार रोकी। पुणे, सतारा और अन्य स्थानों पर पार्टी के कई कार्यकर्ता मुझसे मिलने आए। मैं बीड का दौरा करूंगा।

**'लोगों के बीच दरार पैदा करना चाहती भाजपा':** उन्होंने कहा,



'इंडिया' की अगली बैठक मुंबई में होगी। भाजपा और उनके साथी विपरीत काम कर रहे हैं। भाजपा से लड़ने के लिए सफल रणनीति बनाएंगे। पवार ने यह भी कहा कि विभाजन दिवस मनाने का फैसला गलत था। भाजपा लोगों में दरार पैदा करना चाहती है और लोगों को धर्म, समुदाय के आधार पर बांट रही है।

**'मणिपुर संवेदनशील मामला, अतिरिक्त सावधानी की आवश्यकता':** राकांपा प्रमुख ने आगे कहा, भाजपा सरकारों को अस्थिर कर रही है। मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र में सरकारों को अस्थिर किया गया गया। मणिपुर हिंसा को लेकर उन्होंने कहा, मणिपुर संवेदनशील राज्य है और वहा अतिरिक्त सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

**रूख साफ किया**

**शरद पवार ने कहा कि पिछले आठ-10 दिनों से मैं पूरे महाराष्ट्र में पार्टी कार्यकर्ताओं से मिल रहा हूं**

## अदालतों में प्रॉस्टिट्यूट-मिस्ट्रेस जैसे शब्द इस्तेमाल नहीं होंगे

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने न्यायिक प्रकिया में महिलाओं के लिए इस्तेमाल होने वाले रूढ़िवादी शब्दों का इस्तेमाल रोकने के लिए एक हैंडबुक रिलीज की है। इस हैंडबुक में महिलाओं को लेकर इस्तेमाल होने वाले ऐसे शब्दों और उनकी जगह इस्तेमाल किए जा सकने वाले बेहतर शब्दों की सूची है।

चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि वकील अपनी दलीलों में और जज अपने फैसले में इस हैंडबुक का फायदा उठाकर महिलाओं के लिए बेहतर शब्दों का इस्तेमाल कर सकेंगे।



अहमदाबाद में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हर घर तिरंगा अभियान की शुरूआत की। इससे पूर्व जनता का अभिवादन स्वीकार करते हुए। साथ में मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी मौजूद रहे।

# 'जीवन में कुछ बेहतर और बड़ा करने का लक्ष्य रखें विद्यार्थी'



**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल**

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय भोपाल के स्थापना के 75 वर्ष पूर्ण होने पर अमृत महोत्सव 2023 में हमीदिया महाविद्यालय का अत्याधुनिक विशाल सर्व सुविधायुक्त भवन बनाने और छात्रों की आवश्यकता के अनुसार नए संकाय खोलने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि एप्रोच रोड और अन्य कार्य भी भवन निर्माण के स्थान के निर्धारण के बाद किए जाएंगे। यहां के पूर्व विद्यार्थियों और वर्तमान विद्यार्थियों के सुझावों पर जरूरी कदम उठाएंगे। भोपाल कलेक्टर उच्च शिक्षा विभाग और संबंधित विभागों से समन्वय कर इन कार्यों को पूरा कराया जायेगा। मुख्यमंत्री ने अमृत महोत्सव 2023 को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी के समक्ष यह विकल्प होता है कि वह या तो सामान्य जीवन जिए या देश और समाज के लिए बेहतर कार्य कर महान बनने का प्रयास करे। औरों के लिए जीना उपयोगी जीवन है। जीता वही है जो देश और समाज के लिए जीता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज सीनियर होने के नाते अपने जूनियर्स को यही संदेश देना चाहता हूँ कि जीवन में कुछ बड़ा और बेहतर करने की सोचें। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री चौहान स्वयं इस महाविद्यालय के विद्यार्थी रहे हैं। उन्होंने महाविद्यालय परिसर में स्थापित स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा का लोकार्पण किया।

**शिक्षा पर जोर**

**नए संकाय खुलेंगे, हमीदिया महाविद्यालय के अमृत महोत्सव में जुटे वर्ष 1946 से 2023 तक के विद्यार्थी**

# उत्तराखंड : तीसरे दिन भी नहीं खुल पाया बदरीनाथ हाइवे

**टीम एक्शन इंडिया/गोपेश्वर**

**बीती रात्रि** को हुई भारी बारिश के कारण उत्तराखंड के बदरीनाथ हाइवे दस से अधिक स्थानों पर बाधित हो गया था। पीपलकोटी से आगे भनेर पानी में तीस मीटर सड़क वॉश आउट होने के कारण यातायात बाधित हो गया था। हालांकि अधिकांश स्थानों पर हाइवे सुचारु कर लिया गया है लेकिन भनेर पानी में हाइवे को खोलने के प्रयास एनएच की ओर से किये जा रहे हैं। आपदा प्रभावित क्षेत्र बंड और कौंज पौथनी क्षेत्र में पिछले चार दिनों से बिजली पानी की आपूर्ति ठप चल रही है, जिससे ग्रामीणों को



खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बिजली न होने से मोबाइल भी चार्ज नहीं हो पा रहे हैं, जिससे ग्रामीणों से संपर्क करना कठिन हो रहा है। ऐसी स्थिति में यदि कोई अनहोनी घटित होती है तो ग्रामीणों का एक दूसरे से संपर्क करना भी मुश्किल हो जायेगा। प्रशासन की ओर से बंड क्षेत्र के आपदा प्रभावितों के लिए राहत कैंप में ही भोजन की व्यवस्था की गई है। साथ ही जिन घरों में मलबा भरा है उन्हें साफ करने के लिए मजदूर भी लगवा दिये गये हैं। जिला आपदा परिचालन केंद्र और जिला सूचना कार्यालय के अनुसार बदरीनाथ हाइवे पीपलकोटी से आगे भनेर पानी में तीस मीटर के लगभग वॉशआउट हो रखा है।

**अवरूद्ध**

**हाइवे सुचारु कर लिया गया है लेकिन भनेर पानी में हाइवे को खोलने के प्रयास एनएच की ओर से किये जा रहे**

## मथुरा: सुप्रीम कोर्ट से अतिक्रमणकारियों को फौरी राहत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि के पास अतिक्रमण करने वालों को फौरी राहत दी। शीर्ष अदालत ने उत्तर प्रदेश के मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि के पास बने बने कथित अवैध निर्माण को ढहाने के रेलवे के अभियान पर बुधवार को यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश दिया। अदालन ने अतिक्रमण हटाने के लिए रेलवे अधिकारियों द्वारा चलाए जा रहे ध्वस्तीकरण अभियान पर 10 दिनों के लिए रोक लगा दी। न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की पीठ ने इस मामले में केंद्र और अन्य को नोटिस जारी किया। पीठ ने कहा, परिसर के संबंध में दस दिन के लिए यथास्थिति बनी रहने दी जाए।

# क्या 'इंडिया में पड़ी फूट?

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** में बुधवार को संगठन की मजबूती और आगामी चुनावों को लेकर कांग्रेस के शीर्ष नेताओं की बैठक हुई। बैठक से बाहर आने के बाद अलका लांबा ने कहा कि करीब तीन घंटे तक यह बैठक चली। जिसमें राहुल गांधी, कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे, केसी वेणुगोपाल और दीपक बाबरिया मौजूद रहे। अलका ने कहा कि पार्टी ने हमें आगामी लोकसभा चुनाव के लिए तैयारी करने को कहा है। यह निर्णय लिया गया है कि दिल्ली में सभी सात सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। अलका ने आगे कहा कि पार्टी के पास सात महीने बचे हैं और सभी कार्यकर्ताओं को सातों सीटों के लिए तैयारी करने को कहा गया है। ऐसे में माना जा रहा है कि सत्ता पक्ष से लड़ने के लिए बना विपक्ष का गठबंधन इंडिया दिल्ली में कमजोर पड़ सकता है।

**कांग्रेस ने दिल्ली की सातों सीटों पर चुनाव लड़ने के दिए संकेत, आप ने कहा चर्चा करेंगे**

**निर्माण** | **यह रणनीतिक सड़क 19,400 फीट ऊंचाई से उमलिंग ला दर्रा को पार करते हुए गुजरेगी**

# चीन सीमा पर बीआरओ ने शुरू किया दुनिया की सबसे ऊंची सड़क का निर्माण

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**चीन** के साथ बातचीत की मेज पर लटके लद्दाख के डेमचोक सेक्टर में बॉर्डर रोड ऑर्गेनाइजेशन (बीआरओ) ने रणनीतिक 'लिकरू-मिग ला-फुकचे' सड़क पर निर्माण शुरू कर दिया है। यह सड़क 19,400 फीट ऊंचाई से होकर गुजरेगी और उमलिंग ला दर्रा को पार करते हुए दुनिया की सबसे ऊंची मोटर योग्य सड़क बन जाएगी। यह सड़क चीन सीमा पर वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) से महज तीन किमी. दूर है। सड़क निर्माण की कमान महिला इंजीनियरों की पांच सदस्यीय टीम कर्नल पोनुंग डोमिंग के



नेतृत्व में संभाल रही हैं। बीआरओ से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि नई सड़क अपने उच्चतम बिंदु पर 19,400 फीट की ऊंचाई पर जाएगी। तैयार होने पर यह सड़क उमलिंग ला दर्रे को पार करते हुए दुनिया की सबसे ऊंची मोटर योग्य सड़क होगी। दुनिया की मौजूदा सबसे ऊंची मोटर योग्य सड़क का निर्माण भी बीआरओ ने ही किया है। दो साल पहले बीआरओ ने 19,024 फीट की ऊंचाई पर लद्दाख के उमलिंग ला में दुनिया की सबसे ऊंची मोटर योग्य सड़क का निर्माण और ब्लैकटॉपिंग करके विश्व रिकॉर्ड बनाया था, जिसे वह खुद तोड़ने को तैयार है। खास बात यह है कि लिकारू-मिग ला-फुकचे सड़क का निर्माण बीआरओ की एक महिला इकाई ने शुरू किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि महिला इंजीनियरों की पांच सदस्यीय टीम की कमान कर्नल पोनुंग डोमिंग संभाल रही हैं, जो सड़क निर्माण की निगरानी कर रही है। अधिकारियों ने कहा कि लिकारू-मिग ला-फुकचे सड़क का निर्माण ऐसे समय में शुरू हुआ, जब लड़ाकू अभियानों का समर्थन करने के लिए लद्दाख में न्योमा उन्नत लैंडिंग ग्राउंड को अपग्रेड किया जा रहा है। न्योमा में हवाई पट्टी को सितंबर, 2009 में पुनः सक्रिय किया गया था। यह 1962 के भारत-चीन युद्ध के बाद दशकों तक उपयोग से बाहर थी।

**मोटर योग्य सड़क**

**उमलिंग ला दर्रा को पार करते हुए दुनिया की सबसे ऊंची मोटर योग्य सड़क बन जाएगी**

# बाधित विद्युत और जलापूर्ति परियोजनाओं को समयबद्ध बहाल करने के निर्देश दिए

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**मुख्यमंत्री ठाकुर** सुखविंदर सिंह सुक्खू ने राज्य में मौजूदा आपदा जैसी स्थिति की समीक्षा के लिए गत दिवस को आयोजित बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि पिछले चार दिनों में बारिश में 157 प्रतिशत की वृद्धि के कारण पूरे राज्य में भारी क्षति हुई है। उन्होंने कहा कि अवरूद्ध बहाली कार्यों में और तेजी लाना प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि 1220 सडकों में से लगभग 400 को बहाल कर दिया गया है। उन्होंने विद्युत और जलापूर्ति परियोजनाओं को बहाल करने के



लिए युद्ध स्तर पर कार्य करने को कहा।उन्होंने कहा कि शिमला शहरी क्षेत्र में मूसलाधार बारिश के कारण 500 से अधिक पेड़ गिर गए हैं जिससे स्थानीय लोगों को विभिन्न परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने इसके दृष्टिगत वन विभाग को त्वरित कदम उठाने के निर्देश दिए ताकि गिरे हुए पेड़ों का

**जल निकासी**

**8 पिछले चार दिनों में बारिश में 157 प्रतिशत की वृद्धि के कारण पूरे राज्य में भारी क्षति हुई है**

समयबद्ध व उचित निपटान सुनिश्चित किया जा सके। मुख्यमंत्री ने शिमला में जल निकासी प्रणाली को सुदृढ़ करने और पुराने नालों के जीर्णोद्धार पर बल दिया। इसके लिए एक विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार की जाएगी। इसके अतिरिक्त लोक निर्माण विभाग की एक उच्चाधिकार प्राप्त समिति जल निकासी और क्रॉस-ड्रेनेज का निरीक्षण करेगी। मुख्यमंत्री ने अपशिष्ट प्रबंधन सुनिश्चित करने के साथ-साथ प्रदेश भर के शहरी क्षेत्रों में कूड़ा-कर्कट के उचित निपटान की आवश्यकता पर भी बल दिया। उन्होंने भविष्य में निर्माण परियोजनाओं के लिए समग्र दृष्टिकोण के साथ व्यापक संरचनात्मक अभियांत्रिकी पहल के तहत योजना बनाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव भरत खेड़ा, प्रधान सचिव देवेश कुमार, सचिव गृह डॉ. अभिषेक जैन, सहित आदि उपस्थित रहे।

# नाथपा झाकड़ी हाइड्रो पावर स्टेशन में स्वतंत्रता-दिवस समारोह का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/रामपुर बुशहर/लिहांटू**

**1500 मेगावाट** नाथपा झाकड़ी हाइड्रो पावर स्टेशन में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस समारोह का आगाज स्थानीय खेल मैदान में मुख्य अतिथि परियोजना प्रमुख/कार्यपालक निदेशक मनोज कुमार द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फ हराने एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अवसर पर केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, हिमपेस्कों एवं एनसीसी के जवानों द्वारा मार्चपास्ट प्रस्तुत कर तिरंगे को सलामी दी गयी। तदुपरांत एसजेवीएन गीत को सस्वर गाया गया। इस कार्यक्रम में कार्यकारी निदेशक मानव संसाधन श्री प्रवीन सिंह नेगी, सभी विभागाध्यक्ष एवं अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि



द्वारा अपने संबोधन में सर्वप्रथम स्वतंत्रता संग्राम मंइ शहीद हुए तमाम स्वतंत्रता सेनानियों/असंख्य गुमनाम सेनानियों को शत-शत नमन कर उनके बलिदान को याद किया और कहा कि आज हमारा देश हर क्षेत्र में निरन्तर आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से अग्रसर हो रहा है उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारियों और अधिकारियों को देश के विकास में व्यक्तिगत योगदान देने की आवश्यकता है। उन्होंने निगम के अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक नंद लाल के असीमित सोच एवं कुशल नेतृत्व को परिलक्षित करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन एवं निरन्तर निगम को प्रगति के पथ पर ले जाने के अथक प्रयास के कारण ही आज निगम की छवि देश में ही नहीं अपितु वैश्विक मानचित्र में भी इतिहास के पन्नों पर अपनी कार्यकुशलता दर्ज कर रही है, इसी के बदौलत एसजेवीएन आज लगभग 57000 मेगावाट से अधिक पोर्टफ ोलियों की कम्पनी बन चुकी है।

## न्यूज फ्लैश

### मुख्यमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री की पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि दी

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा। मुख्यमंत्री** ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल विहारी वाजपेयी की पुण्य तिथि पर गत दिवस को रिज पर स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी।इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी एक कुशल वक्ता और स्पष्टवादी नेता थे। सभी राजनीतिक दलों के नेता उनका आदर करते थे। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी के आदर्श सभी के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार मीडिया नरेश चौहान, नगर निगम शिमला के महापौर सुरेंद्र चौहान, उप-महापौर उमा कौशल, पार्षदगणए उपायुक्त आदित्य नेगी और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### बहुतकनीकी संस्थानों में स्पॉट राउंड अब 21-22 अगस्त कोइ

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री। हिमाचल** प्रदेश में बहुतकनीकी संस्थानों में प्रवेश के लिए स्पॉट राउंड अब 21-22 अगस्त को होगा। निदेशक, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विवेक चंदेल ने बताया कि प्रदेश में राजकीय व निजी बहुतकनीकी संस्थानों तथा एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर बद्दी में वर्ष 2023-24 सत्र के लिए प्रथम वर्षीय डिप्लोमा कोर्स तथा लीट में खाली बची सीटों को भरने के लिए 16 व 17 अगस्त को संस्थान स्तर पर आयोजित किए जाने वाला विशेष स्पॉट राउंड को भारी बरसात होने के कारण स्थगित कर दिया गया है । अब यह विशेष स्पॉट राउंड लीट के माध्यम से द्वितीय वर्ष में प्रवेश के लिए 21 अगस्त को जबकि प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए 22 अगस्त को निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि इच्छुक अभ्यर्थी विशेष स्पॉट राउंड में भाग लेने के लिए संस्थान स्तर पर व्यक्तिगत रूप से भाग लेना सुनिश्चित करें ।अभ्यर्थियों से संस्थान स्तर पर पूर्व निर्धारित नियमों के तहत प्रवेश के लिए उनके एप्लीकेशन फार्म दैनिक आधार पर प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक लिए जाएंगे तथा उसके बाद वरीयता सूची बनाई जाएगी ।दोपहर बाद 1:30 बजे से वरीयता सूची के अनुसार खाली सीटों के लिए बहुतकनीकी प्रवेश विवरण पुस्तिका में दिए गए निर्धारित नियमानुसार प्रवेश प्रक्रिया आरंभ की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिस अभ्यर्थी को सीट प्राप्त होगी उन्हें उसी समय सभी शुल्क जमा करने होंगे।

### जिला न्यायलय में मनाया स्वतंत्रता दिवस समारोह

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री। स्वतन्त्रता** दिवस के उपलक्ष्य में आज जिला न्यायालय परिसर मंडी में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला एवं सत्र न्यायधीश, फैमिली कोर्ट जिया लाल आजाद ने राष्ट्र ध्वज फ हराकर गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी ली। इस अवसर पर अधिवक्तागण तथा न्यायालय के अधिकारी, कर्मचारी व अन्य गणमान्यों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

### सनफीस्ट ने किंग ऑफ फैंटेसी शाहरुख खान को डार्क फैंटेसी का नया ब्रांड एंबेसडर बनाने की घोषणा की




**शिमला:** आई टी सी के सनफीस्ट डार्क फैंटेसी ने अपने ब्रांड के नए चेहरे के रूप में किंग ऑफ फैंटेसी शाहरुख खान के साथ एक नई रोमांचक यात्रा शुरू करने की घोषणा की है।सनफीस्ट डार्क फैंटेसी ने अपनी नई ब्रांड पेशकश सनफीस्ट डार्क फैंटेसी हर दिल की फैंटेसी जारी की है। इसका लक्ष्य उपभोक्ताओं के साथ मजबूत जुड़ाव स्थापित करना है। यह अनूठी पेशकश हमारे रोजमर्रा के जीवन में अपनी एक फैंटेसी को सच बनाने की चाहत को देखते हुए तैयार की गई है। इस नई सोच के साथ यह ब्रांड अलग.अलग वर्ग के उपभोक्ताओं को कभी भी कहीं भी अपनी निजी फैंटेसी की उड़ान भरने के लिए बढ़ावा देना चाहता है। दुनिया भर के करोड़ों दिलों के चहेते शाहरुख खान वाकई में अपने फैन्स की एक फैंटेसी ही हैं। ब्रांड और शाहरुख खान की यही समान खासियत इसे एक बेहतरीन तालमेल बनाती है।यह हमारे ब्रांड के लिए एक नई मिसाल होगी क्योंकि किंग ऑफ बॉलीवुड ने अब किंग ऑफ बिस्किट्स से हाथ मिलाया है।सनफीस्ट डार्क फैंटेसी ने हर दिल की फैंटेसी का नया सफर शुरू करते हुए अपने उपभोक्ताओं को शाहरुख खान के आकर्षण और अपने बिस्किट्स के मनमोहक स्वाद के साथ एक अद्भुत दुनिया की सैर के लिए आमंत्रित किया है। ब्रांड का यह कदम ना केवल उसे एक नया व्यक्तित्व प्रदान करता है बल्कि पूरे देश के लोगों के दिलों में एक फैंटेसी होने की धारणा को नई ऊंचाइयों पर भी ले जाता है।

# रामपुर एचपीएस में मनाया 77वां स्वतंत्रता दिवस

**टीम एक्शन इंडिया/रामपुर बुशहर/लिहांटू**

**रामपुर** जल विद्युत स्टेशन, बायल द्वारा 77वाँ स्वतंत्रता दिवस समारोह परियोजना के खेल मैदान, दत्तनगर में गत दिवस को विधिवत हर्षोल्लास से मनाया गया। इस समारोह में परियोजना प्रमुख विकास मारवाह,महा प्रबंधक मुख्यातिथी रहे। समारोह का शुभारंभ विकास मारवाह ने राष्ट्रीय ध्वज फ हरा कर राष्ट्रीय गान के साथ किया। परियोजना में तैनात सीआईएसएफ एवं हिम्पेस्को के जवानों द्वारा परेड के साथ राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी तथा वहां उपस्थित सभी कर्मचारियों, उनके परिवारजन एवं बच्चों ने एसजेवीएन गीत गाया। परियोजना प्रमुख मारवाह ने उपस्थित जनसमूह को



स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनांए दी। उन्होंने सभी को सम्बोधित करते हुए कहा कि उन सभी अमर शहीदों को शत-शत नमन और श्रद्धांजलि जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपना सब कुछ बलिदान कर दिया। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि वर्ष 2022 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूर्ण होने पर अमृतकाल महोत्सव के दौरान हर घर तिरंगा नामक अभियान शुरू किया था। गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी 13 से 15 अगस्त के बीच जनभागीदारी से 20 करोड़ से ज्यादा घरों पर तिरंगा फ हराए जाने का लक्ष्य तय किया है व यह अपील की है कि इस स्वतंत्रता दिवस पर हर घर तिरंगे में शामिल होना चाहिए। यह देश के लिए गर्व का पल है। हर घर तिरंगा अभियान के तहत 13 से 15 अगस्त तक हर घर में तिरंगा लहराया गया और उन्होंने सभी को इस अभियान में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अपने संबोधन में बताया कि रामपुर एचपीएस विद्युत उत्पादन के नित नए उच्चतम मापदण्डों को स्थापित कर रहा है। रामपुर एचपीएस ने अपने दैनिक कीर्तिमान को पीछे छोड़ते हुए 3 अगस्त, 2023 को 10.9646 मिलियन यूनिट उत्पादन कर नवीन सर्वश्रेष्ठ दैनिक कीर्तिमान स्थापित किया है। एसजेवीएन को अरूणाचल प्रदेश की दिबांग वैली में कुल 5097 मेगावाट की जल विद्युत परियोजनाएं आबंटित की गई हैं, जिसमें -3097 मेगावाट एटालिन, 680 मेगावाट अटुलनी, 500 मेगावाट एमिनि, 420 मेगावाट अमुलिन एवं 400 मेगावाट मिहुमडन शामिल हैं। इन परियोजनाओं के निर्माण में लगभग 50,000 करोड़ रुपए का निवेश शामिल है और सालाना 20652 मिलियन यूनिट ऊर्जा उत्पादन होगी। हाल ही में 12 अगस्त, 2023 को एसजेवीएन ने अरूणाचल प्रदेश सरकार के साथ इन परियोजनाओं के कार्यान्वयन हेतु समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस प्रकार एसजेवीएन की झोली में अब तक 59,162 मेगावाट की परियोजनाएं है।

## 48 घंटे के ब्लैक आउट व 72 घंटो से बिना पानी के जनजीवन अस्त-व्यस्त

**टीम एक्शन इंडिया/ गोहर/ सुभाग सचदेवा**

**एक तरफ** भारी बरसात की मार दूसरी तरफ न बिजली न पानी और न ही एअरटेल बीएसएनएल आइडिया व जिओ का नेटवर्क। ये चीजें आज के जीवन में सबसे बड़ी व आवश्यक जरुरतें है। पिछले तीन दिनों से गोहर स्यांज चैलचौक बस्सी डडोह देवधार मुसरानी देवधार मझोठी ख्योड बासा शेगलु सहित पचासों गांवों व दर्जनों पंचायतों के लोगों का जीवन इन मूलभूत सुविधाओं की दरकार से अंधकारमय हो कर रह गया है। पिछले दो दिनों में हुई भयंकर बरसात से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है पानी की से सोर्स तहस-नहस हो गए हैं जल आपूर्ति बाधित हो गई है। 33 के वी ट्रांसफ ार्मर बह गया है विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई है।

# आईटीबीपी ग्राउंड में आयोजित किया स्वतंत्रता दिवस समारोह

टीम एक्शन इंडिया/किन्नौर/अनिल राजस्व, बागवानी एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने गत दिवस को जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह की अध्यक्षता की और जिला किन्नौर वासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान उन्होंने ध्वजारोहण किया तथा भव्य परेड की सलामी ली।स्वतंत्रता दिवस समारोह को संबोधित करते हुए राजस्व मंत्री ने कहा कि आज का दिन देश के उन सभी वीरों के नाम होता है जिन्होंने हमे आजादी दिलाने में अपने प्राणों की आहूती देकर भारत को अंग्रेजो से



आजादी दिलवाई। उन्होंने सभी से संविधान का पालन करने को भी कहा। उन्होंने कहा कि हिमाचल में आई आपदा से प्रदेश में जान-माल का नुकसान हुआ है तथा दिवगंत हुए व्यक्तियों की आत्मा की शांति के लिए इस बार प्रदेश में स्वतंत्रता दिवस समारोह में किसी भी प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित नहीं किए जा रहे हैं।राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि हिमाचल में भारी बारिश व बाढ़ के कारण हुई क्षति अपूर्णीय है, परंतु प्रदेश सरकार द्वारा इस क्षति की भरपाई के हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बाढ़ तथा बारिश से जिन लोगों के मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं उन्हें प्रदेश सरकार द्वारा 01 लाख रुपये की राशि प्रदान की जाएगी।

इसके अतिरिक्त जिन किसानों की उपजाऊ भूमि बाढ़ के करण बह गई उन्हें भी 10 हजार रुपये प्रति बीघा की राशि प्रदान की जाएगी तथा फसल नुकसान के लिए 2 हजार रुपये प्रति बीघा की राशि प्रदान की जाएगी।

# 'प्रभावितों के पुनर्वास कार्य में गति लाने के लिए प्रदेश सरकार वचनबद्ध'



**टीम एक्शन इंडिया/सोलन/मनीष**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा श्रम एवं रोजगार मन्त्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि असंख्य वीर सपूतों के समर्पण से आज हम सब आजादी की हवा में सांस ले रहे है। डॉ. शांडिल आज सोलन जिला के कसौली तहसील के कण्डा में यंग फ ार्मर क्लब कण्डा द्वारा आयोजित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कण्डा के प्रागंण में स्वतंत्रता दिवस समारोह में उपस्थित लोगों को सम्बोधित कर रहे थे।डॉ. शांडिल ने इससे पूर्व देश को स्वतंत्रता दिलाने के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि बड़े लम्बे संघर्ष के उपरांत भारतवर्ष को आजादी दिलवाने में हिमाचल प्रदेश के स्वतंत्रता सेनानियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश आज बड़ी कठिन परिस्थितियों से गुजर रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू स्वयं फ्रंटलाईन पर आकर प्रभावितों को सहायता एवं उनके पुनर्वास का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने हाल ही प्रदेशभर हुई त्रासदी में हुए जान-माल के नुकसान का स्वयं जायजा लिया।उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार भारी वर्षा से हुए नुकसान के प्रभावितों की यथासम्भव सहायता करेंगी। उन्होंने कहा कि प्रभावितों के पुनर्वास कार्य में गति लाने के लिए प्रदेश सरकार वचनबद्ध है ताकि प्रभावितों का जीवन सामान्य हो सके। उन्होंने ग्राम पंचायत हुडंग में बहु उद्देशीय सभागार भवन के आरम्भिक निर्माण कार्य के लिए 05 लाख रुपये देने की घोषणा की।

# लूहरी जलविद्युत परियोजना-1 द्वारा स्वतंत्रता दिवस का किया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/रामपुर बुशहर/लिहांटू**

**एसजेवीएन** की लूहरी जलविद्युत परियोजना में स्वतंत्रता दिवस समारोह परियोजना के बिथल स्थित कार्यालय परिसर में धूम धाम से मनाया गया। समारोह में मुख्य अतिथि महाप्रबन्धक-परियोजना प्रमुख, सुनील चौधरी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। समारोह में परियोजना के सभी अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे। परियोजना प्रमुख द्वारा परियोजना की गतिधियॉ तथा परियोजना द्वारा स्थानिय क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों को सांझा किया। इस



अवसर पर परियोजना प्रमुख द्वारा लूहरी दर्पण अंक-2 पत्रिका का विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर अलका जयसवाल, अपर महाप्रबन्धक (आर एंड आर), राजेन्द्र सचदेवा, उप-महाप्रबंधक (विद्युत), वृज राज उपाधया, वरि. प्रबन्धक (सिविल), विनोद कुमार, वरि. प्रबन्धक (सिविल) एवं राजेन्द्र सिंह, विभागाध्यक्ष (मानव संसाधन) मौजूद रहे।

## लादार्चा मेला 2023 का आयोजन 22 अगस्त से 24 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

प्रदेश में खराब मौसम के चलते मेला कमेटी ने 19 से 21 अगस्त, 2023 को प्रस्तावित मेले को अब 22 अगस्त से 24 अगस्त 2023 करने का फैसला लिया है। अतिरिक्त उपायुक्त राहुल जैन ने बताया कि मेले में तीन सांस्कृतिक संध्या का आयोजन होगा। पहले दिन शोभा यात्रा का आयोजन होगा। मेले में महिला मंडल, स्थानीय कलाकार, स्कूली बच्चे विशेष तौर से प्रस्तुति देंगे। इसके साथ ही मिस स्पीति 2023, मिस्टर स्पीति 2023 और वॉयस ऑफ स्पीति 2023 भी करवाया जाएगा। लद्दाख के चंगथांग से व्यपारी बुलाए जा रहे है।

# आपदा प्रभावितों का पुनर्वास सरकार की प्राथमिकता: डॉ. शांडिल

**टीम एक्शन इंडिया/ सोलन/ मनीष**

**स्वास्थ्य** एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा श्रम एवं रोजगार मन्त्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में प्रभावितों का पुनर्वास तथा राज्य का आर्थिक उत्थान प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। डॉ. शांडिल आज देश की स्वतन्त्रता की 77वीं वर्षगांठ पर सोलन जिला के एतिहासिक ठोडो मैदान में आयोजित जिला स्तरीय स्वतन्त्रता दिवस समारोह की अध्यक्षता कर रहे थे। डॉ. शांडिल ने इससे पूर्व शहीद स्मारक पर कृतज्ञ प्रदेशवासियों एवं जिलावासियों की ओर से देश के लिए अपने प्राण



न्यौछावर करने वाले शहीदों को भावभीनी श्रद्धाजंलि अर्पित की। मुख्य संसदीय सचिव लोक निर्माण, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा सूचना एवं जन सम्पर्क विभागद्ध संजय अवस्थी ने भी इस अवसर पर सभी की ओर से असंख्य वीरों को श्रद्धासुमन अर्पित किए।स्वास्थ्य मंत्री ने तदोपरांत ठोडो मैदान में राष्ट्रीय ध्वज फ हराया, परेड का निरीक्षण किया तथा सलामी ली। पुलिस उप निरीक्षक पंकज संधू ने परेड का नेतृत्व किया। डॉ. शांडिल ने कहा कि प्रदेश इस वर्ष अत्यंत विराट प्राकृतिक आपदा का सामना कर रहा है। इस कारण भारी बहुमूल्य मानवीय क्षति के साथ-साथ व्यापक स्तर पर नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि आपदा की इस घड़ी में प्रदेश सरकार प्रभावितों के साथ है और उनका पुनर्वास तथा प्रदेश की आर्थिकी को पुनः गति प्रदान करना प्रदेश सरकार का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के संवेदशील नेतृत्व में प्रदेश सरकार आपदा प्रभावितों के पुनर्वास को समयबद्ध सुनिश्चित बना रही है। उन्होंने कहा कि गत सांय आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री ने आपदा प्रभावितों तक समय पर सहायता पहुंचाने के लिए उच्च क्षमता युक्त उपकरणों की खरीद के लिए 30 करोड़ रुपये जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि जन-जन की सुरक्षा प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है और लाहौल-स्पीति जिला की चन्द्रताल झील के समीप फंसे लगभग 300 पर्यटकों एवं अन्य को बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी तथा मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी की अगुवाई में सुरक्षित निकाला गया है वह राज्य सरकार की कार्य कुशलता का अनुपम उदाहरण है। स्वास्थ्य मंत्री कहा कि प्रदेश में हुई मानवीय क्षति एवं आपदा के दृष्टिगत इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस समारोह में कोई भी सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित नहीं किया जा रहा है। प्रदेश सरकार ने अनाथ बच्चों के वर्तमान और भविष्य को सुरक्षित बनाने के लिए सुखाश्रय योजना आरम्भ की है और इन बच्चों को चिल्ड्रन ऑफ स्टेट का दर्जा दिया है।

# उच्च न्यायालय में मनाया गया स्तवंत्रता दिवस

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश उच्च न्यायालय में आज स्वतंत्रता दिवस समारोह गरिमामय व सादगी पूर्ण तरीके से मनाया गया। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एमएस रामचंद्र राव ने राष्ट्रीय ध्वज फ हराया और गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति तरलोक सिंह चौहान, न्यायमूर्ति विवेक सिंह ठाकुर, न्यायमूर्ति अजय मोहन गोयल, न्यायमूर्ति संदीप शर्मा, न्यायमूर्ति ज्योत्सना रिवाल दुआ, न्यायमूर्ति सत्येन वैद्य, न्यायमूर्ति सुशील कुकरेजा, न्यायमूर्ति वीरेंद्र सिंह, न्यायमूर्ति रंजन शर्मा, न्यायमूर्ति बीसी नेगी और न्यायमूर्ति राकेश कैंथला



उपस्थित थे। अध्यक्ष,हि.प्र. राज्य मानवाधिकार आयोग के न्यायाधीश न्यायमूर्ति पी.एस. राणा, लोकायुक्त हिमाचल प्रदेश न्यायमूर्ति सी.बी. बरोवालिया, पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति वी.के. शर्मा, महाधिवक्ता अनूप रतन, उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अंकुश दास सूद, भारत के डिप्टी सॉलिसिटर जनरल बलराम शर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता और उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन के सदस्य, रजिस्ट्रार, न्यायिक अधिकारी और अन्य गणमान्य व्यक्ति भीइस अवसर पर उपस्थित थे।

# जल निकासी प्रणाली की मजबूती के लिए व्यापक योजना विकसित की जाएगी: मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री ने शिमला में आपदा प्रभावित लालपानी क्षेत्र का दौरा किया

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**प्रदेश में** शहरी जल निकासी प्रणालियों को मजबूत करने और पहाड़ी अस्थिरता को रोकने के लिए उचित जल प्रबंधन की आवश्यकता है। राज्य सरकार जल निकासी प्रणालियों को मजबूत करने और निर्माण के लिए ठोस संरचनात्मक डिजाइन सिद्धांतों को एकीकृत करने के लिए एक व्यापक योजना विकसित की जाएगी। यह बात मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने मंगलवार देर शाम भूस्खलन प्रभावित शिमला के लालपानी क्षेत्र का दौरा करने के पश्चात कही। उन्होंने आपदा प्रभावित क्षेत्र में नुकसान का जायजा लिया और जिला प्रशासन को राहत एवं बचाव कार्य



में तेजी लाने के निर्देश दिये। मीडिया से अनौपचारिक बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की समय पर प्रतिक्रिया से नुकसान काफ ी कम हो गया है क्योंकि इन घरों में रहने वाले लोगों को आसन्न खतरे के कारण पहले ही खाली करा लिया गया था। उन्होंने कहा कि इन उपायों के अलावा राज्य सरकार एक व्यापक, दीर्घकालिक आपदा योजना तैयार कर रही है। इसके कार्यान्वयन के लिए लगभग 800 करोड़ रुपये का प्रावधान किया जाएगा, जिसका उद्देश्य भविष्य की आपदाओं के प्रभाव को कम करना है।मुख्यमंत्री ने कहा कि भारी बारिश के कारण सोमवार को 60 से अधिक लोगों की जान चली गई और यह संख्या बढ? की संभावना है। इसका प्रभाव शिमला में सबसे गंभीर रहा, जबकि कांगड़ा जिला के फ तेहपुर में किसानों को फ सल का नुकसान हुआ। पौंग बांध से पानी छोड़े जाने के कारण लगभग 300 लोगों के फं स जाने के बाद बचाव अभियान चलाया गया और सभी व्यक्तियों को सफलतापूर्वक बचा लिया गया। उन्होंने कहा कि लगातार भारी बारिश के कारण मंडी जिले में भी काफ ी नुकसान हुआ है। मुख्यमंत्री ने आपदा के समय में नेता प्रतिपक्ष जय राम ठाकुर द्वारा केवल राजनीति करने पर निराशा व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार राहत और बचाव कार्यों पर दृढ़ता से ध्यान केंद्रित कर रही है। उन्होंने विपक्ष द्वारा इस संकट की स्थिति में विधानसभा के विशेष सत्र की मांग की उपयुक्तता पर सवाल उठाया। उन्होंने आश्वासन दिया कि राज्य सरकार दस दिवसीय विधानसभा सत्र आयोजित करने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में पुलिस कर्मियों की आपदा प्रतिक्रिया प्रयासों के लिए उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए उन्होंने अपने सुरक्षा कवर को भी कम किया है। उन्होंने विपक्ष से राजनीतिक दिखावे में उलझने के बजाय मौजूदा स्थिति की गम्भीरता को समझते हुए प्रदेश हित को प्राथमिकता देने को कहा।

# राज्यपाल ने राजभवन में राष्ट्रीय ध्वज फहराया

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**राज्यपाल शिव** प्रताप शुक्ल ने आज 77वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राजभवन परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फ हराया। लेडी गवर्नर जानकी शुक्ल भी इस मौके पर उपस्थित रही। राज्यपाल ने प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए उनके सुखमय एवं समृद्ध जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि यह एक ऐतिहासिक दिन है जब देश को विदेशी साम्राज्य की बेडि ?ों से आजादी मिली। उन्होंने कहा कि असंख्य स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान और वीर सपूतों के संघर्ष ने हमें आजादी दिलाई है। शुक्ल ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस पर, हम उन सभी देशभक्तों और वीर सपूतों को भी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं, जिन्होंने आजादी के बाद देश की एकता और अखंडता को



बनाए रखने और देश की सीमाओं की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया है। उन्होंने प्रदेश की प्रगति एवं सर्वांगीण विकास की कामना करते हुए कहा कि हम सभी को संकल्प लेना चाहिए कि हम और अधिक समर्पण एवं प्रतिबद्धता के साथ देश एवं प्रदेश की प्रगति के लिए अपने कर्तव्य का निर्वहन करेंगे।इस अवसर पर राज्यपाल ने राजभवन कर्मियों को राष्ट्रीय ध्वज भी प्रदान किए। इस मौके पर राज्यपाल के सचिव राजेश शर्मा भी उपस्थित थे।

# भाजपा ने किया अपने लोकप्रिय नेता अटल जी को याद, श्रद्धासुमन अर्पित किए



**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री**

**भारत के** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पांचवीं पुण्यतिथि के मौके पर बीजेपी ने श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें भाजपा ने अपने प्रिय नेता को पुष्प अर्पित कर याद किया। इस मौके पर जिला मंडी भाजपा अध्यक्ष निहाल चंद शर्मा के साथ भाजपा के अन्य पदाधिकारी पहुंचे। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष निहाल चंद शर्मा ने कहा कि देश के बहुत ही लोकप्रिय नेता जिन्हे पक्ष के साथ साथ विपक्ष के लोग भी बहुत पसंद करते थे।उन्होंने अटल जी को याद करते हुए कहा कि जब प्रधानमंत्री के रूप में, विपक्ष के नेता के रूप में, सांसद के रूप में जब भी अटल जी अपने वक्तव्य रखने के लिए सदन में खड़े होते थे उस समय विपक्ष से जितनी मर्जी कटुता होती थी उसके वावजूद सभी उनकी बात को ध्यान से सुनते थे। उन्होंने कहा कि देश के लिए उनके योगदान को आज भी सभी याद करते हैं। उनकी लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता हैं कि हमें उनकी सभाओं के लिए लोगों को एकत्रित करने कि आवश्यकता नही पडती थी बल्कि लोग खुद उनको सुनने के लिए भारी संख्या में पहुंचते थे। बल्ह के विधायक इन्द्र सिंह गांधी ने कहा कि देश के बहुत ही लोकप्रिय प्रधानमंत्री के रूप में अटल जी ने अपना कार्यकाल पूरा किया। हमारी ही पार्टी के नही वैचारिक दृष्टि से अलग लोग भी उनका सम्मान दिल से करते रहे हैं। उन्होंने कहा पोखरण का विस्फोट बहुत ही दवाब के बावजूद उन्होंने पूरा किया जिसके परिणास्वरुप आज भारत परमाणु शक्ति बना। कारगिल युद्ध के दौरान जिस प्रकार दुश्मन अपने मनसूबे लेकर आगे बड़े परन्तु दुश्मन को खदेड कर दुश्मन के नाको चने चबवाये। शहीदों को सम्मान दिलाने के लिए उनका प्रयास सराहनीय रहा जहाँ पहले सिर्फ शहीदों की वर्दी परिवार तक पहुंचाई जाती थी। उन्होंने शहीद का शरीर घर तक पहुँचाना सुनिश्चित किया। उन्हें पूरा देश आज आदर के साथ याद करता हैं। उन्होंने कहा की जिला मंडी से अटल बिहारी वाजपेई का एक अटूट रिश्ता रहा है तथा हिमाचल को वह अपना दूसरा घर मानते थे।

# स्वतन्त्रता दिवस समारोह की अध्यक्षता मुख्य संसदीय सचिव ने की

**टीम एक्शन इंडिया/ मनाली/ राज अग्रवाल**

**मुख्य संसदीय** सचिव सुंदर सिंह ठाकुर ने की अध्यक्षता जिला स्तरीय स्वतन्त्रता दिवस मनाली के सासे हेलीपेड में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समारोह की अध्यक्षता मुख्य संसदीय सचिव सुंदर सिंह ठाकुर ने की। सुंदर सिंह ठाकुर ने इस अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया और भव्य परेड की सलामी ली। भव्य मार्चपास्ट में पंजाब पुलिस,द्वितीय भारतीय आरक्षित पुलिस वाहिनी सकोह के पुरुष व महिला टुकड़ी, भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल, एसएसबीए गृह रक्षक पुरुष व महिला टुकड़ी, एनसीसी आर्मी व एयरविंग के अलावा हिमाचल



प्रदेश ब्रास बैंड द्वितीय भारतीय आरक्षित पुलिस वाहिनी सकोह व हिमाचल प्रदेश गृह रक्षा बैंड ने भाग लिया। सीपीएस सुंदर सिंह ठाकुर ने इस अवसर पर सभी जिलावासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस उन महान स्वतंत्रता सेनानियों को स्मरण करने का दिन है, जिनके बलिदान के कारण हमने आजादी हासिल की थी। उन्होंने कहा कि यह राष्ट्रीय पर्व हमें आत्म-विश्लेषण का अवसर भी प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश देवभूमि के साथ-साथ वीरभूमि भी है तथा प्रदेश के युवा सुरक्षा बलों व सैन्य बलों में सेवा करना अपनी शान समझते हैं। प्रदेश सरकार ने सैनिकों तथा स्वतन्त्रता सेनानियों के परिवारों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं व कार्यक्रम आरम्भ की है।प्रदेश सरकार ने स्वतंत्रता सेनानीयों व स्वतंत्रता संग्राम में शहीदो की पत्नियों को 15 हजार रुपये व उनकी अविवाहित बेटियाँ को 10 हजार रुपये हर माह प्रदान किये जा रहे हैं। स्वतंत्रता सेनानायों की।बेटियों की शादी के लिए 51 हजार रुपये तथा पोतियों के विवाह के लिए 21 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जा रही है। परमवीर चक्र, अशोक चक्र विजेताओं को वार्षिकी के तौर पर तीन लाख रुपये, महावीर चक्र व कीर्ति चक्र विजेताओं को वार्षिकी के तौर पर दो लाख रुपये, वीर चक्र व शौर्य चक्र विजेताओं को वार्षिकी के तौर पर एक लाख रुपये दिए जा रहे है। युद्ध में शहीद हुए सैनिकों की विधवाओं की बेटियों को शादी के लिए 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि दी जा रही है। प्रदेश सरकार द्वारा युद्ध अथवा अन्य सैन्य आपरेशन में शहीद सैनिकों के आश्रितों को 20 लाख रुपये तथा अपंग हुए सैनिकों को पांच लाख रुपये तक की सहायता प्रदान की जा रही है।

# इंडियन एक्स सर्विसज लीग धर्मपुर यूनिट ने मनाया स्वतंत्रता दिवस

**टीम एक्शन इंडिया/ सोलन/ मनीष**

**इंडियन** एक्स सर्विसज लीग धर्मपुर यूनिट के अध्यक्ष पूर्व सैनिक सुबेदार मेजर सच्चिदानंद की अध्यक्षता में लीग के पूर्व सैनिकों, वीर नारियों, सैनिक विधवाओं तथा सैनिक नारी शक्ति के साथ मिलकर सोलन जिला के धर्मपुर में स्वतन्त्रता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर देश के सभी स्वतंत्रता सेनानियों और वीर बहादुर सैनिकों को याद किया गया। सुबेदार मेजर सच्चिदानंद ने इस अवसर पर कहा कि शहीदों



की कडे संघर्षों और बलिदानों के कारण ही हमें आज आजादी मिली है। उन्होंने कहा कि देश के वीर स्वतंत्रता सेनानियों का त्याग, समर्पण, राष्ट्र प्रेम और बलिदान देश की एकता और अखण्डता को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए हमें प्रेरित करता है।

इस अवसर पर हिमाचल में हाल में हुई त्रासदी में दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए एक मिनट का मौन रखा। समारोह में जिला परिषद सदस्य राजिंदर ठाकुर तथा लीग के संरक्षक कर्नल गुरदीप सिंह, इंडियन एक्स सर्विसज लीग धर्मपुर यूनिट के सदस्य सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# नौणी विश्वविद्यालय में मनाया 77वां स्वतंत्रता दिवस

**टीम एक्शन इंडिया/ सोलन/ मनीष**

**डॉ.यशवंत** सिंह परमार औद्यानिकी और वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी में 77वां स्वतंत्रता दिवस आज मनाया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर राजेश्वर सिंह चंदेल द्वारा विश्वविद्यालय के डॉ एलएस नेगी सभागार परिसर में तिरंगा फहराया गया। विश्वविद्यालय के वैधानिक अधिकारी, विभागाध्यक्ष, एनसीसी ऑफि सर, विश्वविद्यालय की सभी कर्मचारी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के 105 एनसीसी कड़ेट्स और एनएसएस वॉलंटियर द्वारा परेड में हिस्सा लिया गया। विश्वविद्यालय में कार्यरत 21 सुरक्षाकर्मियों की एक टुकड़ी ने भी इस परेड में भाग लिया। मुख्य अतिथि द्वारा परेड का निरीक्षण किया गया और सलामी ली गई।

अपने संदेश में प्रोफेसर चंदेल ने छात्रों और संकाय को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ दी। उन्होंने देश के महान स्वतंत्रता सेनानियों के अथक प्रयासों को नमन किया जिनके संघर्ष और निस्वार्थ बलिदान से देश को आजादी मिली और हमारा देश आज दुनिया में सबसे तेजी से आगे बढ? वाला देशों में शुमार है। प्रोफेसर चंदेल ने विद्यार्थियों और कर्मचारियों से राष्ट्र को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए कर्तव्यदायी और जिम्मेदार नागरिक बनने का आग्रह किया और देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के आदर्शों को आगे बढ़ाने की अपील की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि युवाओं को स्वतंत्रता के वास्तविक अर्थ और महत्व को समझना चाहिए जो हमारे पूर्वजों के वर्षों के बलिदान के कारण हमें हासिल हुई है। उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रगति रिपोर्ट भी प्रस्तुत की। प्रोफेसर चंदेल ने इस अवसर पर हिमाचल में पिछले एक माह में आई प्राकृतिक आपदा में जान गवानें वाले व्यक्तियों को श्रद्धांजली दी और पीड़ित परिवारों के लिए प्रार्थना की। उन्होनें विश्वविद्यालय के कर्मचारियों का इस आपदा के समय में मुख्यमंत्री राहत कोष में 26 लाख रुपये वर्तमान में कर्मचारी और 17 लाख रुपये सेवानिवृत कर्मचारी का योगदान देने के लिए धन्यवाद किया। उन्होनें एक बार फिर से सभी कर्मचारियों और विशेषकर छात्रों को आगे आने का आग्रह किया और अपने स्थर पर पीड़ितों की मदद करने के लिए प्रयास करने का आग्रह किया और कहा कि यह हमारे स्वतंत्रता सेनानियों को सही माएने में श्रद्धांजलि होगी।

# शरारती तत्वों ने तोड़ा मंडी शहर का आई लव सेल्फी प्वाइंट

**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री**

**मंडी शहर** की शान इंदिरा मार्केट की छत पर आई लव सेल्फ ी प्वाइंट को साथी तत्वों द्वारा नष्ट कर दिया है। जो भी लोग यहां से गुजरते थे वह बड़ी शान के साथ यहां अपनी तस्वीर इस सेल्फी प्वाइंट के आगे खिंचवाते थे परंतु बीती रात को मंडी शहर के ही कुछ शरारती तत्वों द्वारा इसे नष्ट कर दिया हैं, हालांकि इस संदर्भ में 4 युवकों को सिटी पुलिस ने रात हो ही दबोच दिया हैं। इंदिरा मार्केट के एसोसिएशन अशोक शर्मा ने कहा कि रात को कुछ शरारती तत्वों द्वारा इस सेल्फी पांइट से छेड़छाड़ की गई थी जिन्हें यहाँ तैनात चौकीदार ने देख लिया और तुरंत इसकी सूचना सिटी पुलिस चौकी को दी । पुलिस ने तुरंत कार्यवाही करते हुए मण्डी बस स्टैंड से 4 युवकों को दबोच लिया है। अशोक शर्मा ने कहा कि वह लंबे समय से यहां पर नगर निगम प्रशाशन से सीसीटीवी कैमरा लगाने की मांग कर रहे हैं परंतु अभी तक इस ओर किसी ने ध्यान नहीं जिसके चलते यहाँ इस प्रकार की घटना घट रही हैं।

# सीएम की संवेदनशील सोच से हिमाचल में आरंभ हुई सुखाश्रय जैसी जन हितैषी योजना :कुलदीप

**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री**

**भारत के** 77वें स्वतंत्रता दिवस पर संपूर्ण मंडी जिला देशभक्ति के सुनहले रंगों में खिला दिखा। जिला मुख्यालय समेत जिले के प्रत्येक उप मंडल में स्वतंत्रता दिवस समारोह पूरी गरिमा के साथ मनाया गया। इस उपलक्ष्य पर मंडी के सेरी मंच पर आयोजित जिला स्तरीय समारोह में विधान सभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने राष्ट्रीय ध्वज फ हराया। इस दौरान उन्होंने पुलिस व होमगार्ड की महिला तथा पुरुष टुकडि ?ों द्वारा निकाले गए आकर्षक मार्च पास्ट की सलामी ली। पठानिया ने अपने संबोधन में कहा कि 15 अगस्त का दिन सभी भारतवासियों के लिए एक गौरवमयी दिवस है। भारत देश के वीर सपूतों, वीरांगनाओं के संघर्ष के बल पर वर्ष 1947 को इसी दिन देश ने आजादी पाई थी। उन्होंने सभी स्वतंत्रता सेनानियों के तपए त्याग और बलिदान को स्मरण करते हुए नमन कियाए साथ ही देश की स्वतंत्रता को अक्षुण्ण रखने में प्राण न्योछावर करने वाले वीर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किए। उन्होंने सभी लोगों से आपसी सौहार्द और सद्भाव के साथ देश को आगे ले जाने में योगदान का आह्वान किया।
विधान सभा अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की संवेदनशीलता के चलते हिमाचल प्रदेश सुखाश्रय जैसी जन हितैषी योजना आरम्भ करने वाला देश का पहला राज्य बना है। इससे राज्य के 6,000 निराश्रित बच्चों को चिल्ड्रन ऑफ स्टेट का दर्जा मिला है। उन्होंने कहा कि सरकार 27 वर्ष की आयु तक के निराश्रित बच्चों के माता-पिता की भूमिका में रहकर उनकी पढ़ाई का सारा खर्च उठाएगी और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के बाद मकान बनाने के लिए 3 बिस्वा जमीन भी उपलब्ध करवाएगी। पठानिया ने प्रदेश में आई आपदा में प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदना जताते हुए कहा कि हिमाचल सरकार दुख की घड़ी में जनता के साथ खड़ी है। पीड़ितों की हर तरह से मदद की जा रही है।

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने राहत मैनुअल में बदलाव और फौरी राहत राशि में बढ़ोतरी करके पीड़ित परिवारों को बड़े स्तर पर मदद दी है। फ ौरी राहत राशि को बढ़ा कर 1 लाख रुपये किया गया है।

# हत्याएं और गुंडागर्दी बनी कांग्रेस सरकार की पहचान: मेलाराम शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/ नाहन/ एसपी जैरथ**

**सिरमौर** जिला में व्यवस्था परिवर्तन के चलते कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है और ग्रामीण इलाकों में भी सरेआम हत्या और गुंडागर्दी की वारदातें सामने आ रही है। यह बात आज हरिपुरधार में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पंचायत समिति संगड़ाह के निवर्तमान अध्यक्ष मेलाराम शर्मा, जिला भाजपा के महासचिव बलवीर ठाकुर और रेणुका भाजपा मंडल के सचिव दिनेश ठाकुर, धर्मपाल ठाकुर आदि ने कही। भाजपा नेताओं ने कहा कि जब से प्रदेश में व्यवस्था परिवर्तन वाली कांग्रेस सरकार आई है तब से कानून व्यवस्था नाम की चीज ही



खत्म हो चुकी है और सरेआम राह चलते आम लोगों की हत्या हो रही है। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के करीबी सिरमौर के हरिपुरधार के कद्दावर नेता ब्रजराज ठाकुर के बड़े भाई राजेन्द्र ठाकुर उर्फ पप्पू की सरेआम हत्या का हवाला देते हुए बताया कि जब प्रभावशाली लोगों के परिजनों की इस तरह सरेआम हत्या हो रही है तो आम लोग कैसे अपने आप को सुरक्षित समझे। ऐसे में आम आदमी का जीना बहुत मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा कि हरिपुरधार में मुख्यमंत्री के करीबी नेता के भाई की हत्या होने से इलाके में दहशत का माहौल हो गया है और लोग डर के साए में जी रहे। भाजपा नेताओं ने कहा कि जब से प्रदेश में सरकार बदली है तब से व्यवस्था परिवर्तन के चलते सरेआम गुंडागर्दी और हत्या होने लगी है। उन्होंने कहा कि रेणुका चुनाव क्षेत्र में कांग्रेस के बड़े नेता ब्रजराज ठाकुर के बड़े भाई राजेन्द्र ठाकुर उर्फ पप्पू की हत्या के मामले में यहां के विधायक श्री विनय कुमार चुप्पी साधे हैं और चरमराई हुई कानून व्यवस्था पर मुंह तक नहीं खोल रहे हैं। भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि जब से प्रदेश में कांग्रेस सरकार आई है तब से ग्रामीण क्षेत्रों में भी नशाखोरी बढ़ रही है और नशीले पदार्थ सरेआम स्कूलों और कॉलेजों तक पहुंचाकर युवाओं का जीवन बर्बाद किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पहले शहरी क्षेत्रों में नशीले पदार्थ युवाओं का जीवन बर्बाद कर रहे थे परंतु जब से प्रदेश में कांग्रेस सरकार आई है तब से हरिपुरधार जैसे ग्रामीण क्षेत्रों में भी नशाखोरी के कारोबारी अपने पांव पसार रहे हैं। भाजपा नेताओं ने अंदेशा जताया कि हरिपुरधार में हुई हत्या में नशे के कारोबारियों का हाथ हो सकता है। हत्यारों गुंडागर्दी करने वालों और नशे का कारोबार करने वालों को शह देने का आरोप लगाते हुए कहा कि जब इस प्रकार के असमाजिक तत्वों पर सतारुढ़ दल के नेताओं का आशीर्वाद हो तो पुलिस प्रशासन भी कार्यवाही करने में बेबस हो जाता है।

# लडभड़ोल की दलेड पंचायत के कसीरी गांव के लोग भारी दलदल के कारण मंदिर में रहने को मजबूर

**टीम एक्शन इंडिया/ जोगिंद्रनगर/ संगराय**

**लडभड़ोल** क्षेत्र की ग्राम पंचायत दलेड के कसीरी गांव में सोमवार रात को भारी बारिश के कारण मलबा आ गया था। जिससे गांव की पूरी जमीन दलदल का रूप ले चुकी है। आज जोगिंद्रनगर के विधायक प्रकाश राणा ने प्रभावित गांव व क्षेत्र का दौरा किया और लोगों से बात की। प्रकाश राणा ने बताया कि दलदल बन चुके गांव में रहना खतरे से खाली नहीं है। प्रकाश राणा ने बताया कि इस गांव के रहने वाले सभी लोग निर्धन वर्ग के हैं। उन्होंने बताया कि इस गांव की पूरी जमीन दलदल बन चुकी है। ऐसे में रात को



यहां रहना खतरे से खाली नहीं है। जिसको लेकर प्रशासन से बात की और प्रशासन ने मौके पर आकर स्थिति का जायजा लिया। जिसके बाद पूरे गांव को यहां के एक मंदिर में रहने की व्यवस्था की गई है। प्रकाश राणा ने बताया कि प्रशासन से हमने टैंट और लोगों के खाने पीने की व्यवस्था करने की भी मांग की है। प्रशासन की तरफ से आश्वासन मिला है कि इस गांव के 16 से 17 परिवारों की पूरी मदद की जाएगी।

ACTION INDIA
ऊना, 17 अगस्त 2023
दैनिक एक्शन इंडिया
www.actionindialive.com

# सीएम ने स्वतंत्रता दिवस समारोह की अध्यक्षता की

## मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय ध्वज फ हराया तथा राज्य पुलिस, गृह रक्षक, एनसीसी, एनएसएस की टुकडियों की सलामी ली

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**स्वतंत्रता** दिवस का राज्य स्तरीय समारोह आज ऐतिहासिक रिज मैदान, शिमला में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने राष्ट्रीय ध्वज फ हराया। उन्होंने परेड का निरीक्षण किया और मार्च पास्ट की सलामी ली। परेड में पुलिस, होमगार्ड, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट्स एंड गाइड की टुकडि ?ां शामिल हुईं, जिसका नेतृत्व पुलिस उप-अधीक्षक प्रणव चौहान ने किया।भारी बारिश के कारण हिमाचल प्रदेश में आई आपदा के बीच आज प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम सादगी के साथ आयोजित किए गए। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित



नहीं हुए।इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने लोगों को सम्बोधित करते हुए स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी और कहा कि हिमाचल प्रदेश के लोगों के लिए जश्न मनाने का यह सही समय नहीं है। उन्होंने कहा कि पिछले दो दिनों में प्रदेश पर मुसीबतों का पहाड़ टूट पड़ा है। कई स्थानों पर बादल फ टने और पहाड़ खिसकने की प्रलयंकारी घटनाएं सामने आई हैं। लोगों द्वारा तिनका-तिनका जोडकर बनाए गए घर इस आपदा के दौरान मलबे में दब गए हैं। उन्होंने कहा कि इन घटनाओं और रोते बिलखते लोगों को देखकर उनका मन अत्यंत दुखी है। उन्होंने कहा कि पिछले चौबीस घंटे में हमने 50 बहुमूल्य जीवन खोए हैं। हिमाचल प्रदेश में मानसून आने के बाद से 300 से ज्यादा लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी है।

## आपदा राहत कोष के लिए 2 करोड़ रुपये का चेक भेंट किया

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**मुख्यमंत्री** ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू को गत दिवस को राधा स्वामी सत्संग व्यास के प्रतिनिधियों एवीएम (सेवानिवृत्त) डीएस गुरम और क्षेत्रीय सचिव सुनील तलवार ने आपदा राहत कोष के लिए 2 करोड़ रुपये का चेक भेंट किया।मुख्यमंत्री ने अंशदान के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संकट की घड़ी में इस तरह के योगदान पीड़ितों की मदद के लिए



सहायक सिद्ध होंगे। इस अवसर पर डीएस गुरम ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में राधा स्वामी सत्संग व्यास प्रदेश के लोगों और राज्य सरकार को हरसंभव सहयोग प्रदान करने के लिए तैयार है।

# जयराम ने किया कृष्ण नगर का दौरा, जाना शरणार्थियों का कुशलक्षेम

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**भाजपा** के वरिष्ठ नेता एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने गत दिवस को कृष्णा नगर वार्ड का दौरा किया उन्होंने अंबेडकर भवन और समुदायक भवन में शरणार्थियों से मुलाकात की और उनका कुशलक्षेम जाना। जयराम ठाकुर ने मौके का जायजा लिया और जिस प्रकार से वहां पर मूलभूत सुविधाओं की कमी थी उसके बारे में डिप्टी कमिश्नर शिमला को अवगत करवाया। अंबेडकर भवन में बिजली और शौचालय ना होने से शरणार्थियों को बहुत दिक्कत आ रही है। सामुदायिक भवन में ज्यादातर प्रवासी मजदूर है और उनका प्रशासन की ओर से अधिकतम सुविधा प्रदान की जा रही है। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने उसके उपरांत आईजीएमसी में घायल लोगों से मुलाकात की और



उनके कुशल क्षेम जाना। कई लोगो की छाती और रीड की हड्डी भी टूटी है। एक महिला जो की बंगाली बगीचे से है इसको आर्थिक मदद की आवश्यकता है। फ ागली और कृष्णा नगर से घायल लोग आईजीएमसी में विभिन्न विभागों में भर्ती है। जयराम ठाकुर कहा इस आपदा की घड़ी में पहला काम रिहैबिलिटेशन है और प्रशासन को जितने भी घर जो की खतरे में लग रहे हैं वहां से लोगों को निकाल कर कहीं और स्थापित करना चाहिए। काफी पेड़ ऐसे हैं जिन्होंने शिमला के अंदर खतरा पैदा किया है और बिजली की तारे भी काफी बड़े जमघट में हैं इसको लेकर प्रशासन को तेजी से काम करना चाहिए। नुकसान बड़ा है पर विपक्ष और पक्ष दोनों मिलकर जन सेवा के लिए तत्पर है और इस आपदा की घड़ी में सबसे पहले लोगों की जान बचाना और बचे हुए लोगों का ख्याल रखना ही प्राथमिकता है।

# तुषार व शैफाली बने डब्ल्यूएफएफ बॉडी बिल्डिंग मिस्टर व मिस हिमाचल-2023

**टीम एक्शन इंडिया/ हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ**

**वर्ल्ड फिटनेस** फेडरेशन द्वारा एनआईटी हमीरपुर के ऑडिटोरियम में आयोजित फैशन फि टनेस बॉडीबिल्डिंग मिस व मिस्टर हिमाचल-23 का सफ ल समापन हुआ। समापन समारोह के अवसर पर खेलों में प्रदेश के लिए राष्ट्रीय पदक विजेता रहे, प्रदेश भाजपा सचिव व युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र अत्री ने बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया। प्रतियोगिता के डब्लूफ फ ओवरऑल मिस्टर हिमाचल-2023 का किताब कांगड़ा के तुषार बलौरिया व डब्ल्यूएफ एफ मिस हिमाचल-2023 का खिताब



शिमला की शैफ ाली रापटा ने जीता। यह जानकारी वर्ल्ड फि टनेस फेडरेशन की हिमाचल इकाई के अध्यक्ष मनीष कश्यप व महासचिव राजीव ठाकुर ने दी। मुख्य अतिथि नरेंद्र अत्री ने विजेताओं को मेडल पहनाकर ट्रॉफ ी व पुरस्कार का चेक प्रदान कर सम्मानित किया। नरेंद्र अत्री ने प्रतिभागियों, विजेताओं आयोजकों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी व संबोधित करते हुए कहा इस तरह के आयोजन युवाओं को स्वस्थ रहने व निरंतर अभ्यास व कड़ा परिश्रम करने की प्रेरणा देते हैं। नरेंद्र अत्री ने विजेताओं व प्रतिभागियों से आहवान किया, कि वे समाज में रोल मॉडल बंन कर, युवाओं को स्वस्थ रहने व ड्रग्स से दूर रहने के लिए प्रेरित करें। नरेंद्र अत्री ने जहां एक तरफ स्वतंत्रता दिवस है के शुभ अवसर पर देश की एकता अखंडता व आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले स्वतंत्रता सेनानियों व शहीदों को नमन किया प्रणाम किया, वहीं भारी बारिश के चलते प्रदेश में आई आपदा पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए सजग और सावधान रहने का आह्वान किया। आपदा की इस घड़ी में जितना हो सके पीड़ितों की मदद करने की भी अपील की।

# शिव बावड़ी मंदिर हादसे में 50 घंटे बाद मिला महिला का शव

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**राजधानी** के उपनगर समरहिल में भूस्खलन से धराशायी हुए शिव बावड़ी मंदिर के मलबे में लापता लोगों को निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन बुधवार को तीसरे दिन भी जारी है। एसडीआरएफ व एनडीआरएफ के साथ पुलिस व स्थानीय लोग बचाव व राहत कार्यों में जुटे हैं। हादसे के 50 घण्टे बाद बुधवार सुबह एक और शव बरामद हुआ है। शव की शिनाख्त 32 वर्षीय अर्चना शर्मा पत्नी अमन



शर्मा निवासी एमआई रूम समरहिल के तौर पर हुई है। मृतक महिला के परिवार के सात सदस्य हादसे के शिकार हुए हैं। इनमें उसके पति, दो मासूम बच्चियां, सास, ससुर शामिल हैं। महिला के पति, सास व दो बच्चियों के शव पहले ही बरामद कर लिए गए हैं। दिल दहलाने वाले इस हादसे में एक दर्जन के करीब लोग अभी भी लापता हैं। इनमें एक कारोबारी, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला के प्रोफेसर व उनका बेटा सहित अन्य लोग शामिल हैं। शिमला के एसपी संजीव गांधी ने बताया कि रेस्क्यू ऑपरेशन के तीसरे दिन सुबह एक लापता महिला का शव नाले से बरामद किया गया है।

## बाईक की टक्कर से व्यक्ति की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/ राजन पुरी।** **थाना** अंब के तहत कटोहड़ खुर्द में बाईक की टक्कर से 50 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक व्यक्ति की पहचान सुशील कुमार पुत्र किशन चंद निवासी कटोहड़ खुर्द, अंब के रुप में हुई हैं। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। वहीं पुलिस बाइक चालक पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। जानकारी के मुताबिक गत रात्रि मुकेश कुमार व राज कुमार निवासी बिहार बाईक पर कटोहड़ खुर्द की ओर से गुजर रहे थे।

# अभी तक फतेहपुर व इंदौरा के मंड क्षेत्र मे फंसे 933 लोगों का किया जा गया है रेस्क्यू

**टीम एक्शन इंडिया/ कांगडा/ विजय समयाल**

**विधानसभा** क्षेत्र फतेहपुर के रियाली पंचायत में बाढ़ प्रभावित एरिया में फं से हुए करीब 142 लोगों का मंगलवार को आर्मी के हेलीकॉप्टर द्वारा रेस्क्यू किया गया है जिनमें से 103 व्यक्तियों को संत निरंकारी भवन फ तेहपुर में ठहराया गया तथा 39 व्यक्तियों को इंदौरा के अंतर्गत बडुखर के सत्संग भवन में ठहराया गया है जिनकी खाने-पीने रहने की व्यवस्था की गई है। बही फ तेहपुर के विधायक भवानी सिंह पठानियां ने बताया की बुधवार को 2 चक्करों में 44 लोग और सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिए गए हैं पिछले कल से ले कर अब



तक विधानसभा फतेहपुर के 186 व्यक्ति मंड क्षेत्र से रिलीफ कैंपों में पहुंचाए गए हैं आज दोपहर बाद एनडीआरएफ की टीम पंजाब साइड से कौडू बेला, बेला ठाकरान, जट्ट बेली इत्यादि में ऑपरेशन आरंभ करेगी। वहीं उपमंडल इंदौरा में पिछले कल मंगलवार को 493 लोगों को रेस्क्यू किया गया था इनमें से हेलीकॉप्टर की 3 उड़ानों के माध्यम से 71 लोगों को एयरलिफ्ट किया गया तथा बोट द्वारा 422 लोगों को सुरक्षित निकाला गया था। रेस्क्यू किए गए लोगों में मंड घंडरा से 25, अरनी विश्वविद्यालय से 30, बडाला से 16, बेला इंदौरा से 72, मंड भोगरवां से 45,मंड मियानी से 181, उलैडि ?ां से 102, धमोता से 9 तथा हलेर से 13 लोग सुरक्षित निकाले गए था। जिला कांगड़ा के इंदोरा और फ तेहपुर उपमंडल में कल दोपहर से चल रहे रेस्क्यू ऑपरेशन में वायुसेना के हेलीकॉप्टर, सेना और एनडीआरएफ की मदद से लोगों को बाढग्रस्त क्षेत्रों से सुरक्षित निकालने का अभियान जारी है। जिलाधीश कांगड़ा डॉ. निपुण जिंदल ने बताया कि मंगलवार दोपहर से चले इस अभियान में आज बुधवार दोपहर तक 933 लोगों को रेस्क्यू किया जा चुका है। जिनमें 585 लोगों को इंदोरा और 348 लोगों को फ तेहपुर से रेस्क्यू किया गया है। उन्होंने बताया कि इन लोगों एचआरटीसी की बसों के माध्यम से प्रशासन द्वारा स्थापित राहत शिविरों में ले जाया जा रहा है।

राहत एवं बचाव कार्य अभी जारी है।

**ङ539 लोगों ने लिया राहत शिविरों में आश्रयङ**

उपायुक्त डॉ. निपुण जिंदल ने बताया कि इंदोरा और फ तेहपुर से निकाले जा रहे लोगों को प्रशासन द्वारा स्थापित राहत शिविरों में ले जाया जा रहा है।

# प्रो. चंद्र कुमार चौधरी ने की जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह की अध्यक्षता

**टीम एक्शन इंडिया/ चम्बा/ हामिद**

**कृषि** एवं पशुपालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार चौधरी ने 77वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर चंबा के ऐतिहासिक चौगान में आयोजित जिला स्तरीय समारोह की अध्यक्षता की। उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज फ हराया और मार्च पास्ट की सलामी ली। इस अवसर पर आयोजित एक भव्य मार्च पास्ट में परेड कमांडर उप निरीक्षक सौरभ कुमार के नेतृत्व में हिमाचल पुलिस, होम गार्ड, एनसीसी व एनएसएस, स्काउट एंड गाइड के दल ने भाग लिया। प्रो. चंद्र कुमार चौधरी ने



प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस शुभ अवसर पर हम उन सभी देशभक्तों को नमन करते हैं, जिन्होंने देश की आजादी के लिए कड़ा संघर्ष किया और कुर्बानियां दीं। साथ में उन्होंने यह भी कहा कि हिमाचल के लोग स्वाधीनता आन्दोलन तथा उसके उपरान्त देश की एकता एवं अखण्डता को बनाए रखने में हमेशा आगे रहे हैं।

# डीएवी पब्लिक स्कूल चंबा में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**टीम एक्शन इंडिया/ चंबा/ हामिद**

**डीएवी पब्लिक** स्कूल चंबा के प्रांगण में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष पर प्रधानाचार्य अशोक गुलरिया की उपस्थिति में वरिष्ठ अध्यापिका अनीता शर्मा द्वारा राष्ट्रीय ध्वजारोहण किया गया। राष्ट्रगान के साथ ध्वजारोहण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस मौके पर सभी शिक्षक उपस्थित रहे। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर शिक्षकों द्वारा अपने विचार प्रस्तुत



किए गए। प्रधानाचार्य अशोक गुलेरिया ने खराब मौसम के कारण प्रदेश में हुई जानमाल की क्षति के प्रति अपनी संवेदना प्रकट की और परम पिता परमेश्वर से प्रदेश के हालात सुधारने की कामना की। स्वतंत्रता दिवस पर अपनी शुभकामनाएं देते हुए

# सीपीएस आशीष बुटेल ने 77वें स्वतंत्रता दिवस पर केलंग में फहराया राष्ट्रीय ध्वज

**टीम एक्शन इंडिया/केलांग/अंगारिया**

देश के 77वें स्वतंत्रता दिवस समारोह का जिला स्तरीय कार्यक्रम केलंग के पुलिस मैदान में हर्षाउल्लास के साथ मनाया गया। समारोह में मुख्य संसदीय सचिव शहरी विकास, प्रारम्भिक एवं उच्च शिक्षा आशीष बुटेल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा पुलिस, होमगार्ड, आईटीबीपी, वन विभाग, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला केलंग तथा केंद्रीय विद्यालय केलंग की टुकडियों द्वारा प्रस्तुत भव्य मार्च पास्ट की सलामी ली। इस मौके पर लाहौल एवं स्पीति के विधायक रवि ठाकुर भी



विशेष तौर पर मौजूद रहे। इस अवसर पर 77वें स्वतंत्रता दिवस की सभी को बधाई देते हुए कहा कि आज ही के दिन 15 अगस्त, 1947 को हमारा महान राष्ट्र स्वतंत्र हुआ उन्होंने कहा कि यह दिन प्रत्येक भारतवासी के लिए अहम दिन है तथा अपना भविष्य बदलने व देश और प्रदेश को विकास के नई शिखर की ओर ले जाने के लिए सुनहरा अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि आजादी की लडाई में हिमाचल के वीर सपूतों ने भी बढ़चढ़ कर भाग लिया तथा धामी गोली कांड, प्रजामण्डल आन्दोलन, सुकेत सत्याग्रह और पझौता आन्दोलन ने अहम भूमिका निभाई। पछले दिनों प्रदेश में आई सबसे बडी प्राकृतिक आपदा के कारण अनेक सडकें, पुल जलविधुत और पेयजल आपूर्ति योजनाओं को भारी नुकसान हुआ तथा असंख्या पर्यटक फं स गये। प्रदेश सरकार ने युद्व स्तर पर कार्य करते हुए जहां रिकार्ड समय में बिजली, पानी व दूरसंचार सेवाओं को बहाल किया तो वहीं सेना के हेलीकॉप्टर के माध्यम से जगह-जगह फं से पर्यटकों एवं स्थानीय लोगों को सुरक्षित निकाला। उन्होंने कहा कि जिला लाहौल एवं स्पीति में भी जिला प्रशासन की तत्परता से विभिन्न स्थानों पर चलाए गए रेसक्यू अभियानों के माध्यम से जिला में लगभग 800 पर्यटकों, भेड़ पालकों एवं स्थानीय लोगों को सुरक्षित निकाला गया। उन्होंने इस सराहनीय कार्य के लिए जिला प्रशासन को बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदा के चलते जहां प्रदेश को लगभग 8 हजार करोड़ रुपए के नुकसान का अनुमान लगाया गया है तो वहीं जिला लाहौल एवं स्पीति को भी लगभग 108 करोड़ रुपए का नुकसान आंका गया है। उन्होंने हाल ही हुई बरसात के कारण अपना जीवन गवानें वाले लोगों को श्रद्धांजलि भी दी तथा पीड़ित परिजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदना प्रकट की। उन्होंने कहा कि आपदा की इस घडी में मुख्य मंत्री सुखविन्द्रर सिंह सुक्खू एवं वरिष्ठ मंत्रियों ने स्वयं फील्ड में उतर कर राहत एवं बचाव कार्य को चलाया।

# शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने ऊना में फहराया राष्ट्रीय ध्वज

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

**जिला स्तरीय** स्वतंत्रता दिवस समारोह राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ऊना के प्रांगण में धूमधाम के साथ मनाया गया। समारोह के दौरान शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा मार्च पास्ट की सलामी ली। इस दौरान पुलिस, होमगार्ड, एनसीसी, एनएसएस तथा स्काउट एंड गाइड की टुकडि ?ों ने भव्य मार्च पास्ट किया। 77वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए अपने संबोधन में रोहित ठाकुर ने स्वाधीनता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाली महान विभूतियों को याद कर उन्हें



नमन किया। उन्होंने कहा कि देवभूमि हिमाचल के वीर सपूतों ने आजादी की लड़ाई में अपनी अहम भूमिका निभाई है। हमें इस बात का गर्व है कि देश का पहला परमवीर चक्र हिमाचल के वीर सपूत मेजर सोमनाथ शर्मा को अपने सर्वोच्च बलिदान के लिए प्राप्त हुआ था। इस मौके पर शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने एमसी पार्क में बने शहीद स्मारक पर पुष्पांजली अर्पित कर शहीदों को नमन किया। जिला ऊना में आपदा के दौरान राहत व बचाव कार्यों में अनुकरणीय योगदान देने के लिए लोकनिर्माण विभाग के एसडीओ अरविन्द, जेई गुलशन कुमार, आशीष कुमार, जेसीबी ऑप्रेटर, नरेश कुमार, मंगत राम, टिप्पर ड्राईवर हुसन चंद, बेअंत सिंह, हिमाचल होमगार्ड की 12वीं वाहिनी ऊना से प्रशामक मुकेश कुमार, गृह रक्षक केशव कुमार व सैक्शन लीडर दविन्द्र जीत को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रदेश में आपदा के दौरान अपनी बचत की राशि को मुख्यमंत्री राहत कोष में जमाकर अनुकरणीय कार्य करने के लिए पनव शर्मा व कुमारी मानसी राणा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। रूहान भाटिया ने स्वच्छ पर्यावरण का अनुकरण करते हुए दो किलो पोलीथीन इक्ा कर नगर पंचायत दौलतपुर को सौंपा तथा पर्यावरण को बचाने का संदेश दिया। समाज को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के लिए उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। कुमारी सौम्या शर्मा द्वारा रामायण महाकाव्य का हिन्दी में संक्षिप्त एवं सरल अनुवाद करने तथा मुख्यमंत्री राहत कोष में 21 हजार रुपए की राशि प्रदान के लिए उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। तालाबों को साफ करके इनका कायाकल्प करके अमृत सरोवर के रूप में विकसित किया गया। इससे जहां जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा वहीं ग्रामीण क्षेत्र पर्यटन का केंद्र भी बनेंगे जिसके

# मोटोरोला ने भारत का सबसे किफायती स्मार्टफोन मोटो ई13 लॉन्च किया

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**

मोटोरोला ने अपनी ई.सीरीज लाइनअप के विस्तार की घोषणा की और बेहद दमदार 8जीबी रैम और 128जीबी स्टोरेज वाले बिल्कुल नए वेरिएंट में मोटो ई13 को लॉन्च किया है। यह ई.सीरीज के परिवार में शामिल होने वाला सबसे नया स्मार्टफोन है जो यकीनन अपने बेमिसाल परफॉर्मेंस,शानदार डिजाइन और मात्र 8999 रुपये की बेजोड़ कीमत के साथ इस सेगमेंट में बदलाव के नए दौर की शुरूआत करेगा।मोटो ई13 बेहतरीन स्मार्टफोन की एक मिसाल है जिसकी टेक्नोलॉजी और शानदार परफॉर्मेंस का कोई मुकाबला नहीं है इस ऑल.इन.वन स्मार्टफोन में यूनिसोक टी606 ऑक्टा.कोर प्रोसेसर लगाया गया है जो पहले से कहीं बेहतर हटके एक्सपीरियंस की गारंटी देता है दमदार 8जीबी रैम और 128जीबी स्टोरेज की जबरदस्त क्षमता वाले इस स्मार्टफोन पर यूजर्स बड़ी आसानी से मल्टीटास्किंग कर सकते हैं बहुत ज्यादा ग्राफिक्स वाले ऐप्स चला सकते हैं और बिना किसी रुकावट के अपने सभी पसंदीदा कंटेंट्स को स्टोर कर सकते हैं।मोटो ई13 को हर किसी का दिल जीतने के लिए डिजाइन किया गया है और सचमुच यह स्मार्टफोन एक शोस्टॉपर की हर कसौटी पर खरा उतरता है।सिर्फ 179.5ग्राम वजन और अल्ट्राथिन 8.47 मिमी प्रोफाइल वाले इस स्मार्टफोन का स्लीक और स्टाइलिश प्रीमियम डिजाइन आपकी ऑन द गो लाइफस्टाइल से पूरी तरह मेल खाता है साथ ही इसकी प्रीमियम एक्रेलिक ग्लास बॉडी इस स्मार्टफोन को बिल्कुल अलग ही लुक देती है।

## न्यूज फ्लैश

### स्वतंत्रता दिवस समारोह में विधायक पृथला नयन पाल रावत ने किया ध्वजारोहण



**गन्नौर: उपमंडल स्तरीय** स्वतंत्रता दिवस समारोह में विधायक पृथला नयन पाल रावत ने ध्वजारोहण कर मार्च पास्ट कर रही सभी परेड टुकड़ियों की सलामी ली और सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए विजेता टीमों तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाली समाजसेवी संस्थाओं व कर्मचारियों को सम्मानित भी किया। इस मौके पर एसडीएम निर्मल नागर, तहसीलदार मनोज कुमार, बीडीपीओ पूनम चंदा, एसीपी गन्नौर गोरखपाल राणा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। इस मौके पर विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

### चाइल्ड केयर इंटरनेशनल स्कूल में उत्साह से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



**गन्नौर: चाइल्ड** केयर इंटरनेशनल स्कूल में स्वतंत्रता दिवस उत्साह से मनाया गया। बच्चों ने देशभक्ति से युक्त कविताएं सुनाई व भाषण दिए। स्कूल के प्रबंधक अजय यादव, प्रधानाचार्या अक्षिता आहूजा ने ध्वजारोण कर छात्रों में देशभक्ति की भावना को जागृत किया। शिक्षक सुरेंद्र, नीलम, लवली, कुसुम, आदि ने व्यवस्था में सहयोग किया।

### ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया आजादी का जश्न



**सोनीपत: ज्ञान गंगा** ग्लोबल स्कूल (जी-3) में विद्यार्थियों ने हर्षोल्लास के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया । स्कूल परिसर में आयोजित समारोह में स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन व प्राचार्या गीता चोपड़ा ने देश की आन-बान-शान के प्रतीक तिरंगे को फहराते हुए विद्यार्थियों को बधाई दी। समारोह में छात्र-छात्राओं ने रंगारंग प्रस्तुतियों के माध्यम से देश प्रेम का संदेश दिया । स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज की युवा पीढ़ी को देश की आजादी का मूल्य समझना चाहिए। उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों व शहीदों को नमन करते हुए कहा कि देशभक्तों के लंबे संघर्ष, त्याग व शहादत की बदौलत ही हमें आजादी मिली है। हमारा भारत सभ्यता, संस्कृति और ज्ञान की पराकाष्ठा के कारण विश्व गुरु माना जाता है। इसलिए इस पावन दिवस पर हम सभी को यह संकल्प लेना चाहिए कि भारत को विश्वगुरु बनाए रखने में हम सदैव तत्पर रहेंगे। सीईओ संजय जैन ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान से विशेष कर छात्र-छात्राओं को काफी प्रोत्साहन मिला है। आज पूरा देश तिरंगे के रंगों में रंगा है। पूरा देश देश भक्ति के रंग में रंगा है। प्राचार्या गीता चोपड़ा ने विद्यार्थियों को स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति सदैव आभारी रहने ,उनके बलिदानों को याद रखने तथा स्वतंत्रता के महत्व को समझने का संदेश दिया। इस मौके पर सभी विद्यार्थियों ने राष्ट्रगान गाया व झंडे को सलामी दी। समारोह में छात्र-छात्राओं ने गीत, संगीत, नृत्य, भाषण व नाटिकाओं के माध्यम से देश प्रेम का संदेश दिया। छात्राओं ने देश भक्ति की भावना से सराबोर समूह नृत्य की दमदार प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। खास तौर पर महात्मा गांधी, पंडित जवाहर लाल नेहरू, सुभाष चंद्र बोस आदि की वेशभूषा में यहां पहुंचे नौनिहालों ने अपनी दमदार प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों को भाव विभोर कर दिया। युग, युक्ति, जैनिका, देव, अर्पित, हिमांशी, रिद्धि, अनाया, मौलिक आदि ने अपने देशभक्ति के जज्बे व भावपूर्ण अभिनय से सभी को प्रभावित किया और भारत में अनेकता में एकता का संदेश किया। अध्यापिका बीना, मुकेश, प्रीति, संगीता, मीनू,दिव्या, आहुति, नमिता, नीरजा, सीमा, कावेरी आदि ने इस आयोजन में अहम योगदान किया ।

# मेयर निखिल मदान ने नगर निगम वासियों को दी स्वतन्त्रता दिवस की शुभकामनायें

## रोटरी क्लब द्वारा आयोजित साइकिल यात्रा को हरी झंडी दिखाकर शुरू करवाया

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत मंगलवार को** स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर मेयर निखिल मदान ने दर्जन भर से अधिक कार्यक्रमों में शिरकत कर निगम वासियों को स्वतन्त्रता दिवस की शुभकामनायें दी।

इस दौरान मेयर निखिल मदान रोटरी क्लब के एटलस रोड़ स्तिथ सेंटर में पहुँचे जहाँ उन्होंने रोटरी क्लब द्वारा आयोजित साइकिल यात्रा को हरी झंडी दिखाकर शुरू करवाया। स्वतन्त्रता दिवस के मौके पर निकाली गई यात्रा की थीम क्लीन सोनीपत ग्रीन सोनीपत रखी गई। इसके पश्चात मेयर निखिल मदान द्वारा सिद्धार्थ एंकलेव,बाबा कॉलोनी,विकास नगर में शहीद भगत सिंह पार्क में ध्वजारोहण किया गया।



इस अवसर पर मेयर निखिल मदान ने अपने सम्भोदन में कहा कि आज हम सबको देश के सभी स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों को भी याद करना चाहिए जिन्होंने ब्रिटिश हुकूमत की अनेकों यातनाये सहने के बाद अपना बलिदान दिया।

इसके उपरांत मेयर निखिल मदान ने जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा 77 वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में कांग्रेस भवन में आयोजित स्वतन्त्रता दिवस समारोह में हिस्सा लेकर कांग्रेस नेताओं एवं पार्टी कार्यकताओं के साथ मिलकर ध्वजारोहण किया।

मेयर निखिल मदान ने इसके उपरांत समाजसेवी संस्था स्प्रेड स्माइल फाउंडेशन द्वारा सेक्टर 12 कम्युनिटी सेंटर में, सेक्टर 23 के लाल बहादुर शास्त्री पार्क में, ककरोई रोड़ स्तिथ वाल्मीकि मंदिर, ओल्ड हाउसिंग बोर्ड कालोनी में भी ध्वजा रोहण कर लोगों को स्वतन्त्रता दिवस की शुभकामनायें दी। मेयर निखिल मदान ने इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लिया और प्रस्तुति देने वाले स्कूली विद्यार्थियों का हौंसला बढ़ाया। मेयर निखिल मदान ने स्वतंत्रता दिवस पर अग्रसेन भवन में अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मलेन द्वारा लगाए गए तृतीय विशाल रक्तदान शिविर में पहुंच कर सभी रक्तदाताओं का हौंसला बढ़ाया और आयोजकों को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी।

## पंचमुखी हनुमान मंदिर में भागवन कथा के समापन पर लगाया भंडारा



**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल।** पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास मोहल्ला चांदूवाडा में कथा के समापन पर हवन यज्ञ और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान कथा व्यास पंडित नवीन कौशिक ने व्यास पीठ से कहा कि आत्मा को जन्म व मृत्यु के बंधन से मुक्त करने के लिए भक्ति मार्ग से जुडकर सत्कर्म करना चाहिए। हवन यज्ञ से वातावरण एवं वायुमंडल शुद्ध होने के साथ साथ व्यक्ति को आत्मिक बल मिलता है। यज्ञ से देवता प्रसन्न होकर मन वांछित फल प्रदान करते हैं। श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण से व्यक्ति भवसागर से पार हो जाता है। श्रीमद् भागवत से जीव में भक्ति ज्ञान एवं वैराग्य के भाव उत्पन्न होते हैं। इसके श्रवण मात्र से व्यक्ति के पाप पुण्य में बदल जाते हैं। विचारों में बदलाव होने पर व्यक्ति के आचरण में बदलाव हो जाता है। कथा के समापन पर यजमान अनिल सचदेवा, पूनम सचदेवा, श्रीकांत पाल, सरस्वती पाल, कैलाश सैनी, शर्मिला सैनी, कन्हैया लाल शर्मा, सरोज देवी, भगवती यादव, मुनेश यादव, नरेश वाधवा, प्रीति वाधवा, कप्तान यादव, सुरेंद्र अग्रवाल एवम समस्त मोहल्ला वासी उपस्थित रहे।

## गन्नौर कोर्ट परिसर में तिरंगा फहराकर महानी शहीदों की कुर्बानी को याद किया



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। बार** एसोसिएशन द्वारा कोर्ट परिसर में स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। समारोह में बतौर मुख्यातिथि एडशिनल सिविल जज सीनियर डिविजन सोनिया श्योकंद व सिविल जज जूनियर डिविजन पुनीत लिंबा ने ध्वजारोण किया। बार एसोसिएशन प्रधान गौरव त्यागी व अन्य वकीलों ने उनका बूके देकर स्वागत किया। एडशिनल सिविल जज सीनियर डिविजन सोनिया श्योकंद ने कहा कि महान शहीदों की कुबार्नी की बदोलत आज हम आजादी की खुली हवा में सांस ले रहे है। सिविल जज जूनियर डिविजन पुनीत लिंबा ने शहीदों को नमन किया। कार्यक्रम में सभी अधिवक्ता मौजूद थे।

## डीएवी स्कूल में स्वतंत्रता दिवस पर लहराया तिरंगा



**गन्नौरः डी.** ए. वी. पब्लिक स्कूल में उमंग के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया।

जिसमें 48 राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानति स्कूल की मैनेजर अनीता बढ़ेरा व प्रधानाचार्य चन्द्रप्रकाश ने ध्वजारोहण किया। छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मंच का संचालन छात्रा सोनल एवं संजना शिक्षिका प्रवीण सेतिया ने किया।

## रोटरी रसोई पर जरूरतमंद लोगों को भोजन करवाकर अपने पिता को दी श्रद्धाजंलि

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल।** रोटरी क्लब नारनौल सिटी द्वारा महावीर चौक पर संचालित रोटरी रसोई पर प्रतिदिन मात्र 10 रूपए में जरूरतमंद लोगों को भरपेट उपलब्ध करवाया जाता है। जिसमें क्लब सदस्यों के अलावा क्षेत्र के अन्य गणमान्य जागरूक लोग भी अपने जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ, स्मृति दिवस इत्यादि के अवसर पर रसोई में अपनी सेवाएं देकर रसोई को विशेष सहयोग प्रदान कर अपने विशेष दिन को यादगार बनाते हैं। इसी कडी में बुधवार को रामोतार जिंदल की पुध्यतिथि के अवसर पर सुभाष चन्द मुकेश चन्द परिवार ने जरूरतमंद लोगों को भोजन करवाने में अपना विशेष सहयोग प्रदान कर रसोई पर सेवा दी। उन्होने बताया कि उनके पिता धार्मिक प्रवृति के इंसान थे और इस प्रकार रोटरी रसोई के माध्यम से जरूरतमंद लोगों को भोजन करवाकर किसी का पेट भरने से उन्हे सच्ची श्रद्धांजली अर्पित की गई। क्लब की ओर से उन्हे सम्मानित करते हुए क्लब के जोनल चेयरपर्सन प्रवीण संघी ने बताया कि रोटरी क्लब द्वारा पिछले करीब 5 वर्षों से इस रसोई का सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है। जहां मात्र दस रूपए में प्रतिदिन करीब 300 से 350 लोग भोजन ग्रहण करते हैं और इसी प्रकार क्षेत्र के अनेक जागरूक गणमान्य जन समय समय पर अपना विशेष सहयोग देकर इस नेक कार्य में हाथ बंटाते हैं।




# बालौर में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।**
**स्वतंत्रता दिवस** के अवसर पर बहादुरगढ़ के बालौर गांव में 77वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर गांव के 93 वर्षीय वयोवृद्ध एवं शिक्षाविद् प्रोफेसर धर्मेन्द्र यादव ने ग्राम पंचायत के आग्रह पर ग्राम पंचायत भवन में तिरंगा फहराया। इस समारोह का आयोजन बालौर गांव के सरपंच राजेश यादव की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सभी पदाधिकारी, पंच, बच्चे व काफी संख ग्रामीण उपस्थित थे। इस अवसर पर बालौर के सरकारी स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक व देशभक्ति के गीत पेश कर सबका मन मोह लिया।



ध्वजारोहण करते हुए मुख्यअतिथि पूर्व प्रोफेसर धर्मेन्द्र यादव ने कहा कि देश एक तरफ विकास के रास्ते पर चल रहा है वहीं देश में अलगाववादी ताकते भी बढ़ रही है। इसलिए हम सबको मिलकर देश की एकता, अखंडता व भ्रष्टाचार मुक्त भारत के लिए मिलकर काम करना चाहिए। उन्होने बच्चों को अपने बचपन की कुछ यादों को भी बताया और कहा कि वह भी इसी स्कूल से पढ़े है और आज आपकों देखकर उन्हे अपना बचपन याद आ गया। उन्होने गांव में भाईचारे व विकास के कार्यों को मिलकर करने का आहवान किया। इस अवसर पर ग्राम सरपंच राजेश यादव ने मुख्य अतिथि का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया और कहा कि अपनो बुजुर्गों को सम्मान देना ही हमारी संस्कृति है। इस अवसर उन्होने मुख्यअतिथि के साथ ध्वजारोहण किया और सभी को देश के प्रति समर्पित रहने और देश की एकता, अखंडता व भ्रष्टाचार मुक्त भारत की शपथ दिलाई। स्वतंत्रता दिवस समारोह में सतबीर यादव, जवाहर यादव, हरपाल सिंह यादव, राज सिंह नंबरदार, धर्मसिंह, शेर सिंह यादव, होश्यार सिंह यादव, राजबीर यादव के साथ-साथ बालौर स्कूल के शिक्षक बलजीत सिंह, सुशीला देवी, सीमा व अनूप सिंह भी उपस्थित रहे। समारोह के समापन पर सरपंच राजेश यादव ने सभी का आभार व्यक्त किया बच्चों को लड्डू बांटे गये।

**शपथ दिलवाई**

▶▶ सभी को देश के प्रति समर्पित रहने और देश की एकता, अखंडता व भ्रष्टाचार मुक्त भारत की शपथ दिलाई

## टेकनोलॉजी की दुनिया में टेकनो अपनी सिग्नेचर सीरीज का प्रदर्शन करता है

**नोएडा।** टेकनो मोबाइल - एक वैश्विक प्रीमियम स्मार्टफोन ब्रांड - ने 11 अगस्त से 13 अगस्त 2023 को अपनी पहली वार्षिक घटना 'वर्ल्ड ऑफ टेकनोलॉजी' का आयोजन किया, जो 16 अगस्त 2023 को दिल्ली के डीएलएफ अवेन्यू में हुआ, जहां पर उसने पोवा 5 सीरीज और मेगाबुक लैपटॉप का अनावरण किया। टेकनो द्वारा भारत में पहली बार आयोजित टेक्नोलॉजी इवेंट ने उसके विभिन्न उत्पाद लाइन और संबंधित एआईओटी श्रेणियों में उसके भविष्यवाणीक उत्पादों की विविध रेंज प्रस्तुत की। इस ब्रांड ने आने वाले त्योहारी मौसम के दौरान प्रमुख राज्यों के सभी टियर 1 और 2 शहरों में इस अविस्मरणीय आयोजन को आगे बढ़ाने की योजना बनाई है। टेकनो ने भारतीय उपभोक्ताओं की विशेष आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अनुकूलित समाधान प्रदान करने वाले एक नवाचारी प्रौद्योगिकी-नेतृत्व ब्रांड के रूप में खुद को स्थापित करने का लक्ष्य रखा है। 2023 की शुरूआत से, टेकनो ने छ 20,000 से छ 1 लाख तक के मध्य-उच्च सेगमेंट के लिए अपने उत्पाद पोर्टफोलियो को संयोजित करने और बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया है।

आरिजित तालापात्रा, सीईओ, टेकनो मोबाइल इंडिया, ने टिप्पणी की, ह्लपिछले छह सालों में, टेकनो ने पूरे भारत में अपनी मौजूदगी को महसूस किया है। उत्कृष्ट गुणवत्ता, विशेष दिखावट और शक्तिशाली प्रदर्शन की मिसाल प्रस्तुत करते हुए, हमारे उत्पाद पोर्टफोलियो को 20 मिलियन से अधिक उपभोक्ताओं द्वारा प्रशंसा मिली है। हम स्थानीय विनिर्माण, आर एंड डी और प्रतिभा अधिग्रहण पर महत्व देते हैं ताकि हम पहले मेड-इन-इंडिया फोल्डेबल स्मार्टफोन जैसे उदाहरणों को प्रदान कर सकें।

## चर्चित अंग्रेजी लेखक शेर सिंह ह्यूमैनिटेरियन एक्सीलेंस अवॉर्ड 2023 से सम्मानित हुए



**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर जयपुर में** स्वतंत्रता दिवस के मौके पर आई केन फाउंडेशन द्वारा ह्यूमैनिटेरियन एक्सीलेंट अवार्ड 2023 का आयोजन हिल्टन होटल में रखा गया जिसमें लेखक शेर सिंह को आई केन फाउंडेशन द्वारा एजुकेशन, मीडिया एंड आर्ट में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए ह्यूमैनिटेरियन एक्सीलेंस अवार्ड 2023 से नवाजा गया। आई केन फाउंडेशन के संस्थापक श्री गौरव गौतम जी व अन्य विशिष्ट अतिथियों ने उनको सर्टिफिकेट व शील्ड देकर सम्मानित किया । समारोह के मुख्य अतिथि श्री अरुण चतुवेर्दी जी थे। यह पुरस्कार आई केन फाउंडेशन द्वारा मानव सेवा के लिए विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए दिया जाता है।

## सीधी बजाई कर किसान लें अधिक पैदावार: अजय राणा

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) अंबाला** के निकटवर्ती गांव तेपला स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में सीधी बिजाई को लेकर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें कृषि विज्ञानिकों सहित आए वक्ता को सवाना सिड्स का फुलपेज तकनीक का प्रयोग बताया। इस दौरान सवाना सीड्स के सीईओ अजय राणा, मनोज सिंह ने बताया कि इस तकनीक से किसानों को भारी फायदा होगा। उन्होंने कहा कि इस तकनीक से पानी की बचत होती है तथा खेतों में किसानों को मजदूरों की भी कम आवश्यकता होती है।



यहां तक की सीधी बिजाई पर सरकार भी अनुदान दे रही है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में यह तकनीक सबसे कारगर है। इससे किसान अधिक पैदावार ले सकता है। संस्थान के निदेशक डॉ उपासना ने बताया कि किसानों को डीएसआर को लेकर हम जागरूक कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि हमारें जिले में धान की रूपाई अधिक होती है। ऐसे में यहां पर जल की बचत करना हमारा कतर्व्य है। किसानों को अधिक से अधिक फायदा हो इसको ध्यान में रखते हुए जागरूकता अभियान चलाए जाते हैं तथा संगोष्ठियों के माध्यम से किसानों को बताया जाता है कि डीएसआर से सीधी बिजाई कर अधिक पैदावार की जा सकती है। उन्होंने यह भी बताया कि 2010 में खुड्डा गांव से इस तकनीक को शुरू किया गया था। और आज यह तकनीक इस क्षेत्र में काफी कारगर सिद्ध हो रही है। वहीं इस संबंध में किसानों से बात की गई तो उन्होंने बताया कि सीधी बिजाई डीएसआर को अपना रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस बिजाई से किसानों को भारी फायदा हो रहा है और किसानों को भी चाहिए कि वह डीएसआर शुरू करें।

# नागरिक अपने कर्तव्यों को निभाते हुए भी कर सकते है देश सेवा: अनिल

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत क्राईम कन्ट्रोल** एंड ह्यूमन राईट्स ऑर्गेनाईजेशन द्वारा आजादी के 76 वें स्वतंत्रता दिवस पर युद्ध स्मारक सोनीपत पर रीथलिंग सेरेमनी (श्रद्धांजलि) का कार्यक्रम आयोजित किया गया ' कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि 12 हरियाणा बटालियन एन सी सी कमाडिंग ऑफिसर कर्नल अनिल यादव पहुंचे ' कर्नल ने युद्ध स्मारक पर रित चढाते हुए शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की कहा कि देश के प्रत्येक नागरिक को देश की रक्षा करते हुए शहीद जवानों को हमेशा याद करना चाहिए ' जरूरी नही कि वर्दी पहन कर ही देश सेवा की जाए अपने कर्तव्यों को निभा कर भी देश सेवा की जा सकती है। हमें शहीदों कुबार्नी को याद रख कर देश की एकता अखंडता को बनाए रखने का सदैव प्रयासरत रहना चाहिए ' बतौर वशिष्ठ अतिथि सूबेदार मेजर सुरेश कुमार, नायब सूबेदार शिवाकांत गौड़ ने शिरकत की शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की ' कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद कटारिया ने की ' मंच का संचालन संध्या सिंह द्वारा किया गया ' कार्यक्रम में जी०वी०एम एवं हिन्दू कन्या कालेज, आई टी आई के एन सी सी कैडेट्स द्वारा शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की ' इस अवसर पर हवलदार राजकुमार, हवलदार सन्दीप कुमार, एन०एन०ओ० लेफ्टिनेंट प्रियंका दहिया, नीतू नासिर, सेवानिवृत्तदफेदार मुकेश मलिक, स्वच्छ भारत मिशन सदस्य किरण बाला, पार्षद नितू दहिया, समाज सेविका उषा भण्डारी, स्नेह लता, कोषाध्यक्ष शुभम कुमार, उमेश गौड़, कपिल अनेजा, जिला अध्यक्ष कुलदीप ठाकुर, सचिव राजीव राठौड़, महिला जिलाध्यक्ष प्रियंका सिंह, सचिव सरिता पांचाल, नरजीत खत्री, डॉ घनश्याम, अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।



# विधायक पंवार ने स्वतंत्रता दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों में पहुंचकर किया ध्वजारोहण

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत। विधायक सुरेंद्र** पंवार ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सिद्धार्थ कॉलोनी, नरेंद्र नगर स्थित सेंट जूड एकेडमी, जिला कांग्रेस भवन, लाल बहादुर शास्त्री पार्क सेक्टर-23, शहीद भगत सिंह पार्क विकास नगर, ककरोई रोड भगवान वाल्मीकि मंदिर, ज्ञान विद्यापीठ स्कूल, कुष्ठ आश्रम सेक्टर-15 सहित अन्य स्थानों पर पहुंचकर ध्वजारोहण किया। विधायक सुरेंद्र पवार ने शहरवासियों को स्वतंत्रा दिवस की शुभकामनाएं दी। विधायक सुरेंद्र पवार ने कहा कि 15 अगस्त का दिन देशवासियों के लिए बड़े हर्ष व उल्लास का दिन होता है। 15 अगस्त के दिन ही हमारा देश आजाद हुआ था। यह स्वतंत्रता हमें कोई एकाएक नहीं मिली थी, बल्कि यह देश के महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के दशकों तक किए गए कड़े संघर्ष, त्याग, तपस्या व बलिदान का नतीजा था। आजादी के मतवालों ने देश को आजाद करवाने में अपना सब कुछ दांव पर लगा दिया था। उन सभी महान स्वतंत्रता सेनानियों को शत-शत नमन करता हूं कि जिनकी बदौलत आज हम खुली हवा में सांस ले रहे है। हम सभी का कर्तव्य बनता है कि हम देश को आजादी दिलवाने वाले उन सभी वीरों के दिखाए मार्ग पर चलते हुए अपने देश को तरक्की के पथ पर निरंतर आगे बढ़ाते रहे, ताकि हमारा देश व प्रदेश हमेशा खुशहाल रहे।



# संपादकीय

## लालकिला से प्रधानमंत्री के मन की बात

**लालकिला** की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का इस बार का उद्बोधन काफी अलग था। यूँ कहें कि नए मिजाज और नए रिवाज साथ के साथ मन की बात तो गलत नहीं होगा। हर बार से अलग परिवार जनों से शुरूआत कर इतना संकेत दे दिया कि वे न केवल अलग बोलेंगे बल्कि ऐसा बोलेंगे, जिसके राजनीतिक मायने बहुत गहरे होंगे। अपनी सरकार की उपलब्धियों का खाका खींचते हुए बड़ी बेबाकी से 2014 से अब तक के सफर पर प्रकाश डाला। मणिपुर का भी जिक्र कर जताया कि वो भी उतने चिंतित हैं जितने दूसरे। गुलामी के एक हजार वर्षों की बात कह उन्होंने कहा कि हम ऐसे संधिकाल में हैं जहाँ आगे के हजार साल की दिशा तय करनी है। युवाओं का कई बार जिक्र कर भरोसा जताते हुए कहा दुनिया में भारत अकेला ऐसा देश है जहां 30 वर्ष के युवा जनसंख्या में अधिक हैं, यही हमारी ताकत हैं। इनकी कोटि-कोटि भुजाएं और मस्तिष्क की क्षमताएँ देश को दुनिया में अलग स्थान देने तत्पर है। विश्व इन प्रतिभाओं से चकित है क्योंकि तकनीक के दौर में इनके टैलेण्ट से हम दुनिया में नई भूमिका में होंगे। प्रधानमंत्री को सुनने भारत के सीमावर्ती इलाकों के 600 गांवों के प्रधान भी आमंत्रित थे, जिनका जिक्र करते हुए कहा कि जो कभी सीमावर्ती गांव होते थे आज वो पहली पंक्ति के हैं। ऐसा बदलाव बड़ी इच्छाशक्ति से संभव हो पाया है। गठित नए मंत्रालयों की जरूरत बताते हुए कहा कि इससे कैसे-कैसे परिवर्तन और बेहतरी होगी। घर-घर पेयजल, पर्यावरण में सुधार के साथ मत्स्य पालन, पशु पालन, डेयरी उद्योग की बेहतरी होगी। सहकारिता मंत्रालय से अलग-अलग तबकों को फायदा होगा। जब उनकी सरकार 2014 में सत्ता आई थी तब दुनिया में हमारी वैश्विक अर्थव्यवस्था दसवें क्रम पर थी, आज पांचवें पर है। हरित ऊर्जा, सौर ऊर्जा, वंदेभारत-बुलेट ट्रेन, बेहतर सड़कें, इलेक्ट्रिक बसें, 5-जी, क्वांटम कंप्यूटर, नैनो यूरिया, जैविक खेती उपलब्धियां हैं। उन्होंने बड़े आत्मविश्वास से कहा जिसका हम शिलान्यास करते हैं उसका उद्घाटन भी करते हैं। बड़ा सोचना और दूर का सोचना हमारी कार्यशैली है। 200 करोड़ वैक्सिनेशन पूरा करने का सामर्थ्य दुनिया के लिए उदाहरण है। 75 हजार अमृत सरोवर की कल्पना साकार होने वाली है। निश्चित रूप से जलशक्ति, जनशक्ति से पर्यावरण की दिशा में भी भारत बहुत आगे जा चुका है। अगले महीने से एक नई विश्वकर्मा योजना का एलान भी किया। इस दिन 13-15 हजार करोड़ रुपये से इसके जरिए पारंपरिक कौशल में लगे लोगों को मदद पहुंचेगी। नई संसद का जिक्र करते हुए कहा पुरानी संसद में कम जगह की चर्चा तो पिछले 25 सालों से हमेशा होती थी लेकिन नई संसद को पूरा कर दिखाने का सामर्थ्य मोदी ने ही दिखाया। उन्होंने कहा नया भारत न रुकता है, न थकता है न हाँफता है, न हारता है, इसीलिए सीमाएं सुरक्षित हुईं। सेना में बदलावों से ही सुरक्षा की अनुभूति हुई है। आतंकी-नक्सली हमलों में जबरदस्त कमीं का बड़ा परिवर्तन दिखा। अपने सपने का घर हर कोई बनाना चाहता है। पैसों की दिक्कत के कारण पूरा नहीं हो पाता और मजबूरी में किराए के घर में रहना पड़ता है।

इनके लिए सरकार की भावी योजना आ रही है जिसमें ब्याज पर लाखों रुपए की राहत मिलेगी। भारतीय महिलाओं की विशेष चर्चा करते हुए कहा कि पूरी दुनिया इनका सामर्थ्य देख दंग है। अब कृषि के क्षेत्र में ड्रोन संचालन में भी महिला स्व-सहायता समूहों की बड़ी भूमिका होगी। इससे एग्रीटेक क्षेत्र में नई क्रान्ति होगी।

# दंड संहिता में बदलाव बड़ा कदम

**राजेश माहेश्वरी**

> सरकार द्वारा पेश किए गए 3 कानून संबंधी बिल में भगोड़ों को सजा दिलाने का भी प्रावधान किया गया है। नए कानून के तहत अगर कोई व्यक्ति देश छोड़कर भाग जाता है, तो उसपर भी अब केस चल सकेगा। सत्र न्यायालय व्यक्ति की अनुपस्थिति में भी केस चला सकेगी और उस व्यक्ति को बचने के लिए वापस लौटना होगा। वर्तमान न्यायिक व्यवस्था में किसी अपराधिक मामले पर अंतिम फैसला होते-होते कुछ लोगों की जिंदगी का लंबा समय गुजर जाता है। ये धारणा भी काफी मजबूती के साथ उभरी है कि निर्दोष व्यक्ति व्यवस्था में खामियों के चलते जेल में सड़ता रहता है वहीं अपराधी प्रवृति के लोग छुट्टा घूमते हैं। न्याय को सस्ता और सुलभ बनाने के तमाम दावे भी हवा-हवाई होकर रह गए हैं। एक जैसे मामले में किसी को तो तत्काल जमानत दे दी जाती है

**हमारे** देश में किसी अपराध के लिए क्या सजा होनी चाहिए, यह वर्तमान में भारतीय दंड संहिता के द्वारा निर्धारित किया जाता है। दंड संहिता की 500 से अधिक धाराओं में अलग-अलग अपराधों और उनके लिए दी जाने वाली सजा को परिभाषित किया गया है। करीब 160 साल पुराने इन कानूनों में समय-समय पर आवष्यक बदलाव भी किये गये, लेकिन इसके मूल स्वरूप को नहीं बदला गया। अब भारत सरकार वर्तमान दंड संहिता में बड़ा बदलाव करने जा रही है। बीते दिनों संसद के मानूसन सत्र के दौरान देश के गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में भारतीय दंड संहिता यानी आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता यानी सीआरपीसी और भारतीय साक्ष्य अधिनियम यानी एविडेंस एक्ट की जगह तीन नए कानूनों का विधेयक पेश किया है। जल्द ये तीनों बिल, संसदीय प्रक्रिया को पूरा कर कानून की शक्ल ले लेंगे। देश को आजाद हुए 75 साल से ज्यादा का समय हो चुका है, लेकिन 1860 में बने कानून 2023 तक अंग्रेजों के बने हुए कानून के आधार पर इस देश की आपराधिक न्याय प्रणाली चलती रही। इसकी जगह भारतीय आत्मा के साथ ये तीन कानून स्थापित होंगे और हमारी आपराधिक न्याय प्रणाली के अंदर बहुत बड़ा परिवर्तन आएगा। नये मसौदे में भारतीय न्याय संहिता में महिलाओं से जुड़े अपराधों को रोकने के लिए खास कदम उठाए गए हैं। इसमें कोई दो राय नहीं है कि गृह मंत्री ने जो मसौदा संसद मे पेष किया है, वे निश्चित रूप से समय की मांग हैं। देश में कानून को लागू करने के अलावा न्यायालयीन प्रक्रिया की वर्तमान स्थिति बेहद निराशाजनक है। मसलन किसी को गिरफ्तार करने के बाद अपराधिक प्रकरण का निराकरण कितने समय के भीतर किया जाएगा इसकी कोई सीमा नहीं है। गृह मंत्री द्वारा प्रस्तुत विधेयक के मुताबिक ट्रायल कोर्ट को तीन साल के भीतर हर फैसला करना होगा। राजद्रोह अब देशद्रोह होगा। भारतीय दंड संहिता में 511 से कम होकर 356 धाराएं बचेंगी और सैकड़ों बदली जायेंगी। कुछ को समाप्त करने के साथ ही कुछ नई शामिल होंगी। छोटे अपराधों के लिए जेल भेजने के बजाय दंड स्वरूप सामुदायिक सेवा का प्रावधान रचनात्मक सोच है। इसी तरह मॉब लिंचिंग, लव जिहाद जैसे मामलों में कड़ी सजा का प्रावधान भी अपेक्षित कदम है। देश में कहीं भी प्राथमिकी दर्ज करवाने के अलावा अन्य कुछ प्रस्ताव उक्त विधेयकों में हैं जिनके पारित होने के बाद अदालतों में लंबित प्रकरणों का बोझ कम तो होगा ही आरोपित व्यक्ति को भी अनिश्चितता से राहत मिलेगी।



बकौल गृहमंत्री ये विधेयक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पिछले स्वाधीनता दिवस पर लाल किले से गुलामी की निशानियों को खत्म करने सम्बन्धी घोषणा के परिप्रेक्ष्य में पेश किए गए। चूंकि संसद का सत्र समाप्त होने के चार दिन बाद ही स्वाधीनता दिवस है इसलिए सरकार को जल्दबाजी में ये काम करना पड़ा। हालांकि यदि गृह मंत्री सत्र की शुरूआत में इसे पेश कर देते तब वह लोकसभा से पारित होने के बाद राज्यसभा द्वारा भी स्वीकृत कर दिया गया होता। अब इसके लिए शीतकालीन सत्र तक इंतजार करना होगा। बहरहाल देर आए दुरुस्त आए की तर्ज पर इस पहल का स्वागत किया जाना चाहिए। कानूनी विशेषज्ञों ने सरकार के इस फैसले का स्वागत किया है। असल में वर्तमान कानून सौ साल से भी पहले लागू किए गए थे और समाज की वर्तमान स्थिति के अनुसार इनमें संशोधन की सख्त जरूरत थी। आजादी के बाद अंग्रेजों द्वारा लागू किए ज्यादातर दीवानी और फौजदारी कानूनों को यथावत स्वीकार कर लिया गया। यद्यपि समय-समय पर उनमें कुछ सुधार और संशोधन भी किए जाते रहे किंतु उनका मूल ढांचा ब्रिटिश राज की यादें दिलाता रहा। न्यायालयीन कार्यप्रणाली पर भी औपनिवेशिक काल की छाप साफ नजर आती है। पेशी दर पेशी की संस्कृति ने न्यायपालिका की जो नकारात्मक छवि बनाई उसके कारण लोकतंत्र की सार्थकता पर भी प्रश्नचिन्ह लगते हैं। राजद्रोह शब्द अपने आप में राजतंत्र का एहसास करवाने वाला है। मोदी सरकार द्वारा लाए जा रहे 3 बिल में सबसे बड़ा कदम मॉब लिंचिंग और नाबालिग से दुष्कर्म पर मौत की सजा है। सरकार ने मॉब लिंचिंग को हत्या की परिभाषा में लाया है। मॉब लिंचिंग तब कहा जाता है जब 5 से ज्यादा लोगों का एक समूह जाति, समुदाय, लिंग, भाषा के आधार पर हत्या करता है। बिल में ऐसे अपराधियों को 7 साल की कैद और अधिकतम मौत की सजा के साथ जुमार्ना लगाने का प्रावधान किया गया है। वहीं, किसी भी सामूहिक दुष्कर्म के मामले में आरोपियों को 20 साल की कैद या आजीवन कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है। 18 साल की बच्ची से दुष्कर्म के मामले में मौत की सजा का प्रावधान किया गया है। सरकार द्वारा पेश किए गए 3 कानून संबंधी बिल में भगोड़ों को सजा दिलाने का भी प्रावधान किया गया है। नए कानून के तहत अगर कोई व्यक्ति देश छोड़कर भाग जाता है, तो उसपर भी अब केस चल सकेगा। सत्र न्यायालय व्यक्ति की अनुपस्थिति में भी केस चला सकेगी और उस व्यक्ति को बचने के लिए वापस लौटना होगा। वर्तमान न्यायिक व्यवस्था में किसी अपराधिक मामले पर अंतिम फैसला होते-होते कुछ लोगों की जिंदगी का लंबा समय गुजर जाता है। ये धारणा भी काफी मजबूती के साथ उभरी है कि निर्दोष व्यक्ति व्यवस्था में खामियों के चलते जेल में सड़ता रहता है वहीं अपराधी प्रवृत्ति के लोग छुट्टा घूमते हैं। न्याय को सस्ता और सुलभ बनाने के तमाम दावे भी हवा-हवाई होकर रह गए हैं। एक जैसे मामले में किसी को तो तत्काल जमानत दे दी जाती है वहीं दूसरा महज इसलिए उससे वंचित रह जाता है क्योंकि उसके पास महंगे वकील की फीस चुकाने की हैसियत नहीं है।

ऐसे में ये जरूरी हो गया है कि दंड प्रक्रिया के साथ ही अदालती व्यवस्था में भी आमूल परिवर्तन हो। अनुपयोगी पड़े कालातीत हो चुके कानूनों को अंतिम विदाई देकर उनके दुरुपयोग को रोका जा सकेगा। इसके अलावा अभियोजन पक्ष भी कानूनों की भीड़ में भटकने से बचेगा। न्यायालयों द्वारा समय सीमा में प्रकरण का निपटारा करने की व्यवस्था इन विधेयकों में सबसे अच्छी बात है। अन्यथा सजा का फैसला होने तक आरोपी बरसों-बरस जेल में रहने मजबूर रहता है। कुल मिलाकर जो विधेयक गत दिवस लोकसभा में पेश हुए इनके बारे में राजनीतिक दलों को संसद के अगले सत्र के पूर्व ही अपनी राय बना लेनी चाहिए जिससे इनको पारित करने में अनावश्यक विलंब न हो। कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि दंड संहिता में बदलाव करना केंद्र सरकार का एक बड़ा कदम है। इस कानून के पास होने से वर्तमान कानून व्यवस्था में बड़ा बदलाव है। लेकिन जब भी यह कानून की शक्ल में आ जाएगा, उसके बाद इसे जमीन पर लागू करने की चुनौती अभी की तरह ही बनी रहेगी। ऐसा तब तब होगा जब तक बड़े पैमाने पर जूडिशल या पुलिस रिफॉर्म नहीं होगा। पहले से लाखों केस अदालतों में लंबित हैं। तय सीमा पर अपराध की जांच के लिए पर्याप्त पुलिस बल नहीं है। जब तक इन मसलों पर बड़ा बदलाव नहीं होगा तब तक इन्हें लागू करना आसान नहीं होगा। वैसे अभी इस क्षेत्र में और भी सुधारों की जरूरत है किंतु याद रखने वाली बात है कि किसी भी बड़े सफर की शुरूआत छोटे से कदम से ही होती है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि नये कानून भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली को मजबूत करेंगे।

# कविता

## युद्ध नही शांती का संदेश दो।

युद्ध के बाद बड़ा पश्चाताप
ही परिणति होती है,
अक्सर होता है ऐसा
देश या इंसान
दुख और पश्चाताप में
डूब जाता है हमेशा के लिए।
युद्ध, हिंसा,
किसी समस्या का हल नहीं।
फिर क्यों लोग करते हैं
इतना ज्यादा भरोसा।
युद्ध में जीत,
जीत नहीं होती।
बलपूर्वक हिंसा से
किसी से जीतना
वीरता नहीं होती,
क्रूरता की परिणति
मुस्कान और शांति,
सहजता नहीं हो सकती,
मानवीय सभ्यता ,शिक्षा
और संस्कृति ,संस्कारों
का प्रतिफल
परायों का हिस्सा,
जीवन हरण है,
तो अहिंसक,
अशिक्षित मानव
प्रेम ,शांति और
सौहाद्र का संदेशवाहक
सौगुना भला होता है

संजीव

## राहुल के दौरे से राजस्थान कांग्रेस को मिली संजीवनी

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**कांग्रेस नेता** राहुल गांधी की राजस्थान यात्रा से कांग्रेस पार्टी को नई संजीवनी मिली है। आपसी गुटबाजी में फंसी राजस्थान कांग्रेस के सभी नेता राहुल गांधी की यात्रा के बाद एक साथ मिलकर पार्टी को मजबूत करने की दिशा में काम करने लगे हैं। लोकसभा की सदस्यता पुनः बहाल होने के बाद राहुल गांधी ने राजस्थान के बांसवाड़ा जिले में स्थित आदिवासियों के तीर्थ स्थल के रूप में मान्यता प्राप्त मानगढ़ धाम में एक बड़ी जनसभा कर राजनीति के कई समीकरण साधे हैं। राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र के आदिवासी समाज की मानगढ़ धाम के प्रति अगाध श्रद्धा है। इन चारों प्रदेश के आदिवासी समाज के लोग मानगढ़ धाम को एक बड़े तीर्थ स्थल के रूप में मानते हैं और यहां आकर दर्शन करते हैं। आठ महीने पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी मानगढ़ धाम में एक जनसभा को संबोधित किया था। राहुल गांधी के दौरे को प्रधानमंत्री मोदी के दौरे की काट के रूप में देखा जा रहा है। इसी साल के अंत में राजस्थान व मध्यप्रदेश विधानसभा के चुनाव होने हैं। राजस्थानी विधानसभा की 25 और मध्यप्रदेश विधानसभा की 47 सीटें अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है। राहुल गांधी ने मानगढ़ धाम में जनसभा को संबोधित कर इन 72 विधानसभा सीटों पर निशाना साधा है। आदिवासी समाज कभी कांग्रेस के कोर वोट हुआ करते थे।

मगर धीरे-धीरे भाजपा ने उनमें सेंध लगा दी। अपने कोर वोटरों को फिर से कांग्रेस से जोड़ने के लिए ही राहुल गांधी ने आदिवासी क्षेत्र में जनसभा कर उनसे एक बार फिर भावनात्मक रिश्ता बनाने की कोशिश की है। जनसभा में अपने भाषण में भी राहुल गांधी ने अपनी दादी पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की चर्चा कर आदिवासी समाज को इंदिरा गांधी से उनके संबंधों को याद दिलाने का प्रयास किया है। 2011 की जनगणना के अनुसार राजस्थान में अनुसूचित जनजाति के 13.5 प्रतिशत मतदाता है। जिनके लिए 200 में से 25 विधानसभा सीटें आरक्षित है। राजस्थान में अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित सीटें सिर्फ 11 जिलों तक ही सीमित है। जिन में उदयपुर जिले में पांच, बांसवाड़ा जिले में पांच, डूंगरपुर जिले में चार, जयपुर, करौली व प्रतापगढ़ जिलों में दो-दो तथा अलवर, दौसा, सवाई माधोपुर, सिरोही व बारां जिले में एक-एक विधानसभा सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है। उदयपुर डिवीजन में सबसे अधिक 16 विधानसभा सीट अनुसूचित जनजाति के लिये आरक्षित है। जिनमें वर्तमान में भाजपा के पास आठ, कांग्रेस के पास पांच, भारतीय ट्राइबल पार्टी के पास दो व निर्दलीय के पास एक सीट है।

2018 के विधानसभा चुनाव में अनुसूचित जनजाति के लिये आरक्षित 25 सीटों में से कांग्रेस ने सबसे अधिक 12 विधानसभा सीटें जीती थी। वहीं भाजपा ने नौ, भारतीय ट्राइबल पार्टी ने दो व दो सीटों पर निर्दलीय जीते थे। लेकिन कांग्रेस का इस बार पूरा प्रयास है कि आदिवासी समुदाय के लिए आरक्षित सभी 25 विधानसभा सीटों को जीता जाए। इसीलिए कांग्रेस ने अपने 12 आदिवासी सीटों पर जीते विधायकों में से पांच को मंत्री बनाया हैं। विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ होने से पहले ही कांग्रेस ने सबसे पहले बड़ी रैली भी आदिवासी बहुल क्षेत्र में ही करवाई है ताकि आदिवासी वोटों को फिर से कांग्रेस के साथ जोड़ा जा सके। राजस्थान में कांग्रेस की सरकार ने आदिवासी वोटों को साधने के लिए आदिवासी बहुल उदयपुर जिले में सलूंबर को नया जिला तथा बांसवाड़ा को नया संभाग मुख्यालय बनाया है। बांसवाड़ा संभाग के बांसवाड़ा, डूंगरपुर व प्रतापगढ़ जिलों में कुल 11 विधानसभा सीटें अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है।

# विचार

## भ्रष्टाचार में डूबी अनियोजित सवरेज प्रणाली झेलने को मजबूर जनता

**निर्मल रानी**

**देश के** बड़े भाग में पिछले दिनों बाढ़ व जलभराव के दृश्य देखने को मिले। हरियाणा पंजाब व हिमाचल के तो बहुत से ग्रामीण व शहरी इलाके अभी तक भारी बारिश व जल भराव का सामना कर रहे हैं। जहाँ जहाँ जमीन का स्तर नीचा है वहां अभी भी जलभराव के दृश्य देखे सकते हैं। रुका हुआ पानी काला हो गया है तथा पास पड़ोस के लोग सड़ांध भरी दुर्गन्ध में जीने के लिए मजबूर हैं। शहरों में बारिश और जलभराव के सीधे प्रभाव से जहां नालियां व नाले उफान पर रहते हैं और अतिप्रवाहित ( ओवर फ़्लो ) होकर बहते हैं वहीं सीवरेज प्रणाली भी जवाब दे जाती है। बारिश में देश के विभिन्न राज्यों में सीवर के मेनहोल के ओवर फ़्लो होकर बहने के नजारे देखे जा सकते हैं। जिससे लोगों का रास्ता चलना दुश्वार हो जाता है। पूरे प्रभावित क्षेत्र में प्रदूषण व दुर्गन्ध का माहौल रहता है। बेशक देश में बढ़ती आबादी के मद्देनजर सीवरेज प्रणाली मल मूत्र निपटाने की अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सुगम एवं निर्बाध व्यवस्था है। परन्तु यही व्यवस्था यदि गलत योजना का शिकार हो जाये तो नागरिकों के लिये सुविधा के बजाये बड़ी असुविधा का करक बन जाती है। और खुदा न ख़्वास्ता अनियोजित सीवरेज प्रणाली होने के साथ साथ इसके निर्माण में भारी भ्रष्टाचार भी हुआ हो फिर तो ऐसी योजना को जनता के लिये नासूर ही समझा जा सकता है। ऐसी योजनायें केवल बारिश ही नहीं बल्कि प्रत्येक ऋतु में बाधित व कष्टदायक रहती हैं। उदाहरण के तौर पर हरियाणा के अंबाला सहित अन्य कई शहरों में बिछाई गयी सीवरेज प्रणाली तो पूरी तरह से फेल हुई दिखाई देती है। यहां कभी कभी बिना बारिश के ही सीवर लाइन का प्रवाह बाधित हो जाता है। इसमें कई तकनीकी खामियां हैं। उदाहरण के तौर पर सीवरेज लाइन में ही सड़कों पर बहने वाली नालियों यहाँ तक कि नालों को भी कई जगह जोड़ दिया गया है। आम तौर पर लोगों ने अपने घरों की जल निकासी का पाईप भी सीवर में होल में जोड़ दिया है। परिणाम स्वरूप नालियों की प्लास्टिक कपड़ा बोतल व अन्य कचरा कबाड़ भी नाली के माध्यम से सीवर पाइप लाइन में चला जाता है। और सीवर लाइन के परवाह को बाधित करता है। कहीं भी सरकार की ओर से ऐसी व्यवस्था नहीं है कि नाली से सीवर में जाने वाले पानी के साथ बहने वाले कचरे कबाड़ को किसी जाली या बाधा से रोका जा सके। दूसरी समस्या यह है कि भूतलीय सीवर पाईपलाइन अपेक्षाकृत कम क्षमता वाली बिछाई गयी है। निरंतर बढ़ती आबादी के मद्देनजर इसे आने वाले समय व जरुरत के अनुरूप बनाना चाहिये था। परन्तु अफसोस तो यह कि जिस समय इसे बिछाया जा रहा था तभी से इस बात की चर्चा जोरों पर थी कि जिस ढंग से इस योजना को कार्यान्वित किया जा रहा है उसे देखकर इस सीवर प्रणाली का सफल होना मुश्किल ही लगता है। जगह जगह मेनहोल पर लगे मेन होल कवर आपको टूटे फूटे मिल जायेंगे। कई टूटे ढक्कनों के लोहे के रिंग बाहर निकले होते हैं। कई मेनहोल के पास गड्ढे होते हैं। इनमें कई बार स्कूटर व साईकिल सवार गिर कर घायल हो चुके हैं। तमाम जगहों पर तो सीवर मेन होल कवर और सड़क के लेवल में इतना अंतर है कि दुर्घटना हो जाती है। कहीं मेन होल कवर जमीन की सतह से ऊपर निकला है तो कहीं लेवेल से इतना नीचे है कि वहां गड्ढा सा बना हुआ है। इसी तरह मुख्य मार्गों पर पड़ने वाले वे बड़े मेनहोल जिनमें कई दिशाओं की सीवर पाइप लाइन जुड़ती है वह तो कई जगह पर पूरा जंकशन बॉक्स ही बैठा मिलता है। नतीजतन वहां बड़ा गड्ढा बन जाता है। इसकी मुरम्मत का काम भी आसान नहीं। नियमानुसार इस जगह नये जंक्शन के निर्माण का नये सिरे से टेंडर होता है। जब तक वह सरकारी औपचारिकताएं पूरी नहीं होतीं तब तक राहगीर,ट्रैफिक सभी परेशानी में पड़े रहते हैं।इसके अतिरिक्त सबसे बड़ी बात यह कि तब तक उस क्षतिग्रस्त स्थान से जुड़ने वाली सभी दिशाओं की सीवर लाइंस ओवर फ़्लो रहती हैं।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


# चिंतन

## आओ हंसमुख व्यक्तित्व सुजित करें

**किशन भावनानी गोंदिया**

**कुदरत** द्वारा रचित इस अनमोल खूबसूरत सृष्टि में रचनाकर्ता ने मानवीय जीवन में अनेक गुण दोषों को शामिल कर संजोया है, इसका उपयोग करने सर्वश्रेष्ठ बुद्धिमता का भी सृजन कर दिया है। बस, जरूरत है अब माननीय जीव को उसे गुण-दोष सुख-दुख खुशियां-गम प्रसन्नता दुख इत्यादि का चुनाव कर अपने जीवन को सफल और असफल बनाएं उसके ऊपर है, क्योंकि प्रसन्नता और सुख दुख भी बौद्धिक क्षमता के आधार पर माननीय जीव को खुद चुनना होता है! इसलिए आज हम मन की प्रसन्नता पर उसके गुणों, प्रक्रिया सुजन करने के तरीकों पर इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे। साथियों बात अगर हम प्रसन्नता की करें तो खुलकर हंसना, मुस्कुराना, प्रसन्न रहना, मन की प्रसन्नता खुद सृजित की हुई दवा के समान है, क्योंकि इसमें सब दुख तो नष्ट होते हैं,जीव अपने कर्म में असफल नहीं होता। बुद्धि तुरंत स्थिर रहती है। सामाजिक प्रतिष्ठा और गुणों की सुगंध दूर तक जाती है एक अलग हस्मुख व्यक्तित्व की हमारी छाया हमारे अपने परिचितों सहयोगियों पर पड़ती है। प्रसन्नता हमारा ऐसा अनमोल खजाना है, जिसे जितना लूटाएंगे उतना ही बढ़ता चला जाएगा, खिलखिलाते चेहरे और प्रसन्नता की आंखों की चमक मनीषियों को दुर्लभ पूंजी है, क्योंकि प्रसन्नता सुकून से जीने की कुंजी है। यह खजाना तब बढ़ता है जब हम दूसरों की खुशीयों में अपनी खुशी को समाहित करते हैं।हमें छोटी-छोटी चीजों में प्रसन्नता, सुख ढूंढने की कोशिश करनी चाहिए, विश्वसनीय मन के भाव की खुशी का भाव अभूतपूर्व सफलता और दूरगामी सकारात्मक परिणाम होता है। आध्यात्मिकता,उदारता,परोपकार सहनशीलता, सहिष्णुता इत्यादि मन की प्रसन्नता के प्रमुख स्त्रोतों में से कुछ हैं, जिनको जीवन में अपनाने की जरूरत को रेखांकित किया जा सकता है।

साथियों बात अगर हम अंतरराष्ट्रीय प्रसन्नता दिवस, संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी विश्व प्रसन्नता इंडेक्स रिपोर्ट इत्यादि अन्तर्राष्ट्रीय स्तरपर प्रसन्नता के मूल्यों की करें तो प्रसन्नता को हाई वैश्विक टॉनिक माना जाता है। प्रसन्नता दिवस मनाया जाता है अलग-अलग देशों के प्रसन्नता से रहने के क्रमांक बताए जाते है।

## खेल, खेला और खिलाड़ी

**डॉ. सुरेश**

**इतने सारे** स्वर्ण पदक! हाँ यह सब तुम्हारी मेहनत के हैं। बताओ इन्हें पाकर तुम्हें कैसा लग रहा है? इन्हीं पदकों की तलाश में जीवन खपा दिया और एक वो हैं जो बिना कुछ किए मलाई उड़ा रहे थे। पहली बार लगा कि यह खेल हम खेल रहे थे। मतलब...? मैं कुछ समझा नहीं। साफ-साफ कहो। तुमसे क्या छिपा है। तुम तो सब जानते ही हो। एक समय था जब यह खेल भ्रष्टाचारियों के लिए हुआ करता था। कोई आयोजन करके स्वर्ण पदक झटकने के चक्कर में था तो कोई खेल सामग्री में धांधली करके। कोई खिलाड़ियों के ठहरने के खर्चों में तो कोई उनके भोजन के ठेके ले-लेके पदकों की झड़ी लगाने के चक्कर में रहता था। वो क्या है न कि जब-जब भ्रष्टाचारी ऊँचे पद हथिया लेते हैं और खिलाड़ी सड़ते रहते हैं तब-तब पदक नहीं घोटाले के पटल खुलते रहते हैं। आज पहली बार लगा कि यह खेल भ्रष्टाचारियों के लिए नहीं खिलाड़ियों के लिए था। सो तो है। लेकिन तुम जिस घटना के बारे में बता रहे हो वह तो कॉमनवेल्थ का महाखेल था। भ्रष्टाचारी कहाँ नहीं होते। जैसे हवा है, वैसे वे हैं। तुम्हें तो अपने खेल धर्म का पालन करना चाहिए। इन सबसे तुम्हारा क्या लेना-देना? अरे! यह भी खूब कही। लेना-देना कैसे न होगा। हम लोग खेल जमीन पर खेलते हैं। आसमान पर नहीं। मछली तो जीती पानी में ही है न! पानी के बिना उसका कैसा अस्तित्व? खिलाड़ियों का काम खेलना होता है। इन सब धांधलियों के बारे में सोचना नहीं। ऐसा भी तो हो सकता है कि नाच न जाने आंगन टेढ़ा की बिसात पर अपने खराब खेल का ठीकरा धांधली के मत्थे फोड़कर खुद को पाक साबित करना चाहते हो। क्या तुम्हें ऐसा नहीं लगता? खिलाड़ियों के लिए खेल ही उसका धर्म होता है। वह तो हर बार देश का नाम ऊँचा करने के लिए अपना सौ फीसदी देने का प्रयास करता है। लेकिन कुछ धांधलीबाज होते हैं जो बिना स्टेडियम बनाए, बिना खेल सामग्री दिए, बिना सुविधाओं के हमें हवा में तीर मारने की बात करते हैं। कागज पर सबका हिसाब होता है, जमीन पर आते-आते सब कुछ शून्य। फिर उसके बाद खेल की जो फजीहत होती है उसका ठीकरा हमारे मत्थे फोड़ दिया जाता है। मैं तो सब जानता हूँ। फिर भी यूँ ही जानना चाहता था कि खेल और खिलाड़ी के बारे में तुम्हारे विचार क्या हैं?

अब तुम्हें क्या लगता है? लगता नहीं, पूर्ण विश्वास हो गया है कि खिलाड़ी धांधली से ऊपर उठकर देश के लिए मर मिटता है। ऐसे में देश ईमानदारी से उनका साथ दे तो दलदल में भी कमल खिला सकता है। क्योंकि खेल से खिलाड़ी है और खिलाड़ी से खेल। इन सबके बीच धांधली का कोई स्थान नहीं है।

## न्यूज फ्लैश

### हादसे के बाद हरियाली तीन पर भीड़ प्रबंधन बनेगा चुनौती

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
बांके बिहारी मंदिर में एक बार फिर भीड़ प्रबंधन चर्चा में आ गया है। बांके बिहारी मंदिर के बाहर गली में हुए हादसे में पांच श्रद्धालुओं की मौत और अन्य कई श्रद्धालुओं के गंभीररूप से घायल होने के बाद श्रद्धालुओं की सुरक्षा का मुद्दा अहम हो गया है। लोग इस पर चर्चा कर रहे हैं। 19 अगस्त को तीज मनाई जाएंगी। ब्रज के मंदिरों में तीज उत्सव पर भारी संख्या में श्रद्धालु उमडते हैं। ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। इस दिन ठा. बांके बिहारी बेशकीमती स्वर्ण रजत हिंडोले में विराजमान होकर भक्तों को दर्शन देंगे। सोने चांदी के हिंडोले बनवाने में 20 किलो सोना व करीब एक कुंतल चांदी प्रयोग की गई थी। पिछले साल श्रीकृष्ण जन्माष्टम पर हुए हादसे में भी दो श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। इसके बाद वृंदावन में कॉरिडोर बनाये जाने की मांग होने लगी थी। इस पर काम भी हुआ और कॉरिडोर बनाए जाने और नहीं बनाये जाने को लेकर लोगों की अलग अलग प्रतिक्रियाएं सामने आईं। अभी तक मंदिर के अंदर और आसपास भीड़ प्रबंधन की बात हो रही थी। मंगलवार को हुए हादसे के बाद बांकेबिहारी मंदिर के बाहर और गलियों में भीड़ प्रबंधन को लेकर चिंता बढ़ गई है। जिला प्रशासन का ध्यान भी इस ओर गया है। कुंज गलियों वाला पुराना वृंदावन शहर पुरानी हवेलियों और इमारतों के लिए भी जाना जाता है। अब प्रशासन का ध्यान जर्जर इमारतों की ओर भी गया है।

### मुड़ेसी में मंदिर पर सो रहे वृद्ध दंपति की हत्या

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
हाईवे क्षेत्र के गांव मुडेसी में दंपति की हत्या से सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गये। एसएसपी ने डबल मर्डर की गुत्थी सुलझाने के लिए पांच टीमों को लगाया है। हत्या के पीछे दुश्मीन या प्रॉपर्टी का विवाद हो सकता है। एसपी सिटी एमपी सिंह ने कहा है कि दुश्मनी या प्रॉपर्टी विवाद हत्या के पीछे हो सकते हैं। हीरालाल (75) और उनकी पत्नी लीलावती की मौत की पुलिस हर एंगल पर पुलिस जांच कर रही है। मुडेसी गांव के बाहर खेत पर मंदिर मंदिर बना हुआ है। प्रतिदिन की तरह दंपति खेत पर बने मंदिर पर सोने गये थे। पत्नी की लाश चारपाई पर जबकि बुजुर्ग की लाश 20 कदम दूर पर मिली। घटना का पता तब चला जब मंगलवार सुबह दंपति का बेटा खेत पर गया। पुलिस डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक टीम को भी मौके पर बुला लिया गया। मृतक के शरीर पर बने घावों से अनुमान लगाया जा रहा है कि पीट पीट कर दोनों की हत्या की गई है। पुलिस मान कर चल रही है कि हत्या रंजिशन हो सकती है। लीलावती के पास पांच हजार रुपये मौजूद थे जिन्हें हत्यारे नहीं ले गये। वह सिर्फ हत्या करने के उद्देश्य से ही आये थे। बुजुर्ग दंपती के दो बेटे हैं। दोनों अपने 12 बीघा खेत की रखवाली करते थे। एक बेटे गांव में परिवार के साथ रहता है। दूसरा बेटा कोसीकलां में रहता है।

### उतराता मिला महिला का शव

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
थाना गोवर्धन के राधाकुंड परिक्रमा मार्ग में रामबाबा के समीप स्थित सखी कुंड में एक वृद्ध महिला का शव उतराता मिला है। स्थानीय बंटी शर्मा ने बताया कि उक्त महिला समीप ही भीख मांगकर गुजारा करती थी तथा अपना नाम रामकली निवासी ग्वालियर बताती थी। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है।

### आधार कार्ड हड़पने को अपनाते थे अजीब तरीका

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर घर बैठे पेंसिल पैकिंग कर पैसे कमाने का ऑफर देकर लोगों से ठगी करने वाले एक बाल अपचारी सहित चार अभियुक्तों को पकडा है। रजिस्ट्रेशन आदि के बहाने से उनसे पैसे हड़पने लगते थे। पुलिस से ठगी करने वाले इनके पास से फर्जी आधार कार्ड, सिम कार्ड और पेंसिल कंपनी के फर्जी एंप्लॉयी कार्ड बरामद हुए हैं। उमरदीन निवासी हाथिया, जाहिद निवासी हाथिया और मुजाहिद निवासी साहबनगर जटवारी थाना शेरगढ़ हैं। एक अन्य बाल अपचारी पास से सात एंड्रॉयड फोन, 11 एक्टिव सिम कार्ड, 20 नोन ऐक्टिव सिम कार्ड, 17 फर्जी आधार कार्ड और चार पेंसिल कम्पनी के फर्जी एंप्लॉयी कार्ड बरामद हुए हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार बालियान के मुताबिक ये लोग पेंसिल कम्पनी का फर्जी एंप्लॉयी कार्ड उसे भेज देते थे। ये लोगों से उनके आधार कार्ड भी मांगते थे जिसे एडिट करके ये लोग सिम निकलवाने के काम में लाते थे। सामने वाले को जब इन पर शक होता तो ये सिम तोड़कर फेंक देते थे। गिरफ्तार अभियुक्त बताया गया है।

# बांके बिहारी मंदिर की गली में पांच श्रद्धालुओं की मौत, सीएम ने जताया शोक

**दर्दनाक मौत**

**8 -बांके बिहारी मंदिर दर्शन करने के लिए आए दर्शनार्थियों की हादसे में हुई दर्दनाक मौत**



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
स्वतंत्रता दिवस की शाम श्रीधाम वृंदावन के बांके बिहारी क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसा हो गया। जिसमें जर्जर मकान गिरने से एक दर्जन से भी अधिक लोग घायल हो गए। जिसमें से पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दुखद घटना का संज्ञान लेते हुए सभी मृतकों के परिवारों को चार लाख रुपये की सहायता धनराशि एवं सभी घायलों का निःशुल्क इलाज की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने हादसे में हुई जनहानि पर गहरा दुःख व्यक्त किया तथा मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। वृंदावन के बांके बिहारी क्षेत्र स्थित दुसायत मोहल्ले में राधा स्नेह बिहारी मंदिर के पास एक जर्जर मकान का ऊपरी हिस्सा भरभरा कर गिरा था। यह रास्ता बांकेबिहारी मंदिर से निकास मार्ग है। बुधवार को इस मार्ग को बैरिकेडिंग कर रास्ते पर श्रद्धालुओं का आवागमन रोक दिया गया। दो घायलों का सौ सैय्या अस्पताल, एक का रामकिशन मिशन में इलाज चल रहा है। एक घायल को आगरा रेफर किया गया है। जिसके कारण नीचे से गुजर रहे श्रद्धालु बुरी तरह घायल हो गए। हादसे में 11 लोग घायल हो गए।
मौके पर मौजूद सुरक्षाकर्मी और प्रत्यक्षदर्शियों ने मलबे से लोगों को बाहर निकाला और उन्हें उपचार के लिए संयुक्त जिला चिकित्सालय भेज दिया। जहां पर चिकित्सकों ने चार लोगों को मृत घोषित कर दिया, तो वहीं उपचार के दौरान एक और दर्शनार्थी की मौत हो गई। जिसमें अरविंद यादव, गीता कश्यप, रशमी गुप्ता निवासीगण कानपुर, चंदन निवासी देवरिया, अंजू निवासी पंजाब हाल निवासी ओमेक्स सिटी वृंदावन की मौत हो गई। घटना की सूचना से जिला प्रशासन में हड़कंप मच गया। जिला अधिकारी पुलकित खरे, मथुरा एसएसपी शैलेश पांडे, मथुरा वृंदावन नगर निगम के नगर आयुक्त अनुनय झा, एसपी सिटी एमपी सिंह मौके पर पहुंच गये।
मौके पर पहुंचे मथुरा के जिलाधिकारी पुलकित खरे ने बताया कि वृंदावन में इस समय बारिश का मौसम चल रहा है। जिसमें कि बांके बिहारी मंदिर को जाने वाले मार्ग पर एक जर्जर मकान उस समय गिर गया, जब कुछ श्रद्धालु बांके बिहारी मंदिर दर्शन करने के लिए आ जा रहे थे।

## स्वतंत्रता दिवस पर उत्साह से लबरेज रहे बच्चे



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
स्वतंत्रता दिवस पर बच्चे उत्साह से लबरेज रहे। बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रताप मोंटेसरी स्कूल जनरल गंज में इस पर्व को हर्ष के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नन्हें मुन्ने बच्चों ने अपनी लिखित रचनाएं प्रस्तुत कीं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर वरिष्ठ अधिवक्ता नीलेश जादौन के द्वारा संबोधन में कहा कि इस विद्यालय के प्रबंधक स्वर्गीय चरण सिंह जादौन के बिना आज हम 44 साल बाद 15 अगस्त मना रहे हैं। आज हमारे बीच नहीं हैं परंतु आज उनके आदर्शों ने हमारे बीच में गहरी नीव छोड़ी है। हमारी जिम्मेदारी है कि इस नींव को ओर मजबूत करे। अपने आप को समाज में सर्वश्रेष्ठ बनने का प्रयास करें। इस अवसर पर केंद्र सरकार के द्वारा जारी पंच प्रण शपथ दिलवाई गई।

## अलग अलग सड़क दुर्घटनाओं में तीन की मौत, दो घायल

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
सडक दुर्घटनाओ मे अलग अलग जगहों पर तीन लोगों की मौत हो गयी और दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को उपचार के लिये निजी चिकित्सालयों मे भर्ती कराया गया है। जहा हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मंगलवार की सुबह मथुरा से फरीदाबाद जा रहे कार में सवार लोगों की गाडी अचानक आगे चल रहे टैज्क्टर ट्राली से भिड़ गईं जिसमे विष्णुदत्त शर्मा की मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि मुकेश कौशिक एंव दशरथ घायल हो गये। घायलों की सूचना पर पहुची पुलिस ने उपचार के लिये कोसीकला के निजी चिकित्सालय मे भर्ती कराया गया है। जहा मुकेश की हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया है। बताया जा रहा है कि कार सवार चालक की आंख लगने के कारण सडक पर दुर्घटना हुई है। दूसरी घटना मंगलवार की देर सायं करीब छ बजे कोटवन कट से दीपचंद नामक अधेड राजमार्ग पार कर रहा था कि तभी दिल्ली कह ओर से तेज गमि मे आते अज्ञात वाहन चालक ने टक्कर मार दी जिससे दीपचंद की मौके पर ही मौत हो गयी वाहन चालक मौका पाकर भाग निकला। घटना कि सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। तीसरी घटना मंगलवार की देर साय थाना शेरगढ के गांव बसई निवासी खूबीराम उम्र करीब 42 वर्ष बाइक से शाहपुर के रास्ते होते हुये गांव बुखरारी की तरफ बाइक से रिश्तेदारी मे जा रहा था कि तभी गांव शाहपुर एंव बुखरारी के मध्य पडने वाले रजवाह के मोड पर सामने से आती पिकअप और बाइक की भिड़ंत हो गयी। जिससे बाइक सवार युवक सड़क के किनारे बनी झाड़ियों मे जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। पिकअप सवारी चालक अपनी गाड़ी को भगा ले जाने मे कामयाब हो गया।

## अग्रवाल सभा के चुनाव को लेकर सरगर्मियां बढी

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
श्री कोसीकलां अग्रवाल सभा की बैठक सरायशाही स्थित अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित हुई। जिसमें सर्वसम्मति से आगामी चुनाव पर चर्चा की गई। जिससे आने वाले चुनाव में लोग वोटिंग कर अध्यक्ष और मंत्री चुन सके। साथ ही सभी अग्रबंधु परिवारों को जोडने की रणनीति बनाई गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी अध्यक्ष और मंत्री पद का चुनाव 10 सितम्बर को चुनाव अधिकारी अशोक आचार्य की मौजूदगी में वोटिंग से होगा। चुनाव के लिए मतदाता सूची को पूरी तरह से तैयार किया जाएगा। जो अग्रवाल परिवार छूट गये हैं, उनको सभा में जोड़ने के लिए 19, 20, 21 अगस्त को सदस्यता अभियान चलाकर जोडने का काम किया जाएगा।

## मिनी मैराथन दौड़ का हुआ आयोजन

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के जिला कार्यालय नेहरू युवा केंद्र मथुरा द्वारा जिला खेल अधिकारी मथुरा, जिला युवा कल्याण अधिकारी मथुरा, जिला विद्यालय निरीक्षक मथुरा के संयुक्त तत्वावधान में जिला प्रशासन ने निर्देश पर मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत प्रातः सात बजे के आर डिग्री कालेज मथुरा से मिनी मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। मैराथन दौड़ का शुभारंभ वैभव गुप्ता उप जिलाधिकारी मथुरा ने हरी झंडी दिखा कर केआर कॉलेज मथुरा से शुभारंभ किया।। मैराथन दौड़ कालेज से चलकर स्टेट बैंक

**हरी झंडी**

**8 उप जिलाधिकारी मथुरा ने हरी झंडी दिखा कर केआर कॉलेज मथुरा से शुभारंभ किया।।**

चौराहा से टैंक चौराहा होकर बीएन फौजदार इंटर कॉलेज पर समाप्त हुई। मैराथन दौड़ में महिला वर्ग व पुरुष वर्ग की अलग अलग विजेताओं को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वैभव गुप्ता उप जिलाधिकारी मथुरा ने पुरस्कार प्रदान किये गये। कार्यक्रम में राकेश कुमार यादव जिला खेल अधिकारी मथुरा, अशोक कुमार तिवारी जिला युवा कल्याण अधिकारी, रामवीर शर्मा, लेखाकार सह कार्यक्रम सहायक नेहरू युवा केंद्र मथुरा, पदमवीर सिंह राष्ट्रीय एथलेटिक्स संघ, जय सिंह सचिव एथलेटिक्स संघ, डा.दलवीर सिंह एसोसिएट प्रोफेसर के आर कॉलेज मथुरा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में खेल विभाग, युवा कल्याण विभाग शिक्षा विभाग व नेहरू युवा केंद्र मथुरा के विभागीय कर्मचारी व स्वयंसेवक सेवक उपस्थित थे।
कार्यक्रम में नेहरू युवा केंद्र मथुरा के स्वयंसेवक रमन चतुवेर्दी, नरेश कुंतल, धर्मेन्द्र कुमार, कृष्णकांत रावत, मोहित, राजेन्द्र आदि सहयोग सराहनीय रहा है।

# धर्म नगरी में हर्षोल्लास के साथ मना 77 वां स्वतंत्रता दिवस

**ध्वजारोहण**

**8 -जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर में गांधी जी, चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण**



**मथुरा**
कान्हा की नगरी में 77 वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। सरकारी कार्यालयों, शिक्षण संस्थाओं में ध्वजारोहण हुआ। जगह जगह तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया गया। ग्राम प्रधानों ने घर घर बच्चों को तिरंगा किये। जिलाधिकारी पुलकित खरे ने कलेक्ट्रेट पर ध्वजारोहण किया। जनपद के आठ ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को विशेष आमंत्रित सदस्यों के रूप में स्वतंत्रता दिवस के समारोह पर आमंत्रित किया गया था, जहां उनको प्रमाण पत्र और पहचान पत्र वितरित किए गए। जिलाधिकारी के द्वारा ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के कल्याण के लिए अधिनियम के अंतर्गत दिए गए प्रावधानों की बेहतर क्रियान्वयन हेतु विशेष निर्देश दिए गए है। ब्रज की कलाओं से जिलाधिकारी के कार्यालय को अलंकृत करने वाले हस्तशिल्पियों को सम्मानित किया गया। जिसमे राजेंद्र कुमार पाठक, समर्थ चतुवेर्दी, रामवीर, शिप्रा राठी, मोहन वर्मा व अमित कुमार पाठक को सम्मानित किया गया। जनपद के तीन सबसे उत्कृष्ट अमृत सरोवरों व खेल के मैदानों तथा डिजिटल पंचायत सचिवालय में सर्वाधिक राजस्व अर्जित करने वाली तीन उत्कृष्ट ग्राम पंचायतों को भी सम्मानित किया गया। तीन सर्वश्रेष्ठ अमृत सरवरों में ग्राम कुंजेरा, महुवन व हथकौली के ग्राम प्रधानों एवं ग्राम सचिवों को सम्मानित किया गया। तीन सर्वश्रेष्ठ खेल के मैदान हेतु ग्राम राल, कॉमर व खानेका के ग्राम प्रधानों एवं ग्राम सचिवों को सम्मानित किया गया। तीन सर्वश्रेष्ठ ग्राम पंचायत जिसने ग्रामीणों को ग्राम सचिवालय में सभी प्रकार की डिजिटल सेवाओं को देते हुए सर्वाधिक आय अर्जित की वे ग्राम जावरा, हथिया व गेयरा है। इन तीनों ग्राम पंचायत के प्रधानों, सचिवों व पंचायत सहायक को सम्मानित किया गया।
जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों से कहा कि आज हम जिस पद पर आसीन हैं। उस पद की गरिमा को बनाए रखते हुए अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ करें, तो सही मायने में शहीदों के लिए यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को हर घर तिरंगा के तहत अपने अपने घरों पर तिरंगा फहराने का आह्वान किया।

## मुरादाबाद में सरकारी आवास पर आरक्षी ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

**मुरादाबाद/टीम एक्शन इंडिया**
सिविल लाइन थाना क्षेत्र स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर एकेडमी के आवासीय क्वार्टर में मंगलवार की आधी रात को सिपाही सूरजपाल का शव पंखे के सहारे फांसी के फंदे से लटका मिला। मृतक के परिजनों ने उन्नाव की लड़की पर बेटे को ब्लैकमेल कर 25 लाख रुपये मांगने का आरोप लगााते हुए तहरीर दी है।
मूलरूप से अमरोहा जनपद के ग्राम चक्काली लेट निवासी सिपाही सूरजपाल सिंह (25) वर्ष 2019 में उप्र पुलिस विभाग में बतौर सिपाही के पद पर भर्ती हुआ था। इसी वर्ष उसका ट्रांसफर पुलिस एकेडमी मुरादाबाद में हुआ था। इससे वह सीतापुर में तैनात था। पिछले वर्ष 2022 में सीतापुर में तैनाती के दौरान उसकी ड्यूटी कचहरी में लगी थी। इस दौरान वो उन्नाव के कोतवाली सदर पुरानी बाजार निवासी पिंकी के संपर्क में आया था। कुछ माह पहले सूरज की शादी एक महिला आरक्षी से तय हो गई थी। कुछ माह बाद उसकी सगाई होनी थी। दो माह पहले पिंकी ने सूरजपाल पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए कोतवाली में शिकायत की थी। परिजनों का कहना है कि बीते 21 जून को उन्नाव थाने में सूरजपाल ने नौकरी बचाने के लिए शिकायतकर्ता लड़की से स्टांप पेपर पर शादी करके समझौता कर लिया था। उसकी प्रताड़ना से आहत होकर फांसी लगाकर सिपाही ने आत्महत्या कर ली है।
थाना प्रभारी सिविल लाइन आरपी शर्मा ने बताया कि मृतक सूरजपाल के परिजनों की तहरीर के आधार पर उन्नाव निवासी पिंकी के खिलाफ बुधवार को केस दर्ज कर लिया गया जांच की जा रही हैं।

## मालिक को मरा हुआ दिखा कर बेच दी प्लाट

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
थाना वृन्दावन पुलिस ने प्लॉट मालिक को मृत दिखाकर फर्जी दस्तावेज तैयार कर बेचे गए प्लॉट की धोखाधडी के अभियोग में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। 17 जून को सुमीत गुप्ता पुत्र माम चन्द्र निवासी वैस्ट पटेल नगर नई दिल्ली ने अभियुक्त विशाल गुप्ता, राजेन्द्र सिंह, नरेश कुमार, महेश, रवि द्वारा वादी की मां को मृत दिखाकर फर्जी तरीके कागजात तैयार कर उनका फर्जी वारिस बनकर उनके मकान को बेचने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिस पर थाना वृन्दावन टीम द्वारा सुन्दर प्रधान पुत्र नेम सिंह, पुनीत द्विवेदी पुत्र जगमोहन लाल, विशाल गुप्ता उर्फ दिलीप कुमार उर्फ डीके पुत्र मामचन्द उर्फ बसन्त लाल को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है। इन लोगों ने राजेन्द्र सिंह पुत्र हरी सिह निवासी प्रताप नगर कालोनी थाना जमुनापार के नाम फर्जी तरीके रजिस्ट्री की थी जिसे बुधवार को सौ सैय्या फ्लाई ओवर वृंदावन से गिरफ्तार कर लिया गया।

## जैंत पुलिस ने ट्रक से 330 पेटी अवैध शराब की बरामद

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
थाना जैंत पुलिस ने स्वाट टीम व स्पेशल रिवार्डेड टीम मथुरा के सहयोग से चेकिंग के दौरान लगभग 330 पेटी कीमत लगभग 30 लाख रुपए की शराब बरामद की है। साथ ही ट्रक कीमत 30 लाख के साथ दो शराब तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। सीओ सदर के पर्यवेक्षण में थाना जैंत प्रभारी अजय वर्मा स्वाट टीम व स्पेशल रिवार्डेड टीम के साथ अल्हेपुर कट के पास चेकिंग कर रहे थे। मुखबिर ने सूचना दी कि ट्रक संख्या जीजे

**जेल**

**8 साथ ही ट्रक कीमत 30 लाख के साथ दो शराब तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।**

02 जेड जेड 5093 में अवैध शराब लाई जा रही है। जैंत पुलिस ने ट्रक रुकवा कर चेक किया तो उसमें 330 पेटी पंजाब प्रांत से निर्मित अवैध शराब बरामद हुई। पुलिस ने मौके से ही दो शराब तस्कर पप्पू पुत्र गणपत निवासी ग्राम पराना थाना डूंगला, चित्तौड़गढ़ राजस्थान व श्रवण भावरे पुत्र हीरालाल निवासी बिहारीपुरा थाना मंगलवाड़ चित्तौड़गढ़ राजस्थान को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी अजय वर्मा ने बताया कि तस्कर पंजाब से सस्ते दामों में शराब बड़ी मात्रा में खरीदकर लाते हैं। और यूपी के अनेक जनपदों में अधिक मूल्य पर बेचते हैं। पुलिस से बचने के लिए तस्कर हाईवे की बजाय लिंक रोड से जाते हैं। पुलिस को भ्रमित करने के लिए ट्रक में भूसी के बोरे लाद लेते और उसके नीचे शराब की पेटी रख लेते।
और ट्रक को तिरपाल से ढक लेते जिससे पुलिस की पकड़ में न आएं। तस्करों से 330 पेटी के साथ एक अवैध ट्रक कुल कीमत 62 लाख रुपए बरामदगी हुई है।
टीम में स्वाट टीम प्रभारी अभय शर्मा, आशीष कुमार, राजेंद्र सिंह, विशाल गौतम, सुरेंद्र कुमार, सोनू भाटी, प्रीत कुमार, राहुल बालियान, रमन चौधरी, रोहित कुमार, ऊदल सिंह, हरिजेंद्र सिंह, जुगेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

# तिरंगा में उमड़ा जनसैलाब, विधायक ने लहराया तिरंगा

**मथुरा/ टीम एक्शन इंडिया**
नौहझील में 77 वें स्वतंत्रता दिवस पर तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा ग्राम प्रधान प्रशांत गुप्ता के नेतृत्व में निकाली गई, जिसमें मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक राजेश चैधरी रहे। तिरंगा यात्रा निषाद राज चौराहा से शुरू होकर कस्बे में भ्रमण कर ब्लाक मुख्यालय में समापन हुआ। तिरंगा यात्रा में लोगों का जनसैलाब उमड़ पड़ा व यात्रा में लगे डीजे देशभक्ति गीतों पर युवाओं में जोश भर रहे थे। विधायक राजेश चैधरी ने कहा कि आजादी के इस पावन अवसर पर मैं भारत मां के उन



सभी वीर सपूतों को नमन करता हूं, जिन्होंने हमें आजादी दिलाने के लिए अपने प्राणों का बलिदान दे दिया। आज भी सीमाओं पर हमारे देश की, हमारी आजादी की रक्षा कर रहे हैं। उन्होंने युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि,
इस अवसर पर हमारी युवा शक्ति को संकल्प लेना चाहिए कि हमारे पूर्वजों ने हमें जो आजादी दी है, उसकी हर हाल में रक्षा करें और समाज के जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए हमेशा तैयार रहें। ग्राम प्रधान प्रशांत गुप्ता, संजय प्रधान, सरपंच राजू गुप्ता, व्यापार मंडल अध्यक्ष मुकेश वार्ष्णेय मंत्री, यज्ञदत्त गुप्ता, उमाकांत शर्मा ,हुकम पुरोहित, हरेंद्र शर्मा, रिजवान कुरैशी, संजय पठान, अजीज खां, कन्हैया गुप्ता, हरिशंकर गुप्ता, संजय पुजारी, कलुआ सोनी आदि मौजूद रहे।

# मथुरा रिफाइनरी ने मनाया स्वतंत्रता दिवस

**देशभक्ति**

**8 -शहीदो की चिताओं पर लगेंगे हर बरस मेले वतन पर मरनेवालों का यही बाकी निशा होगा: अजय कुमार**



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
मथुरा रिफाइनरी ने बड़े जोश और देशभक्ति के साथ 77 वां स्वतंत्रता दिवस मनाया। रिफाइनरी नगर के सहस्त्राब्दी स्टेडियम मे आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत कॉर्पोरेट कार्यालय के कार्यक्रम मे वर्चुअल माध्यम से जुड़कर हुई और इंडियन ऑयल के अध्यक्ष एसएम वैद्य के साथ मिलकर कार्यकारी निदेशक और रिफाइनरी प्रमुख अजय कुमार तिवारी ने तिरंगा फहराया और इंडियन ऑयल परिवार ने एक साथ राष्ट्रगान गया। विधायक पूरन प्रकाश ने भी इस अवसर पर मौजूद रहे। स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान केन्द्रीय विद्यालय की छात्राओं द्वारा नृत्य प्रदर्शन और डीपीएस की छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रदर्शन ने माहौल को राष्ट्रवादी जोश से भर दिया। सीआईएसएफ कर्मियों द्वारा आतंकवादी हमले पर डेमो और इसे टालने के प्रयासों का बहुत अच्छी तरह से प्रदर्शन किया गया। प्रतिभा सम्मान और सामूहिक उपलब्धि सम्मान विजेताओं को उनके प्रयासों के लिए सराहना मिली और निगम के साथ 15 साल की लंबी सेवा पूरी करने वाले कर्मचारियों को भी कार्यकारी निदेशक व रिफाइनरी प्रमुख द्वारा सम्मानित किया गया।

## स्पाइसजेट को अप्रैल-जून तिमाही में 205 करोड़ रुपये का मुनाफा

नई दिल्ली : बजट एयरलाइन स्पाइसजेट ने चालू वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) के नतीजे का ऐलान कर दिया है। 30 जून को समाप्त पहली तिमाही में कंपनी का मुनाफा 205 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी को पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 789 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था। स्पाइसजेट ने जारी बयान में बताया कि यात्रियों की संख्या बढ़ने से एयरलाइन को फायदा हुआ है। बयान के मुताबिक चालू वित्त वर्ष 2023-24 की अप्रैल-जून तिमाही में एयरलाइन को 205 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ है। इस दौरान कंपनी की परिचालन आय 2,002 करोड़ रुपये रही है, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 2,457 करोड़ रुपये रही थी। कंपनी के मुताबिक जून तिमाही में एयरलाइन का व्यय घटकर 1,291 करोड़ रुपये हो गया है, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 2,072 करोड़ रुपये रहा था। स्पाइसजेट के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अजय सिंह ने कहा कि कई चुनौतियों का सामना करने के बावजूद एयरलाइन ने चालू वित्त वर्ष 202324 की पहली तिमाही में लाभ कमाया है।



## थोक महंगाई दर जुलाई में मामूली गिरावट के साथ -1.36 फीसदी पर

नई दिल्ली :थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित महंगाई दर जुलाई में मामूली घटकर -1.36 फीसदी पर पहुंच गई है। जून महीने में यह दर -4.12 फीसदी रही थी। हालांकि, यह लगातार चौथा महीना है, जब थोक महंगाई दर शून्य से नीचे रही है। पिछले साल जुलाई में थोक महंगाई दर 14.07 फीसदी थी।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने जारी आंकड़ों में बताया कि जुलाई में थोक महंगाई दर में गिरावट मुख्य रूप से खनिज तेल, बुनियादी धातुओं, रसायन एवं रसायन उत्पादों, कपड़ा और खाद्य उत्पादों की कीमतों में गिरावट के कारण आई है। आंकड़ों के मुताबिक जुलाई में खाद्य पदार्थों की महंगाई 14.25 फीसदी रही, जो जून महीने में 1.32 फीसदी थी। हालांकि, ईंधन और बिजली खंड की महंगाई जुलाई में -12.79 फीसदी रही, जो जून महीने में -12.63 फीसदी थी। इसी तरह विनिर्मित उत्पादों की महंगाई जुलाई में -2.51 फीसदी रही, जो जून में -2.71 फीसदी थी। उल्लेखनीय है कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने पिछले हफ्ते महंगाई को काबू में रखने के साथ अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए लगातार तीसरी बार नीतिगत दर रेपो रेट को 6.5 फीसदी पर बरकरार रखा था। गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा था कि मुद्रास्फीति को लेकर अभी काम खत्म नहीं हुआ है। उन्होंने कहा था कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में खाद्य वस्तुओं, ऊर्जा के दाम में उतार-चढ़ाव और भू-राजनीतिक तनाव तथा मौसम संबंधित अनिश्चितताओं के कारण मुद्रास्फीति को लेकर जोखिम बना हुआ है।

## टेक कंपनियों में छंटनियां जारी; अगस्त महीने तक 2.26 लाख कर्मी निकाले गए, 2022 से 40फीसदी ज्यादा

नई दिल्ली : टेक इंडस्ट्री में इस साल कंपनियों ने जी भरकर कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखाया है। साल 2023 में अब तक प्रोद्योगिकी कंपनियां 2,26,000 कर्मचारियों को नौकरी से निकाला जा चुका है। ऑल्टइंडेक्स के आंकड़ों के अनुसार, यह 2022 में नौकरी से बाहर निकाले गए 2,02,000 लोगों की तुलना में 40त्न ज्यादा है। 2023 में छंटनी की स्थिति और ज्यादा गंभीर हो गई है। आंकड़े आईटी इंडस्ट्री में एक परेशान करने वाली मंदी की ओर इशारा कर रहे हैं। छंटनी की इस लहर का गहरा प्रभाव पड़ा है, इसके परिणामस्वरूप कई कार्यस्थलबंद हो गए हैं और 2023 को तकनीकी उद्योग के लिए रिकॉर्ड पर सबसे निराशाजनक वर्ष होने का दुर्भाग्यपूर्ण गौरव प्राप्त हुआ है। 2022 में जनवरी से दिसंबर के दौरान आईटी इंडस्ट्री में छंटनी में नाटकीय वृद्धि हुई, उस दौरान 164,744 कर्मचारियों को हटा दिया गया। यह संख्या 2021 में रिपोर्ट की गई 15000 छंटनी की तुलना में लगभग ग्यारह गुना अधिक है। अकेले जनवरी में 75,912 लोगों की नौकरी चली गई जो 2022 में रिपोर्ट की गई कुल छंटनी का लगभग आधा थाइसके बाद, फरवरी में नौकरियों में कटौती थमी, लेकिन उसके बावजूद 40,000 लोगों को अपनी जॉब गंवानी पड़ी। बाद के तीन महीनों में गिरावट के बावजद, तकनीकी क्षेत्र में लगभग 73,000 लोगों को काम से बाहर कर दिया गया।

## डीजीसीए ने विमानन क्षेत्र में लैंगिक समानता सुनिश्चित करने के लिए समिति गठित की

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उछाल जारी है।

पिछले 24 घंटे में ब्रेंट क्रूड का भाव बढ़कर 87 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 83 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं किया है।

इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये, डीजल 89.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये, डीजल 94.27 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये, डीजल 92.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति




लीटर की दर पर उपलब्ध है।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड का भाव 1.10 डॉलर यानी 1.29 फीसदी की तेजी के साथ 86.24 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया है।

वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 1.27 डॉलर यानी 1.56 फीसदी की बढ़त के साथ 82.82 डॉलर प्रति बैरल है।

## कच्चा तेल 85 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल के दाम स्थिर

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में गिरावट का रुख है। ब्रेंट क्रूड का भाव 85 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 81 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक बुधवार को दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर टिका रहा। वहीं, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर है। इसी तरह कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है, जबकि चेन्नई में




पेट्रोल का भाव 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर है।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के तीसरे दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड 0.21 डॉलर यानी 0.25 फीसदी की गिरावट के साथ 84.68 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 0.19 डॉलर यानी 0.23 फीसदी लुढ़क कर 80.80 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

## सरकार ने कच्चे तेल और डीजल पर फिर बढ़ाया विंडफॉल टैक्स

**कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स बढ़ाकर 7100 रुपये प्रति टन किया**

**-डीजल के निर्यात पर एसएईडी 5.50 रुपये प्रति लीटर किया गया**

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने देश में उत्पादित कच्चे तेल के निर्यात पर अप्रत्याशित लाभ कर (विंडफॉल टैक्स) में भारी इजाफा किया है। सरकार ने कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स बढ़ा कर 7,100 रुपये प्रति टन कर दिया है। इसके साथ ही डीजल के निर्यात पर यह 5.50 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है। नई दरें लागू हो गई है।

सरकार की ओर से जारी अधिसूचना के मुताबिक घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर



विंडफॉल टैक्स को 4,250 रुपये प्रति टन से बढ़ा कर 7,100 रुपये प्रति टन कर दिया गया है। डीजल के निर्यात पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एसएईडी) एक रुपये प्रति लीटर से बढ़ाकर 5.50 रुपये प्रति लीटर किया गया है। वहीं, एविएशन टरबाइन फ्यूल (एटीएफ) के निर्यात पर दो रुपये प्रति लीटर का शुल्क लागू हो गया है, लेकिन पेट्रोल पर एसएईडी अभी शून्य रहेगा।

**क्या है विंडफॉल टैक्स**

एसएईडी को विंडफॉल टैक्स भी कहते हैं। सरकार ने एक जुलाई, 2022 से देश में कच्चे तेल के उत्पादन और निर्यात पर विंडफॉल टैक्स लगाने का फैसला किया था, जिसे ऊर्जा कंपनियों के असाधारण मुनाफे पर लगाया जाता है। कच्चे तेल की औसत कीमतों के आधार पर हर पखवाड़े इसकी समीक्षा की जाती है। अगस्त में अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत औसतन 86.8 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर है।

## सरकार ने आर. दुरईस्वामी को एलआईसी का प्रबंध निदेशक नियुक्त किया

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने आर. दुरईस्वामी को भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का प्रबंध निदेशक (एमडी) नियुक्त किया है। वे एक सितंबर को अपना पदभार संभालेंगे। आर. दुरईस्वामी फिलहाल मुंबई में केंद्रीय कार्यालय में कार्यकारी निदेशक हैं।




एलआईसी ने शेयर बाजार को बताया कि आर. दुरईस्वामी को आइपे मिनी की जगह पर एलआईसी के प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति एक सितंबर या उसके बाद पदभार संभालने के दिन से 31 अगस्त, 2026 तक के लिए की गई है। उल्लेखनीय है कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और वित्तीय संस्थानों में निदेशकों की नियुक्ति करने वाले वित्तीय सेवा संस्थान ब्यूरो (एफएसआईबी) ने जून में प्रबंध निदेशक के रूप में दुरईस्वामी के नाम की सिफारिश की थी।

## भारत-ब्रिटेन के बीच प्रस्तावित एफटीए वार्ता में लंबित मुद्दों पर होगी चर्चा

नई दिल्ली। भारत और ब्रिटेन के बीच जारी प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की बातचीत में 'बड़ी' प्रगति हुई है। दोनों देशों के बीच इस महीने होने वाली उच्चस्तरीय बैठकों में लंबित मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। भारत एफटीए के लंबित मुद्दे को सुलझाने की कोशिश कर रही है।

आधिकारिक सूत्रों ने दी जानकारी में बताया कि दोनों देशों के बीच इस महीने होने वाली उच्चस्तरीय बैठकों में लंबित मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। इस समय दोनों देशों के बीच एफटीए पर 12वें दौर की बातचीत जारी है। प्रस्तावित एफटीए के कुल 26 अध्यायों में 19 पर बातचीत पूरी हो चुकी है।

वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा कि लंदन में 11वें दौर की बातचीत गहन रही और कई मुद्दों पर सहमति बनी। उन्होंने बताया कि भारत और ब्रिटेन के बीच निवेश पर एक अलग समझौते (द्विपक्षीय निवेश संधि) के तहत बातचीत की जा रही है। बर्थवाल ने कहा कि अब केवल कुछ ही मुद्दे बचे हैं। व्यापार



**आधिकारिक सूत्रों ने दी जानकारी में बताया कि दोनों देशों के बीच इस महीने होने वाली उच्चस्तरीय बैठकों में लंबित मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।**

एवं निवेश कार्यसमूह (टीआईडब्ल्यूजी) की बैठक (जयपुर) के दौरान ब्रिटेन की टीम भारत आ रही है, जिसमें हमें उम्मीद हैं, बाकी मुद्दों को पूरा कर लेंगे। उन्होंने कहा कि समझौते के लिए बातचीत जल्द ही पूरी हो सकती है।

## देश का निर्यात जुलाई में 16 फीसदी घटकर 32.25 अरब डॉलर पर पहुंचा

नई दिल्ली। वैश्विक स्तर पर मांग में नरमी तथा पेट्रोलियम, रत्न एवं आभूषण तथा अन्य क्षेत्रों के कमजोर प्रदर्शन से निर्यात में गिरावट आई है। देश का निर्यात जुलाई में 15.88 फीसदी घटकर 32.25 अरब डॉलर रहा। एक साल पहले इसी अवधि में निर्यात 38.34 अरब डॉलर रहा था।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने जारी बयान में बताया कि देश का निर्यात जुलाई में 15.88 फीसदी घटकर 32.25 अरब डॉलर रहा। इस दौरान आयात भी 17 फीसदी घटकर 52.92 अरब डॉलर रहा है, जो पिछले वर्ष के जुलाई महीने में 63.77 अरब डॉलर था। आयात में कमी आने से व्यापार घाटा कम होकर 20.67 अरब डॉलर रह गया, जो एक साल पहले इसी महीने में 25.43 अरब डॉलर था।

आंकड़ों के मुताबिक चालू वित्त वर्ष 2023-24 के पहले चार महीनों अप्रैल-जुलाई के दौरान निर्यात 14.5 फीसदी घटकर 136.22 अरब डॉलर रहा है। इस दौरान आयात 13.79 फीसदी घटकर 213.2 अरब डॉलर रहा। सोने का आयात चालू वित्त वर्ष के पहले चार महीनों में 2.7 फीसदी बढ़कर 13.2 अरब डॉलर रहा है, जो बीते वित्त वर्ष 2022-23 की अप्रैल-जुलाई में 12.86 अरब डॉलर था। इस दौरान तेल आयात 23.4 फीसदी घटकर 55 अरब डॉलर रहा, जो एक साल पहले इसी अवधि में 71.74 अरब डॉलर था।

वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा कि वैश्विक चुनौतियां बनी हुई हैं। अमेरिका और यूरोप




जैसे प्रमुख बाजारों समेत कई देशों के निर्यात और आयात में कमी आई है। इन दोनों क्षेत्रों से आयात लगातार कम हो रहा है। बर्थवाल ने उम्मीद जताई कि देश का वस्तुओं और सेवाओं का निर्यात वित्त वर्ष 2023-24 में इससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 के 776 अरब डॉलर के मुकाबले अधिक होगा।

## जुलाई में खुदरा महंगाई दर बढ़कर 7.44 फीसदी पर पहुंची

नई दिल्ली। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा महंगाई दर जुलाई में बढ़कर 15 महीने के उच्च स्तर 7.44 फीसदी पर पहुंच गई है। जून महीने में खुदरा महंगाई दर 4.87 फीसदी थी। टमाटर, सब्जियों और खाने-पीने के चीजों के दाम बढ़ने की वजह से खुदरा महंगाई दर में इजाफा हुआ है।

सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने जारी आंकड़ों में बताया कि सीपीआई आधारित खुदरा महंगाई दर जुलाई में 7.44 फीसदी रही है। इससे पिछले महीने जून में यह 4.87 फीसदी रही थी जबकि पिछले साल जुलाई में खुदरा महंगाई दर 6.71 फीसदी थी। इससे पहले अप्रैल 2022 में यह 7.79 फीसदी के उच्च स्तर पर रही थी।राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों के मुताबिक खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर जुलाई महीने में 11.51 फीसदी रही, जो जून महीने में 4.59 फीसदी थी। पिछले साल जुलाई में यह 6.69 फीसदी थी। सालाना आधार पर सब्जियों की



महंगाई दर 37.43 फीसदी रही जबकि अनाज और उसके उत्पादों की कीमतों में 13 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। इसके अलावा खाद्य एवं पेय पदार्थों की महंगाई दर जुलाई में बढ़कर 10.57 फीसदी पर पहुंच गई है। उल्लेखनीय है कि देश में महंगाई का स्तर रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के अनुमान के पार पहुंच गया है। आरबीआई ने पिछले हफ्ते अपनी मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की समीक्षा बैठक के बाद चालू वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही में खुदरा महंगाई दर 6.2 फीसदी रहने का अनुमान जताया था।

## वैश्विक दबाव के बीच सपाट स्तर पर बंद हुआ शेयर बाजार, निवेशकों को एक लाख करोड़ का नुकसान

नई दिल्ली। कमजोर ग्लोबल संकेतों और दिन भर दबाव का सामना करने के बावजूद घरेलू शेयर बाजार आज मामूली बढ़त के साथ सपाट स्तर पर बंद होने में सफल रहा। शुरुआती कारोबार में बिकवाली के दबाव की वजह से शेयर बाजार तेजी से नीचे भी गिरा, लेकिन दिन भर के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.12 प्रतिशत और निफ्टी 0.03 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।

आज के कारोबार की शुरुआत गिरावट के साथ हुई थी। शुरुआती कारोबार में बिकवाली के दबाव की वजह से शेयर बाजार तेजी से नीचे भी गिरा, लेकिन पहले आधे घंटे का कारोबार होने के बाद से ही खरीदारों ने अपना जोर बनाना शुरू कर दिया, जिसकी वजह से शेयर बाजार कारोबार के अंत में मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ। आज के कारोबार में आईटी और एफएमसीजी को छोड़ कर सभी सेक्टोरल इंडेक्स गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए। मेटल



इंडेक्स आज करीब 2 प्रतिशत टूट कर बंद हुआ। इसी तरह रियल्टी, पावर और पीएसयू बैंक इंडेक्स में भी 0.50 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई। ब्रॉडर मार्केट में भी आज बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसकी वजह से बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.44 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने भी आज 0.50 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार का अंत किया।

आज बाजार में बने दबाव की वजह से स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति करीब 1 शन आज के कारोबार के बाद घट कर 303.68 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 304.68 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 1 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया।

आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 3,895 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,555 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,172 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 168 शेयर बिना किसी उतार-चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,062 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 740 शेयर मुनाफा कमाकर हरे निशान में और 1,322 शेयर नुकसान उठाकर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 13 शेयर बढ़त के साथ और 17 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 22 शेयर हरे निशान में और 28 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 169.63 अंक की कमजोरी के साथ 65,153.02 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से ये सूचकांक तेज गिरावट का शिकार हो गया। पहले आधे घंटे के कारोबार में ही इस सूचकांक ने 500.77 अंक का गोता लगाकर 64,821.88 अंक के स्तर को छू लिया। हालांकि, इसके बाद खरीदारों ने धीरे-धीरे बाजार में अपना जोर बनाना शुरू किया, जिससे इस सूचकांक की चाल में भी तेजी आने लगी। लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से शाम 3 बजे तक ये सूचकांक निचले स्तर से 690 अंक की छलांग लगाकर आज के सर्वोच्च स्तर 65,512.82 अंक के स्तर पर पहुंच गया। दिन भर हुई खरीद बिक्री के बाद सेंसेक्स 79.27 अंक की मजबूती के साथ 65,401.92 अंक के स्तर पर बंद हुआ।सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 44.35 अंक की गिरावट के साथ 19,383.95 अंक के स्तर पर कारोबार की शुरुआत की।

## एप्टेक के एमडी और सीईओ अनिल पंत का निधन, एक्सचेंज फाइलिंग में कंपनी ने कही ये बात

नई दिल्ली। रेखा झुनझुनवाला की ओर से समर्थित कंपनी एप्टेक के एमडी और सीईओ डॉ. अनिल पंत का निधन हो गया है।। एक्सचेंज फाइलिंग में कंपनी ने इस बात की पुष्टि की है। एप्टेक ने एक बयान में कहा, 'कंपनी को प्रबंध निदेशक और सीईओ डॉ. अनिल पंत के दुखद निधन के बारे में सूचित करते हुए खेद हो रहा है।' फाइलिंग में कहा गया है कि एप्टेक के कर्मचारियों ने दिवंगत आत्मा के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। बयान में कहा गया, 'डॉ. पंत के योगदान और ऊर्जा की कंपनी को कमी खलेगी। कंपनी के सभी निदेशक और कर्मचारी उनके परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं।

**स्वास्थ्य चिंताओं का हवाला देते हुए जून में छुट्टी पर गए थे पंत**

पंत के निधन की खबर स्वास्थ्य चिंताओं का हवाला देते हुए अनिश्चितकालीन छुट्टी लेने के महीनों बाद आई है। कंपनी ने उस समय शेयर बाजार को दी सूचना में कहा था कि इस साल 19 जून को पंत ने स्वास्थ्य बिगड़ने के कारण अनिश्चितकालीन अवकाश ले लिया था। इस फाइलिंग के अनुसार, 19 जून को कंपनी की एक आपातकालीन बैठक आयोजित की गई थी। कंपनी ने सुचारू कामकाज और परिचालन की निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए बोर्ड के चुनिंदा सदस्यों और वरिष्ठ प्रबंधन को शामिल करते हुए एक अंतरिम समिति का गठन किया। इसमें आगे उल्लेख किया गया है कि एप्टेक में नामांकन और पारिश्रमिक समिति और निदेशक मंडल अंतरिम सीईओ का चयन करने के लिए आवश्यक कदम उठा रहे हैं। डॉ. अनिल पंत 2016 से एप्टेक के एमडी और सीईओ थे। उनके नेतृत्व में, एप्टेक को कई मान्यताएं मिलीं।

## मोरारी बापू की रामकथा में ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने लगाए जय सियाराम के नारे

लंदन। ब्रिटेन के भारतीय मूल के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने कैंब्रिज विश्वविद्यालय में चल रही प्रसिद्ध कथावाचक मोरारी बापू के रामकथा में भाग लिया। हिंदू धर्म के अनुयायी और भारतीय मूल के पहले ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक ने मोरारी बापू की व्यास पीठ पर पुष्पांजलि अर्पित की और जयसिया राम का जयकारा भी लगाया। ब्रिटिश पीएम का स्वागत करते हुए मोरारी बापू ने भगवान हनुमान का आशीर्वाद लिया और सुनक के सेवा को सुविधाजनक बनाने के लिए शक्ति की कामना की। कथा के शुरुआत में मोरारी बापू ने सुनक को केवल पीएम नहीं बल्कि भारतीय मूल के व्यक्ति के रूप में सराहना की। उन्होंने बताया कि सुनक का नाम श्रद्धेय ऋषि शौनक से लिया गया है। उन्हें सुनक को प्रधान मंत्री की भूमिका में देखकर बहुत खुशी मिलती है। उन्होंने सोमनाथ से एक पवित्र शिवलिंग को भेंट किया है।



इस अवसर पर ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने कहा कि उनकी हिंदू आस्था उनके जीवन के सभी पहलुओं का मार्गदर्शन करती है और उन्हें देश के शासनाध्यक्ष के तौर पर बेहतरीन कार्य करने की प्रेरणा देती है। सुनक ने 'रामकथा' में जुटी भीड़ के सामने अपना संबोधन शुरू करते हुए कहा, ''बापू, मैं यहां पर एक प्रधानमंत्री के तौर पर नहीं बल्कि हिंदू के तौर पर आया हूं।''

## अफगानिस्तानः खोस्त प्रांत के होटल में विस्फोट, तीन लोगों की मौत, 7 घायल

काबुल। पाकिस्तान की सीमा से लगे अफगानिस्तान के खोस्त प्रांत के एक होटल में विस्फोट हुआ है। धमाके में तीन लोगों के मारे जाने और सात लोगों के घायल होने की सूचना है। समाचार लिखे जाने तक विस्फोट के कारणों का पता नहीं चला है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इस इलाके में लम्बे समय से इस्लामी आतंकवादियों और उनके प्रतिद्वंद्वियों के बीच टकराव चल रहा है। इलाके में कई आतंकवादी गुट सक्रिय हैं। प्रांतीय सुरक्षा विभाग के एक बयान में कहा गया है कि खोस्त के एक होटल में हुए विस्फोट में कम से कम तीन लोग मारे गए और सात घायल हो गए। खोस्त सुरक्षा विभाग के एक बयान का हवाला देते हुए काबुल के सुरक्षा प्रवक्ता खालिद जादरान ने ट्विटर पर कहा कि विस्फोट शहर में स्पिन मस्जिद के पास एक होटल में हुआ, जिसमें कई वजीरिस्तान शरणार्थी और खोस्त निवासी मारे गए व घायल हुए। बयान में कहा गया कि तीन शव और सात घायल अस्पताल लाए गए हैं। इलाके को सुरक्षाबलों ने घेर लिया है और जांच पड़ताल जारी है।संपत्ति को लेकर विवाद हो गया और पति ने पत्नी की हत्या कर दी।



## ब्रिटेन में धोखाधड़ी मामले में भारतीय मूल का व्यक्ति ठहराया गया दोषी, मिली दो साल कैद की सजा

काबुल। ब्रिटेन के इंग्लैंड में एक भारतीय मूल के व्यक्ति को पद का दुरुपयोग करके धोखाधड़ी के एक मामले में दोषी ठहराया गया है और उसे कोर्ट ने दो साल की सजा सुनाई है। रिपोर्ट के मुताबिक उनसे अपने पद पर रहते हुए करीब 50,000 ग्रेट ब्रिटेन पाउंड की धोखाधड़ी की। आरोपी का नाम सनी भयानी है जिसकी उम्र करीब 62 साल है। टेम्स वैली पुलिस की जांच के आधार पर पिछले हफ्ते आयल्सबरी क्राउन कोर्ट ने जिस पद पर वह काम कर रहा था वहां से उसे दो साल लिए निलंबित कर दिया और आरोपी भयानी कैद की सजा सुनाई और इतना ही ने कोर्ट ने उसे धोखाधड़ी में जितनी रकम की उसने हेराफेरी की उतनी रकम वापस करने का भी आदेश दिया है।

टेम्स वैली पुलिस के जांच अधिकारी डिटेक्टिव कॉन्स्टेबल जेम्मा थॉम्पसन ने कहा कि यह एक असाधारण रूप से लंबी और जटिल जांच में से एक है, इसमें करीब पांच साल से अधिक का समय लगा और इसमें बड़ी संख्या में अधिकारी शामिल हैं। उन्होंने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी भयानी के पास भरोसेमंद पद था जिसका उन्होंने फायदा उठाया और उन्होंने अपनी ही कंपनी के वित्तीय हितों की अनदेखी करते हुए धोखाधड़ी की।

# नेपाल में संसद को सुचारू करने के लिए सरकार नेकपा एमाले से करेगी संवाद

काठमांडू। प्रधानमंत्री निवास में बुधवार सुबह हुई सत्तारूढ़ गठबंधन दलों की बैठक में संसद के गतिरोध को खत्म करने के लिए विपक्षी दल नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी लेनिनवादी) अर्थात नेकपा एमाले से संवाद करने का फैसला लिया गया। एक क्विंटल सोने की तस्करी मामले में पिछले एक महीने से संसद में गतिरोध चल रहा है।



बैठक की जानकारी देते हुए प्रधानमंत्री प्रचंड के प्रेस सलाहकार गोविंद आचार्य ने बताया कि संसद अवरोध होने से कई महत्वपूर्ण विधेयक पारित नहीं हो पा रहे हैं। इसलिए विपक्षी दल के नेताओं से अलग-अलग और सामूहिक रूप से भी बातचीत कर इस गतिरोध को जल्द से जल्द खत्म करने के लिए आज से ही प्रयास किया जाएगा। आज सुबह हुई बैठक में भी यह कहा गया है कि जांच समिति पर सुनवाई के अलावा अन्य मुद्दों पर ही विपक्षी से बातचीत की जाएगी

सोने की तस्करी के मामले में विपक्षी दल के नेता केपी शर्मा ओली ने गृहमंत्री के इस्तीफे की मांग करते हुए इस मामले की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय जांच समिति या संसदीय जांच समिति बनाने की मांग से पीछे न हटने की बात कही है, लेकिन सत्तारूढ़ गठबन्धन ने संसदीय जांच या उच्च स्तरीय जांच समिति बनाने के मांग को सिरे से खारिज कर दिया है। इससे पहले हुई सत्तारूढ़ गठबंधन में सोने की तस्करी मामले की जांच को केन्द्रीय अनुसंधान ब्यूरो से ही निरन्तरता देने पर सहमति बनी थी। दो दिन पहले ही विपक्षी दल के नेता तथा पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने पत्रकार सम्मेलन करते हुए गृह मंत्री नारायणकाजी के इस्तीफे और जांच समिति गठन की मांग से पीछे नहीं हटने की बात स्पष्ट कर दी थी।

## दुबई और गिलगित-बाल्टिस्तान हवाई मार्ग से जुड़े



इस्लामाबाद,। मुल्क की पर्यटन राजधानी गिलगित-बाल्टिस्तान और दुबई हवाई मार्ग से जुड़ गए। दुबई से पहली अंतरराष्ट्रीय उड़ान स्कार्दू हवाई अड्डे पर उतरी। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स में गिलगित-बाल्टिस्तान के मुख्य सचिव मोहिउद्दीन अहमद वानी के हवाले से कहा गया है कि विमान (पीके-234) ने 80 यात्रियों के साथ सुबह 4ः15 बजे दुबई से उड़ान भरी। यह विमान चार घंटे 30 मिनट बाद स्कार्दू अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सफलतापूर्वक उतरा। इस फ्लाइट का पानी की बौछार से स्वागत किया गया। यात्रियों को फूल भेंट किए गए। वानी ने इसे ऐतिहासिक क्षण करार देते हुए कहा कि अब विकास की नई संभावनाएं खुलेंगी और यह क्षेत्र बाकी दुनिया से जुड़ जाएगा।

## पेट्रोल व हाई स्पीड डीजल की कीमतों में भारी इजाफा, पेट्रोल 290.45 रुपये प्रति लीटर

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की नयी कार्यवाहक सरकार की तरफ से पेट्रोल और हाई स्पीड डीजल की कीमतों भारी बढ़ोतरी करते हुए बुधवार से इसकी प्रभावी होने की अधिसूचना जारी की गई। इस बढ़ोतरी के बाद पेट्रोल- हाई स्पीड डीजल की कीमतें रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई हैं। सरकार ने इनकी कीमतों में 20 रुपये प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी की है।

वित्त विभाग की अधिसूचना के मुताबिक पेट्रोल की नई कीमत 17.50 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी के बाद यह बुधवार से 290.45 रुपये प्रति लीटर होगी। हाई स्पीड डीजल और भी महंगा होगा और इसकी कीमत में 20 रुपये की बढ़ोतरी के बाद यह 293.40 रुपये प्रति लीटर पर उपलब्ध होगा। हालांकि किरोसिन और हल्के डीजल की कीमतों में किसी भी तरह का बदलाव नहीं किया गया है।

प्रमुख समाचार पत्र डॉन के अनुसार वित्त मंत्रालय ने सोमवार को ही शपथ लेने वाले कार्यवाहक



GOVERNMENT OF PAKISTAN
FINANCE DIVISION

Islamabad: 15th August, 2023

PRESS RELEASE

Petroleum prices in the international market have increased during the last fortnight. As a result the consumer prices in Pakistan are also being revised. The prices of petroleum products w.e.f. 16th August, 2023 will therefore be as follows:

(Rs./Litre)

| Product | Existing Prices w.e.f 01-08-2023 | New Prices w.e.f 16-08-2023 | Increase / (-) Decrease |
|---|---|---|---|
| MS (Petrol) | 272.95 | 290.45 | +17.50 |
| High Speed Diesel (HSD) | 273.40 | 293.40 | +20.00 |

प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकर की मंजूरी के बाद मंगलवार देर रात संशोधित कीमतों की घोषणा की। वित्त प्रभाग के मुताबिक दो प्रमुख ईंधन की कीमतें इसलिए बढ़ाई गई क्योंकि पिछले पखवाड़े के दौरान अंतरराष्ट्रीय बाजार में पेट्रोलियम की कीमतें बढ़ी थीं। खास बात यह है कि एक पखवाड़े में दूसरी बार यह बढ़ोतरी की गई है। देश की पिछली शहबाज शरीफ सरकार ने 01 अगस्त को पेट्रो-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी की थी और अब कार्यवाहक सरकार आने के साथ कीमतों में इजाफा किया गया है। यानी केवल 15 दिनों में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में करीब 40 रुपये प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी कर दी गई है। सरकार के इस कदम से मुद्रास्फीति और बढ़ने की संभावना है।

## नेपाल में भूमि घोटाला मामले में पूर्व मुख्य सचिव पौडेल से 8 घंटे तक पूछताछ

काठमांडू। नेपाल के चर्चित ललिता निवास भूमि घोटाला मामले में केंद्रीय अनुसंधान ब्यूरो (सीआईबी) ने सरकार के पूर्व मुख्य सचिव लीलामणि पौडेल से आठ घंटे तक लगातार पूछताछ की। इसी मामले में देश के दो पूर्व प्रधानमंत्री को भी पूछताछ के लिए समन जारी किया गया है।

सीआईबी की प्रमुख किरण बज्राचार्य ने बताया कि पूर्व मुख्य सचिव पौडेल से सोमवार को ब्यूरो मुख्यालय में पूछताछ की गई। उन्होंने बताया कि पौडेल से कैबिनेट बैठक में भूमि से संबंधित प्रस्ताव पेश करने और कैबिनेट के निर्णय के मुताबिक आदेश जारी करने में उनकी भूमिका को लेकर सवाल किए गए।

सीआईबी प्रमुख ने बताया कि दोपहर से देर शाम तक पूर्व मुख्य सचिव से पूछताछ की गई और उन्हें आवश्यकता होने पर दोबारा हाजिर होने को कहा गया है। इस घोटाले में लीलामणि पौडेल से तीन वर्ष पहले भी



पूछताछ की जा चुकी है। उस समय पौडेल ने कहा था कि कैबिनेट सेक्रेटरी होने के नाते मंत्रियों के प्रस्ताव को कैबिनेट बैठक में पेश करना और फैसलों को पढ़कर सुनाने के अलावा उनकी कोई भूमिका नहीं है।

सीआईबी ने इसी भूमि घोटाले में दो पूर्व प्रधानमंत्री माधव कुमार नेपाल और डॉ. बाबूराम भट्टराई को भी पूछताछ के लिए समन जारी किया है। जल्द ही दोनों से भी पूछताछ होने की जानकारी दी गई है। समन जारी होने के बाद विदेश के कार्यक्रम को रद्द कर माधव नेपाल वापस आ चुके हैं। उधर डॉ. भट्टराई ने भी काठमांडू पहुंच कर बयान के लिए तैयार होने की बात कही है।

## भारत ने नेपाल के बलिदानी गोरखा सैनिकों के परिवार को आवंटित किये 5.33 करोड़ रुपये

काठमांडू। भारत के स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास ने बलिदानी गोरखा सैनिकों के परिवार को 5.33 करोड़ रुपये आवंटित करके उनका सम्मान किया है।

दूतावास परिसर में आयोजित स्वतंत्रता दिवस के विशेष समारोह में नेपाल के लिए भारतीय राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने यह सम्मान राशि प्रदान की।

भारतीय सेना में कार्यरत उन गोरखा सैनिकों के परिवार को यह सम्मान राशि आवंटित की गई, जो सेना के विभिन्न



ऑपरेशन में कर्तव्य निर्वाह करते हुए बलिदान हो गए। भारतीय दूतावास की तरफ से हर वर्ष भारतीय स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस पर इस तरह के सैनिकों को सम्मान राशि दी जाती है।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर काठमांडू स्थित दूतावास में ध्वजारोहण किया गया। नेपाल में रहने वाले सैकड़ों भारतीय समुदाय और शुभचिंतकों की उपस्थिति में भारतीय राजदूत श्रीवास्तव ने ध्वजारोहण किया और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की तरफ से भेजे गए संदेश को पढ़ा।

## साउथ अफ्रीका में दिखी बंदरों की एकता, शिकार की तलाश में घूम रहे तेंदुए पर किया हमला

सुदूर क्षेत्र। दक्षिण अफ्रीका के सुदूर क्षेत्र में बंदरों की एकता देखने को मिली, जिन्होंने मिलकर एक तेंदुए पर हमला किया और उसे भगाने में कामयाब रहें। सोशल मीडिया पर इस घटना का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जहां करीब 50 बंदर मिलकर एक तेंदुए पर हमला करते हुए दिखे। यह वीडियो तब रिकॉर्ड की गई, जब इस झड़प ने यातायात को बाधित कर दिया था।

तेंदुआ शिकार की तलाश में सड़क के किनारे घूम रहा था। इसी दौरान बंदरों की एक समूह को भी सड़क पर देखा गया। जब तक तेंदुआ इस समूह पर हमला करता, उससे पहले ही बंदरों ने तेंदुए पर हमला कर दिया। वीडियो को देखकर ऐसा लग रहा था कि पहले बंदरों ने पीछे हटने का मन बनाया था, लेकिन उन्हें जब अपनी संख्या का अंदाजा हुआ तो उन्होंने तेंदुए से भिड़ने की योजना बनाई।

बंदरों ने तेंदुए का पीछा किया और उसे भगा दिया। हालांकि, बंदरों की संख्या देखकर तेंदुए के पास भागने के अलावा कोई दूसरा रास्ता नहीं था। तेंदुए ने पहले साहस दिखाया और बंदरों से लड़ने की कोशिश की, लेकिन अंत में उसने हार मान ली और उसे वहां से भागना पड़ा। इस घटना के कारण यातायात कई देर तक बाधित रहा।

# नेपालः पोखरा में स्कूल जाने के लिए निकली 3 छात्राएं 10 दिनों से लापता

काठमांडू। पोखरा में तीन छात्राओं के 10 दिनों से लापता होने की खबर है। लापता छात्राओं के परिवार वालों ने पुलिस को इसकी जानकारी देते हुए बताया कि तीनों छात्राएं स्कूल जाने के लिए घर से निकली थीं। मामले की जांच कर रही है पुलिस को अब तक कोई सुराग नहीं मिला है।

छात्राओं के लापता होने के 10 वें दिन पुलिस में मामला दर्ज कराया गया। पोखरा पुलिस के प्रवक्ता श्रवण कुमार विक ने बताया कि 4 अगस्त को पोखरा के बिन्दवासिनी क्षेत्र की 14 वर्षीया मनिका परियार, 14 वर्ष की ही राधिका परियार और 13 वर्षीया एलिसा परियार अपने-अपने घरों से स्कूल के लिए निकली पर वापस नहीं लौटी।

पोखरा पुलिस ने कहा कि परिवार की तरफ से 10 दिनों बाद



सूचना दिया जाना भी संदेह पैदा करता है। फिर भी लगातार उनके बारे में पता लगाने की कोशिश की जा रही है। पुलिस यह भी पता लगाने की कोशिश कर रही है कि तीन लड़कियों के लापता होने के 10 दिनों तक परिवार वालों ने पुलिस को खबर क्यों नहीं की? इसी बीच मनिका परियार के परिवार वालों ने बताया कि बाकी दोनों छात्राओं ने अपने परिवार वालों को फोन पर संपर्क किया था लेकिन उन्होंने यह नहीं बताया कि वे लोग अभी कहां हैं। तीनों ने स्कूल ड्रेस पहना हुआ है। पुलिस और परिवार वालों ने उनके सभी रिश्तेदारों के यहां पता लगाया पर कहीं से कोई सुराग नहीं मिला है। पोखरा पुलिस अब शहर के सीसीटीवी खंगाल रही है। 10 दिनों से लापता हुई मनिका और राधिका परियार पोखरा के राष्ट्रीय माध्यमिक विद्यालय में पढ़ती थी जबकि एलिसा बरपाटन माध्यमिक विद्यालय में पढ़ती थी। दोनों ही स्कूल से यह पता लगा है कि जिस दिन ये छात्राएं घर से स्कूल जाने के लिए निकली थी, उस दिन ये स्कूल पहुंची ही नहीं।

# अनवार-उल-हक काकर ने पाकिस्तान के 8वें अंतरिम प्रधानमंत्री के रूप में ली शपथ

इस्लामाबाद। पूर्व सीनेटर और बलूचिस्तान अवामी पार्टी (बीएपी) के नेता अनवार-उल-हक काकर ने पाकिस्तान के आठवें कार्यवाहक प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने ऐवान-ए-सदर में काकर को शपथ दिलाई, जिसमें पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और पूर्व कैबिनेट सदस्य मौजूद थे। इस मौके पर सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर, ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ कमेटी के अध्यक्ष जनरल साहिर शमशाद मिर्जा, सीनेट के अध्यक्ष सादिक संजरानी और अन्य उच्च पदस्थ अधिकारी भी मौजूद थे।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज ने रविवार देर रात राष्ट्र के नाम अपने विदाई संबोधन में कहा, 'मुझे स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराने की कार्यवाहक प्रधानमंत्री की क्षमता पर भरोसा है। इसके बाद 8वें अंतरिम प्रधानमंत्री के रूप में पूर्व सीनेटर और बलूचिस्तान अवामी पार्टी (बीएपी) के नेता अनवार-उल-हक काकर की नियुक्ति का पूर्व सरकार और विपक्ष के राजनेताओं ने स्वागत किया था और उम्मीद जताई थी कि अंतरिम प्रधानमंत्री देश में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करेंगे।महीनों से राजनीतिक और आर्थिक अस्थिरता से जूझ रहे पाकिस्तान की कमान संभालने के साथ काकर का पहला काम देश को चलाने के लिए एक कैबिनेट का चयन करना है, क्योंकि यह एक चुनावी दौर में है, जो महीनों तक चल सकता है। संसद को पिछले सप्ताह आधिकारिक रूप से भंग कर दिया गया था और संविधान के अनुसार 90 दिनों के भीतर चुनाव होने थे। हालांकि, नवीनतम जनगणना के आंकड़े आखिरकार इस महीने की शुरुआत में प्रकाशित किए गए और निवर्तमान सरकार ने कहा कि चुनाव आयोग को निर्वाचन क्षेत्र की सीमाओं को फिर से निर्धारित करने के लिए समय चाहिए। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष इमरान खान को अप्रैल 2022 में अविश्वास मत से प्रधानमंत्री पद से बर्खास्त किए जाने के बाद से देश में राजनीतिक उथल-पुथल मची हुई है। उन्हें पांच साल के लिए इस पद के चुनाव के लिए अयोग्य घोषित कर दिया गया है, लेकिन वह अपनी सजा और दोषसिद्धि के खिलाफ अपील कर रहे हैं। काकर का जन्म 1971 में बलूचिस्तान के किला सैफुल्ला जिले के मुस्लिम बाग में हुआ था और उन्होंने क्वेटा के सेंट फ्रांसिस स्कूल से अपनी प्राथमिक शिक्षा प्राप्त की थी। आठवें कार्यवाहक प्रधानमंत्री पश्तून जातीयता के काकर जनजाति से हैं। पूर्व सीनेटर ने बाद में कैडेट कॉलेज, कोहाट में दाखिला लिया। हालांकि, अपने पिता के निधन के बाद वह क्वेटा लौट आए। तब से उन्होंने बलूचिस्तान विश्वविद्यालय से राजनीति विज्ञान और समाजशास्त्र में मास्टर डिग्री प्राप्त की। काकर का करियर उनके पैतृक शहर के एक स्कूल में पढ़ाने के साथ शुरू हुआ। वह 2008 में नेशनल असेंबली सीट के लिए पीएमएल-क्यू के टिकट पर राजनीति में आए थे, लेकिन बाद में पीएमएल-एन में शामिल हो गए। इसके बाद उन्होंने 2013-15 तक लगभग 3 वर्षों तक बलूचिस्तान के तत्कालीन मुख्यमंत्री सनाउल्लाह जेहरी के प्रवक्ता के रूप में कार्य किया। बाद में वह 2018 में एक स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में सीनेट के लिए चुने गए। इसके तुरंत बाद उन्होंने सीनेटर सैयद सईद अहमद हाशमी की मदद से बीएपी के गठन की घोषणा की।

सीनेट में काकर वित्त और राजस्व, विदेश मामलों और विज्ञान और प्रौद्योगिकी पर स्थायी समितियों का हिस्सा बने रहे और उच्च सदन में प्रवासी पाकिस्तानियों और मानव संसाधन के लिए स्थायी समिति के अध्यक्ष के रूप में भी कार्य किया। उनके पीएमएल-एन और पीपीपी सहित मुख्यधारा के राजनीतिक दलों के साथ भी अच्छे संबंध हैं।

## रूस ने यूक्रेन के ओडेसा बंदरगाह को फिर बनाया निशाना, मार गिराए 13 शाहिद ड्रोन

काठमांडू। रूस ने बीती रात दक्षिणी यूक्रेन के बंदरगाह शहर ओडेसा पर फिर से हवाई हमले किए। वहीं, उसने शहर की ओर निशाना बनाकर दागे गए 13 शाहिद ड्रोन मार गिराए। इसके अलावा डेन्यूब नदी पर स्थित एक बंदरगाह को भी क्षतिग्रस्त कर दिया।

**किसी के हताहत की खबर नहीं**

ओडेसा के गवर्नर ओलेह कीपर ने बुधवार को बताया कि डेन्यूब में स्थित बंदरगाह और अनाज बुनियादी ढांचा को मुख्य रूप से निशाना बनाया गया था। हालांकि, कीपर का कहना है कि हमले में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है।



**शहीद ड्रोनों को किया नष्ट**

दक्षिण में यूक्रेन के ऑपरेशनल कमांड ने कहा कि रूस ने उस क्षेत्र पर हमला किया, जहां एक बंदरगाह स्थित है। साथ ही अनाज और कृषि मशीनरी वाले हैंगर को भी नष्ट कर दिया। वहीं, यूक्रेन की वायु सेना का कहना है कि उसने ओडेसा और पड़ोसी मायकोलाइव क्षेत्र में 13 शहीद ड्रोनों को नष्ट कर दिया है।

**यूक्रेन ने फिर किया कब्जा**

इस बीच, यूक्रेन के सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ के प्रवक्ता एंड्री कोवालिओव ने बुधवार सुबह बताया कि उनकी सेना ने पूर्वी डोनेट्स्क क्षेत्र के उरोजाइन गांव पर दोबारा कब्जा कर लिया है, जहां हाल के दिनों में भीषण लड़ाई हुई थी। बता दें, रूस के कब्जे वाले डोनेट्स्क शहर से लगभग 100 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में स्थित उरोजाइन, स्टारोमायोर्सके गांव के पास स्थित है, जिस पर यूक्रेनी सैनिकों ने लगभग दो सप्ताह पहले दोबारा कब्जा कर लिया था।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ ऊना ▸ 17 अगस्त 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# यूपी: ग्रामीण आबादी को स्वच्छ पेयजल का तोहफा

## स्वतंत्रता दिवस पर राज्य के डेढ़ करोड़ से अधिक ग्रामी□ परिवारों तक पहुंचा नल से स्वच्छ पेयजल, हर घर को नल से जल पहुंचने से खिल उठे ग्रामीणों के चेहरे

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

**योगी** सरकार ने 77वें स्वतंत्रता दिवस पर राज्य की नौ करोड़ ग्रामीण आबादी को शुद्ध पेयजल का अब तक का सबसे बड़ा तोहफा दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन से 15 अगस्त को राज्य के 1,50,27,692 ग्रामीण परिवारों को स्वच्छ पेयजल मिलने लगा। स्वच्छ पेयजल की धार ग्रामीणों के घरों तक पहुंचने से उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। योजना से लाभान्वित होने वाले ग्रामीणों ने इस खुशी को गांव-गांव में मिलकर मनाया। इस उपलब्धि में अहम भूमिका निभाने वाले अधिकारियों-कर्मियों को योगी सरकार ने पुरस्कार देने का एलान किया है।

**यूपी में प्रतिदिन दिए जा रहे 40 हजार से अधिक नल कनेक्शन:** उत्तर प्रदेश में जल जीवन मिशन की हर घर जल योजना से प्रतिदिन 40 हजार से अधिक नल कनेक्शन दिए जा रहे हैं।

इसके साथ ही यूपी एक दिन में देश में अन्य सभी राज्यों से सबसे अधिक नल कनेक्शन देने वाला राज्य बन गया है। बड़ी आबादी होने के बावजूद यूपी संख्या के मामले में सर्वाधिक नल कनेक्शन देने वाला दूसरा राज्य भी है। बिहार को छोड़कर बाकी सभी राज्य उत्तर प्रदेश से पीछे हैं।





### रोजगार की दिशा में योजना के बढ़ते कदम

**हर** घर को जल पहुंचाने के साथ यह योजना युवाओं को रोजगार से जोड़ने की दिशा में भी तेजी से बढ़ रही है। योजना के तहत गांव-गांव में 1,16,366 युवाओं को प्लंबिंग, 1,16,366 इलेक्ट्रीशियन, 1,16,366 मोटर मैकेनिक, 1,16,366 फिटर, 1,74,549 राजमिस्त्री, 1,16,366 पम्प ऑपरेटर्स का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवा अपने गांव में पानी सप्लाई में आने वाली समस्याओं को दूर करेंगे। महिलाओं को स्वाबलंबी बनाने की दिशा में योजना से 4 लाख 80 हजार से अधिक महिलाओं को पानी जांच का



प्रशिक्षण दिया जा चुका है। यह महिलाएं गांव-गांव जाकर पानी की जांच कर रही हैं।

## माटी कला को बढ़ावा देगी सरकार

**टीम एक्शन इंडिया/गोरखपुर**

**उत्तर** प्रदेश में माटीकला को बढ़ावा देने के लिए प्राविधानित धनराशि की दूसरी किस्त के रूप में 01.66 करोड़ रुपये जल्द ही जारी किए जाएंगे। जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी एके पाल के मुताबिक राज्य सरकार द्वारा बजट में प्राविधानित धनराशि के अंतर्गत माटीकला बोर्ड से प्रदेश में माटीकला को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न मदों में होने वाले खर्चे समेत विस्तृत कार्ययोजना मांगी थी।

माटीकला बोर्ड द्वारा सौंपी गई कार्ययोजना एवं संबंधित योजनाओं के संचालन के लिए अनुमानित व्यय को ध्यान में रखकर ही इस आर्थिक अनुदान को स्वीकार किया गया है। इसी के आधार पर उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड को आर्थिक अनुदान की दूसरी किस्त के तौर पर 01.66 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

उत्तर प्रदेश की लोक कलाओं, ग्राम्य परिवेश एवं ग्रामीण परंपराओं को प्रश्रय और लघु एवं ग्रामीण उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत सरकार ने अब माटीकला को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में माटीकला को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाओं के संचालन व अन्य जरूरी मदों में राज्य सरकार ने कुल 10 करोड़ रुपये का प्रावधान किया था। इसमें से अभी केवल 01.66 करोड़ रुपये ही बोर्ड को पहली किस्त के तौर पर प्राप्त हुए हैं, जबकि शेष 08.33 करोड़ रुपये की धनराशि का आवंटन लंबित था, लेकिन अब उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड को कुल प्राविधानित धनराशि में से आर्थिक अनुदान के तौर पर दूसरी किस्त की अदायगी किए जाने की वित्तीय स्वीकृति मिल गई है।

## फास्ट न्यूज

### केन्द्रीय गृहमंत्री शाह 20 अगस्त को रायपुर आएंगे

**रायपुर।** विधानसभा चुनाव को देखते हुए विभिन्न राजनीतिक दलों के राष्ट्रीय नेताओं के दौरे शुरू हो चुके हैं। 20 अगस्त को केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह रायपुर दौरे पर रहेंगे। वे रायपुर के साइंस कॉलेज ग्राउंड में जनजातीय मंत्रालय की ओर से आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। पार्टी सूत्रों के अनुसार वे चुनावी तैयारियों की समीक्षा भी कर सकते हैं। वहीं 26 अगस्त को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे महासमुंद आएंगे। इसी तरह 02 सितंबर को राहुल गांधी और 19 सितम्बर को केसी वेणुगोपाल का छत्तीसगढ़ दौरा होने वाला है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल 19 अगस्त को छत्तीसगढ़ दौरे पर रायपुर आ रहे हैं। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का प्रदेश में दूसरा दौरा होगा। इससे पहले खड़गे प्रदेश के अनुसूचित जाति बाहुल्य जांजगीर-चांपा जिले में पिछले दिनों भरोसे का सम्मेलन में शामिल हुए थे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बताया कि राजीव गांधी किसान न्याय योजना और भूमिहीन श्रमिक न्याय योजना की राशि वितरण का कार्यक्रम महासमुंद में आयोजित किया जाएगा, जिसमें खड़गे शामिल होंगे।

### राजस्थान: 24 हजार 681 करोड़ निवेश के 7 प्रस्ताव मंजूर

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य में 24 हजार 681 करोड़ रुपये के निवेश को प्रोत्साहन देने के लिए 7 परियोजनाओं को कस्टमाइज्ड पैकेज देने की मंजूरी दी है। बोर्ड ऑफ इन्वेस्टमेंट की पांचवी बैठक में मंजूर प्रस्तावों से 10 हजार से अधिक लोगों के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। प्रदेश में निवेश बढ़ाने के लिए राज्य सरकार द्वारा गत साढ़े चार वर्षों में कई महत्वपूर्ण नीतियां एवं कार्यक्रम लागू किए हैं। राजस्थान में एमएसएमई नीति, राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना (रिप्स-2019), रिप्स 2022, राजस्थान इंडस्ट्रियल डवलपमेंट पॉलिसी-2019, वन स्टॉप शॉप प्रणाली एवं सिंगल विंडो सिस्टम के माध्यम से उद्यमियों एवं निवेशकों को कई तरह की सुविधाएं दी जा रही हैं। इससे प्रदेश में निवेश एवं रोजगार में वृद्धि हुई है।
पर विनिधान बोर्ड (बोर्ड ऑफ इन्वेस्टमेंट) की पांचवी बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मिशन 2030 के तहत राजस्थान को अग्रणी राज्यों में शामिल करने का संकल्प राज्य सरकार द्वारा लिया गया है एवं औद्योगिक विकास एवं निवेश में वृद्धि की इसमें अहम भूमिका है। वर्ष 2030 तक राज्य की जीडीपी को करीब ढाई गुना बढ़ाकर 35.71 लाख करोड़ रुपए ले जाने का हमारा लक्ष्य है। वर्ष 2018-19 में प्रदेश की जीडीपी करीब 9 लाख 11 हजार करोड़ रुपए थी जोकि आज करीब 14.14 लाख करोड़ रुपये हो गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में सौर ऊर्जा की अपार संभावनाएं हैं। इसके लिए सोलर पार्क लगाए जा रहे हैं। सोलर पार्क में लगने वाले कॉम्पोनेन्ट्स की उत्पादन इकाईयां भी राज्य में लगाए जाने की संभावनाएं तलाशी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि इससे राज्य के राजस्व में वृद्धि होगी, रोजगार बढ़ेंगे तथा सोलर पार्क लगाने वाली इकाईयों को सुगमता से मॉड्यूल्स व कॉम्पोनेन्ट्स उपलब्ध हो सकेंगे। गहलोत ने औद्योगिक क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के लिए भी अधिकारियों को निर्देश दिए।

## पांच साल बाद नीतीश को अटल की आई याद



**टीम एक्शन इंडिया/पटना/नई दिल्ली**

**अटल** बिहारी वाजपेई की मृत्यु के 5 साल बाद नीतीश कुमार को अचानक बाजपेई जी याद आ गए। बुधवार को नई दिल्ली स्थित समाधिस्थल सदेव अटल पर पहली बार हुआ जब नीतीश कुमार अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देने दिल्ली पहुंचे। आज से पांच साल पहले यानि 16 अगस्त 2018 को भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का निधन हो गया था। दिल्ली पहुंचे नीतीश कुमार दोपहर करीब दो बजे अटल बिहारी वाजपेयी के समाधिस्थल पर पहुंचे और पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।उसके बाद नीतीश कुमार ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी उनसे बहुत स्नेह करते थे। नीतीश ने कहा-अटल जी ने मुझे केंद्र में कई महत्वपूर्ण जिम्मेवारी दी थी। मुझे मुख्यमंत्री बनाने में उनकी भूमिका थी और जब मैं पहली बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ले रहा था तो वे शपथग्रहण समारोह में भी पहुंचे थे। नीतीश कुमार ने कहा कि जब 2018 में अटल जी का निधन हुआ था तो मैं यहां आया ही था।लेकिन बीच में कोराना के कारण यहां नहीं आ पाया था। हालांकि नीतीश कुमार की ये दलील हास्यास्पद ही थी। कोरोना के कारण सिर्फ 2020 में स्व.अटल बिहारी वाजपेयी के समाधिस्थल पर श्रद्धांजलि समारोह नहीं हुआ था। इसके अलावा हर साल उनकी पुण्यतिथि पर वहां श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया।

**श्रद्धांजलि**

> अटल जी ने मुझे केंद्र में कई महत्वपूर्ण जिम्मेवारी दी थी। मुझे मुख्यमंत्री बनाने में उनकी भूमिका थी: नीतीश



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लोकभवन में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद ग्रुप फोटो में मंत्रियों के साथ।

## पाक झंडे की क्लिप लगाने पर दो गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**

**मुंबई** पुलिस ने सोशल मीडिया पर पाकिस्तान के स्वतंत्रता दिवस समारोह की एक क्लिप पोस्ट करने के आरोप में दो कॉलेज छात्रों को गिरफ्तार किया है। कोलाबा के रहने वाले दो पुरुष छात्रों को सोमवार की देर रात गिरफ्तार किया गया था, लेकिन फिर चेतावनी देने के बाद उन्हें छोड़ दिया गया था। कोलाबा पुलिस के अनुसार दोनों छात्रों ने ने अपने इंस्टाग्राम पाकिस्तानी झंडे की एक क्लिप अपने स्टेटस में पोस्ट की थी। कोलाबा के एक व्यापारी ने पुलिस को इसकी जानकारी दी थी। उन्होंने दावा किया कि इलाके के छात्रों ने पाकिस्तान के स्वतंत्रता दिवस के बारे में अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया है। शिकायत के आधार पर आतंकवाद निरोधी टीम (एटीएस) ने सोमवार की रात छात्रों को पकड़ा और उन्हें कालाबा पुलिस स्टेशन लेकर आए। दोनों छात्रों को सीआरपीसी की धारा 151(3) के तहत गिरफ्तार किया गया था। एटीएस और पुलिस ने दोनों छात्रों से वीडियो के बारे में पूछताछ की। उन्होंने बताया कि उनके किसी दोस्त ने उन्हें वीडिया भेजा था।

## सरकार से एनवाईसी कर्मचारियों की मांगें हल करने की मांग की

**जम्मू।** पूर्व मंत्री सत शर्मा ने एलजी प्रशासन से एनवाईसी के कर्मचारियों की शिकायतों पर गौर करने और उनका जल्द से जल्द समाधान करने पर जोर दिया है। उन्होंने यह बात जम्मू स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित अपने जनता दरबार के दौरान कही, जहां बड़ी संख्या में प्रतिनिधिमंडल और व्यक्ति अपनी शिकायतें साझा करने और उन्हें हल करने में मदद मांगने के लिए पहुंचे थे। सत शर्मा ने कहा कि जेकेएनवाईसी के एक प्रतिनिधिमंडल ने, अपने अध्यक्ष आसिफ अली भट के नेतृत्व में, अपनी नौकरियों से संबंधित अपनी चिंताओं को उठाया।

## नीतीश के 'अटल प्रेम' से बीजेपी सतर्क

**टीम एक्शन इंडिया/पटना**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का 'अटल प्रेम' प्रदेश भाजपा के बड़े नेताओं को कुछ हद तक डराने भी लगा है। ऐसे नेताओं के मुताबिक पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की प्रशंसा नीतीश कुमार अकारण नहीं कर रहे हैं। असल में वे भाजपा नेताओं को आपस में लड़ाने का यत्न कर रहे हैं। राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी और विपक्ष के नेता विजय कुमार सिन्हा ने बुधवार को अपने अंदाज में नीतीश के अटल प्रेम पर प्रहार किया। अटल अजातशत्रु थे।



सभी दलों के नेता उनका सम्मान करते हैं। लेकिन, नीतीश जिस अंदाज में उनकी प्रशंसा करते हैं, वह झगड़ा लगाने वाला है। नीतीश इन दिनों लालकृष्ण आडवाणी की भी प्रशंसा कर रहे हैं। मगर, एक समय जब आडवाणी का नाम प्रधानमंत्री पद के लिए प्रस्तावित किया गया था, नीतीश उनके पक्ष में नहीं थे।




**प्रयोगशाला** प्राचीन ग्रंथों वानस्पतिक ज्ञान भंडार को सामने लाने का प्रयास करना चाहिए : दुर्गा शंकर

## 'प्राचीन ग्रंथों में भी वानस्पतिक ज्ञान का भंडार उपलब्ध'

**प्रदर्शनी**

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

सीएसआरआई-एनबीआरआई के प्रयोगशाला कार्यक्रम में पादप विविधता, वर्गिकी एवं पाद्पालय पर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने कहा कि हमारे प्राचीन ग्रंथों में भी अपार वानस्पतिक ज्ञान का भण्डार उपलब्ध है। अतः वैज्ञानिकों को इस ज्ञान को भी सामने लाने के प्रयास किये जाने चाहिये। उन्होंने कहा कि पारिस्थितिकी तंत्रों के



बढ़ते क्षरण को कम करने के लिए हमें ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने होंगे और इसके लिए लोगों को जागरूक भी करना होगा। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिकों को अपने कार्य पर गर्व होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस तरह से विभिन्न पादप प्रजातियां तेजी से विलुप्त हो रही हैं, ऐसे में इनके अभिलेखन में वर्गिकी अध्ययनों एवं पादपालय (हरबेरियम) का बहुत महत्व है। उन्होंने इस अवसर पर जारी किए गए उत्तर प्रदेश के ई-फ्लोरा तथा उत्तर प्रदेश के पादप संसाधन पुस्तक को एक बड़ी उपलब्धि बताया। संस्थान के निदेशक डॉ. ए के शासनी ने बताया कि पादप विविधता, वर्गिकी एवं पाद्पालय विषय सम्बंधित थीम पर आयोजित कार्यक्रमों में से प्रमुख रूप से भारत के राज्यों के राजकीय फूलों की सचित्र प्रदर्शनी, पादप विविधता में वर्गीकरण की द्विनाम पद्धति के जनक कैरोलस लिनियस द्वारा वगीर्कृत किये गए पौधों को प्रदर्शित करती हुई।

> बढ़ते क्षरण को कम करने के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने होंगे और इसके लिए लोगों को जागरूक भी करना होगा